डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें
या टेलीग्राम में सर्च करें @rojgaraurnirman

रोजगार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 11.03.2024 से 17.03.2024 ▶ वर्ष-41 ▶ अंक-11 ▶ मूल्य ₹ 10.00

संक्षिप्त खबर

संकल्पों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये समिति गठित

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में देव-स्थानों के संबंध में लिये गये निर्णयों एवं संकल्पों के समय-सीमा में तथा प्रभावी क्रियान्वयन के लिये मंत्रि-परिषद समिति गठित की गई है। समिति में नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी और कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल सदस्य होंगे। मुख्य सचिव इस समिति के सदस्य होंगे एवं अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग समिति के समन्वयक होंगे।

इंदौर में भिक्षुक पुनर्वास केन्द्र का हुआ शुभारंभ

भोपाल, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि इंदौर की तर्ज पर प्रदेश के अन्य शहरों को भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाने का अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में समाज की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। श्री कुशवाह ने स्माइल परियोजना के तहत इंदौर में भिक्षुक पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ किया। श्री कुशवाह ने कहा कि इंदौर में इस अभियान को मिल रही सफलता को देखते हुए अब प्रदेश के अन्य शहरों में भी इस तरह का अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश स्तरीय अभियान की शुरुआत सबसे पहले उज्जैन शहर से की जाएगी।

प्रदेश की तीन विभूतियां संगीत नाटक अकादमी से हुईं पुरस्कृत

भोपाल, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने विज्ञान भवन में आयोजित एक अलंकरण समारोह में प्रदेश की तीन विभूतियों को वर्ष 2023 के संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने रंगमंच के क्षेत्र में श्री राजीव वर्मा और श्री अनूप जोशी तथा संगीत के क्षेत्र में सुश्री कलापिनी कोमकली को ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कृत विजेताओं को अंगवस्त्रम और एक लाख रुपए की नगद धनराशि भी प्रदान की गई। श्री राजीव वर्मा को रंगमंच अभिनय में, श्री अनूप जोशी को संबद्ध नाट्यकला- प्रकाश विन्यास में तथा सुश्री कलापिनी कोमकली को हिंदुस्तानी गायन संगीत में विशिष्ट योगदान के लिए अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

श्री रामलला के दरबार में मंत्रि-परिषद के सदस्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित मध्यप्रदेश मंत्री-परिषद के सदस्यों ने विगत दिनों अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अयोध्या धाम पहुंचकर भगवान श्रीराम के दर्शन करने से जीवन धन्य हो गया है। कई जन्मों के पुण्य का प्रसाद है यह दर्शन। ऐसा प्रतीत होता है कि यहां प्रभु राम स्वयं अपने रूप में विराजमान हैं।

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री ने प्रदेश को दी 118 करोड़ 72 लाख की सौगात

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में चल रहा 'सांस्कृतिक अनुष्ठान'

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट में कार्यक्रम को संबोधित किया

सतना। जन भागीदारी से पर्यटन स्थलों का चयन और विकास किया जाएगा। इसके लिए "देखो अपना देश-पीपुल्स चॉइस अभियान" लॉन्च किया गया है। पीपुल्स चॉइस में अग्रणी सूची में आने वाले स्थलों का पर्यटन स्थलों के रूप में विकास किया जाएगा। यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू कश्मीर के श्रीनगर से पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के अंतर्गत 9 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण अवसर पर कही। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चित्रकूट से शामिल हुए। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना में 118 करोड़ 72 लाख की कुल लागत से ग्वालियर और चित्रकूट एवं प्रसाद योजना में अमरकंटक और पीतांबरा पीठ मंदिर दतिया के विकास कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेश दर्शन के तहत 6 परियोजनाएं देश को समर्पित की गई हैं। सरकार ने 40 से ज्यादा स्थलों की पहचान की है, जिन्हें अगले 2 वर्षों में पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

चित्रकूट विकास प्राधिकरण का गठन

मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के समन्वित विकास और उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश के नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत क्षेत्र में समन्वय स्थापित कर चित्रकूट के समग्र विकास के लिए चित्रकूट विकास प्राधिकरण के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सांस्कृतिक अनुष्ठान चल रहा है। हमें हमारी सनातन संस्कृति पर गर्व है।

विश्व में बढ़ाया गौरव

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीनगर की कीर्ति को पुनः स्थापित किया है। धारा 370 हटाकर भारतीयों के आत्म सम्मान और हम सब के गौरव को विश्व में बढ़ाया है। सम्राट विक्रमादित्य के समय वैभवशाली कश्मीर के कई विद्वान उज्जयनी पधारे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 27 करोड़ की लागत से चित्रकूट के घाटों का विकास किया जाएगा। भारत में नदी घाटी सभ्यता विकसित हुई है। हमारी सांस्कृतिक परंपराओं में इसका प्रभाव स्पष्टतः परिलक्षित होता है।

आईआईटी की तर्ज पर मध्यप्रदेश में इंजीनियरिंग कॉलेज किए जाएंगे विकसित

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति जीवंत और अनुसंधानात्मक है। संस्कृति की इसी विशेषता से यहां हजारों वर्षों से रिसर्च को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है। हमारा संकल्प है कि मध्यप्रदेश में आईआईटी की तर्ज पर प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेज विकसित किए जाएंगे। आईआईटी के समान कैंपस तैयार किए जाएंगे। ज्ञान के प्रसार को इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी भी सीख सकेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन से भारत को तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी देश बनाने के प्रयासों को गति मिली है। सैटेलाइट परिसर की स्थापना से मध्यप्रदेश में तकनीकी शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता अनुभावतमक विद्यार्जन (डीप-टेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर) केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उज्जैन के इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन अत्याधुनिक लैब खगोल विज्ञान एवं अंतरिक्ष अभियांत्रिकी धरोहर, नवाचार केंद्र, लेजर इंजिनियरिंग लैब और मेकर स्पेस लैब का उद्घाटन किया।

हिंदी ग्रंथ अकादमी की पुस्तकें महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में भी हों उपलब्ध

भोपाल, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी की कार्यसमिति एवं प्रबंधक मंडल की बैठक उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में हुई। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में 'आत्मनिर्भरता' विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ है।

बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि अकादमी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। इसके लिए विपणन व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। अकादमी की पुस्तकें प्रदेश के प्रत्येक महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में उपलब्ध हों, ताकि विद्यार्थी इन महत्वपूर्ण किताबों का लाभ ले सकें। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम आधारित पुस्तकों की सुगमता से समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग को अकादमी के साथ समन्वय कर प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या साझा करने के निर्देश दिए जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध कराई जा सकें।

बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में 'भारतीय ज्ञान परम्परा' विषय पर आधारित पुस्तिका के प्रकाशन के लिए भी स्वीकृति दी गई।

मुख्यमंत्री ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले नगरीय निकायों को किया पुरस्कृत

भोपाल, शहरों में स्वच्छता, मेट्रो जैसे अत्याधुनिक परिवहन साधन, युवाओं को रोजगार आज की प्राथमिकताएं हैं। एक बहुआयामी कार्यक्रम के माध्यम से इन क्षेत्रों में प्रोत्साहन, नए कार्यों की शुरूआत और नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने लाल परेड मैदान में आयोजित समारोह में कही। समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में श्रेष्ठ कार्य करने वाले नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक लघु कुंभ की तरह है, जिसमें अलग-अलग तरह के हितग्राहियों, शासकीय सेवकों और संस्थाओं को पुरस्कृत किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगरीय निकायों के विकास कार्यों के लिए 1000 करोड़ रुपए की राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर भोपाल मेट्रो परियोजना के दूसरे चरण के लिए 8 स्टेशनों का भूमिपूजन भी किया गया। डॉ. यादव ने कहा कि एक समय था जब मेट्रो ट्रेन प्रदेशवासियों के लिए एक स्वप्न थी। भोपाल और इंदौर के बाद जबलपुर, ग्वालियर और प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों में भी मेट्रो रेल लाइन के निर्माण की योजना है।

इन निकायों को मिला पुरस्कार

स्वच्छतम शहर इंदौर के महापौर श्री पुष्य मित्र भार्गव और श्रेष्ठ स्वच्छ राजधानी का पुरस्कार भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय ने ग्रहण किया। इसके अलावा विभिन्न श्रेणियों में उज्जैन, सौंसर, मुंगावली, नौरोजाबाद, अमरकंटक, बुदनी, बदनावर, विदिशा, शाजापुर और खंडवा निकायों के पदाधिकारी भी पुरस्कृत हुए। प्रदेश के कुल 47 नगरीय निकाय, 4 संभाग, 3 जिलों, राज्य के रूप में मध्यप्रदेश और एक एसबीएम टीम सहित कुल 65 अवॉर्ड्स प्रदान किये गये।

2 मार्च

हमेशा प्रासंगिक रहेंगे संत कवि भीमा भोई

● राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा के संबलपुर में महिमा पंथ की एक बैठक

को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने संत कवि भीमा भोई के लिए अपना सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं और आदर्श हमेशा उनके लिए प्रेरणा का स्रोत रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि संत कवि भीमा भोई इसका अनूठा उदाहरण हैं कि औपचारिक शिक्षा के बिना भी उच्च गुणवत्ता वाले साहित्य की रचना की जा सकती है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि संत कवि भीमा भोई के पास अद्वितीय अंतर्दृष्टि थी। यही कारण है कि उन्होंने अनेक कालजयी छंदों की रचना की, जो आज भी सभी जगह गाए जाते हैं। भीमा भोई के कार्यों में सबके हित में सामाजिक समानता एवं आदर्श प्रतिबिंबित होता है और वे हमेशा प्रासंगिक रहेंगे।

● भारत सरकार ने प्रेस और पत्रिकाओं का पंजीकरण (पीआरपी) अधिनियम, 2023 और इसके नियमों को अपने राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। यह अधिनियम 1 मार्च 2024 से लागू हो गया है। अब पत्रिकाओं का पंजीकरण प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम), 2023 और प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण नियमों के प्रावधानों के अनुसार होगा। डिजिटल इंडिया के मूल्यों के अनुरूप नया अधिनियम देश में समाचार पत्रों और अन्य पत्रिकाओं के पंजीकरण की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली प्रदान करेगा। नई प्रणाली मौजूदा प्रक्रियाओं को बदल देगी। उल्लेखनीय है कि पुरानी प्रक्रिया कई चरणों में पूर्ण होती थी जो प्रकाशकों के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का कारण बन रही थी।

3 मार्च

हज यात्रियों के लिए हज सुविधा ऐप लॉन्च

● केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी ने हज यात्रियों के लिए हज सुविधा ऐप लॉन्च किया। यह ऐप बीआईएसएजी-एन द्वारा विकसित किया गया है। हज सुविधा ऐप हज यात्रियों को समस्त आवश्यक जानकारी और प्रशिक्षण मॉड्यूल, उड़ान विवरण, आवास, आपातकालीन हेल्पलाइन, स्वास्थ्य इत्यादि जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं तक सीधी पहुंच प्रदान करेगा। यह ऐप हज यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान आने वाली सामान्य समस्याओं का समाधान प्रदान करेगा। यह ऐप विशेष रूप से उन हज यात्रियों के लिए उपयोगी साबित होगा जो पहली बार हज यात्रा पर जा रहे हैं।

● केंद्रीय पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'ओशन

ग्रेस' नामक 60टी बोलार्ड पुल टग और मेडिकल मोबाइल यूनिट (एमएमयू) का उद्घाटन किया। ओशन ग्रेस भारत में निर्मित पहला एएसटीडीएस टग है जिसे एमओपीएसडब्ल्यू के तहत कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने विकसित किया है। इस दौरान श्री सोनोवाल ने कहा कि पारादीप पत्तन प्रगति और विकास का एक शानदार उदाहरण है। हर साल यह यातायात प्रबंधन में नए मानक स्थापित करता है। उल्लेखनीय है कि 45 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 'ओशन ग्रेस' टग (बड़े जहाजों को खींचने वाली छोटी नाव) समुद्री इंजीनियरिंग की बेहतरीन देन है।

4 मार्च

डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म और 'चक्षु' सुविधा शुरू

● केंद्रीय संचार, और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी

वैष्णव ने 'डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी)' लॉन्च किया। यह प्लेटफॉर्म साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से हितधारकों के बीच समन्वय के लिए लॉन्च किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नागरिकों को संचार साथी पोर्टल पर संदिग्ध धोखाधड़ी संचार की सक्रिय रूप से सूचना देने के लिहाज से सशक्त बनाने के लिए एक प्रमुख पहल 'चक्षु' सुविधा शुरू की गई है। सरकार सुरक्षित भारत परियोजना के तहत राष्ट्रीय, संगठनात्मक और व्यक्तिगत तीन स्तरों पर साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

● रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने डेफकनेक्ट 2024 कार्यक्रम के दौरान महत्वपूर्ण और राजनीतिक रक्षा प्रौद्योगिकियों में नवाचारों को प्रोत्साहन देने के लिए रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) योजना के साथ एसिंग डेवलपमेंट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज (एडीआईटीआई-अदिति) योजना का शुभारम्भ किया। इस योजना के अंतर्गत रक्षा प्रौद्योगिकी में स्टार्ट-अप, अनुसंधान, विकास और नवाचार प्रयासों के लिए 25 करोड़ रुपये तक की अनुदान सहायता राशि प्राप्त करने के पात्र हैं। रक्षा मंत्री ने उद्योग जगत के उद्यमियों, नवप्रवर्तकों और नीति निर्माताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना युवाओं के नवाचार को पोषित करेगी और भारत को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने में सहयोग करेगी।

5 मार्च

सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों और विधायकों की कानूनी छूट समाप्त की

● सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 105 और अनुच्छेद 195 के तहत राज्य विधानमंडलों और संसद के सदस्यों को रिश्वतखोरी के मामलों में दी गई छूट को खत्म कर दिया है। सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट डालने के लिए रिश्वत लेने पर अब कानूनी संरक्षण नहीं दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि कोई भी सांसद या विधायक कानूनी छूट का दावा नहीं कर सकता है क्योंकि दावा सदन के सामूहिक कामकाज से जुड़ा है। अनुच्छेद 105 विचार-विमर्श के लिए एक माहौल बनाए रखने का प्रयास करता है।

● स्वीडन की रक्षा उत्पाद निर्माण कंपनी स्वेन्स्का एयरोप्लान अक्ती बोलागेट (साब) अब भारत में रॉकेट लॉन्चर कार्ल गुस्ताफ एम-4 का निर्माण करेगी। कंपनी ने हरियाणा के झज्जर जिले में इसकी प्रोडक्शन यूनिट की आधारशिला रखी। साब के वाइस प्रेसीडेंट जी. जॉनसन ने कहा कि कार्ल गुस्ताफ कंधे पर रखकर दागे जाने वाला एक अत्याधुनिक रॉकेट है, जो 1500 मीटर की दूरी तक दुश्मन को निशाना बनाने में सक्षम है। इस शानदार उत्पाद का निर्माण भारत में शुरू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि रक्षा परियोजनाओं के मामले में भारत में 100 प्रतिशत एफडीआई हासिल करने वाली यह पहली विदेशी कंपनी है।

6 मार्च

खेलो इंडिया गेम्स के पदक विजेता सरकारी नौकरियों के लिए होंगे पात्र

● भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने खेल विभाग के सहयोग से खिलाड़ियों के लिए भर्ती, पदोन्नति और प्रोत्साहन प्रक्रिया में व्यापक सुधार प्रस्तुत किए हैं। यह अभूतपूर्व कदम अब खेलो इंडिया गेम्स, युवा गेम्स, विश्वविद्यालय गेम्स, पैरा गेम्स और शीतकालीन खेल के पदक विजेताओं की सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होने के लिए पात्रता को बढ़ाता है। खिलाड़ियों को लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए, भर्ती के लिए खिलाड़ियों की पात्रता को मान्य करने वाले प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अधिकृत संस्थाओं के रोस्टर को संशोधित किया गया है। अब, राष्ट्रीय खेल महासंघों के सचिवों (अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए), राज्य संघों के सचिवों (राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए) और विश्वविद्यालयों के डीन या खेल अधिकारियों (अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं के लिए) के पास ऐसे प्रमाणपत्र जारी करने का अधिकार होगा।

● सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) को निर्देश दिए हैं कि वे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) या राज्यों के शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त ओपन स्कूलों को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा(नीट) के लिए मान्यता प्रदान करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद ओपन स्कूलों से बारहवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी भी अब नीट परीक्षा दे सकेंगे। उल्लेखनीय है कि एनएमसी ने वर्ष 1997 के रेगुलेशन ऑन ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन के खंड 4 (2) के प्रावधानों के तहत ओपन स्कूलों के विद्यार्थियों के नीट परीक्षा में बैठने पर रोक लगाई थी, जिसे वर्ष 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट ने असंवैधानिक करार दिया था।

7 मार्च

अल-नीनो के प्रभाव से वर्ष 2024 में भी गर्मी बढ़ना जारी रहेगा

● विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने बताया कि मार्च से लेकर

मई के दौरान अल नीनो प्रभाव के बने रहने की लगभग 60 प्रतिशत संभावना है। डब्ल्यूएमओ के अनुसार अल-नीनो वर्ष 2024 में भी गर्मी बढ़ाना जारी रखेगा। अल-नीनो के प्रभाव स्वरूप मार्च और मई के बीच लगभग सभी क्षेत्रों में सामान्य से अधिक तापमान हो सकता है। अपनी कमजोर प्रवृत्ति के बावजूद आने वाले महीनों में वैश्विक जलवायु पर इसका प्रभाव जारी रहेगा। डब्ल्यूएमओ ने बताया कि वर्तमान में अल-नीनो के प्रभाव के कारण दुनिया भर में तापमान में रिकॉर्ड बढ़ोतरी और मौसम की चरम स्थितियों को दर्ज किया गया। इसी के कारण साल 2023 को अब तक का सबसे गर्म साल भी रहा।

● पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा दिए गए 3 बिलियन डॉलर ऋण की समीक्षा के दौरान भारत ने आईएमएफ से इसकी कड़ी निगरानी करने की आवश्यकता पर बल दिया है। भारत ने आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड से कहा कि इस तरह की निगरानी यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए दी गई राशि को रक्षा खर्च या अन्य देशों के कर्ज को चुकाने में न लगाया जाए। उल्लेखनीय है कि पिछले साल जुलाई में आईएमएफ ने पाकिस्तान को 3 अरब डॉलर का शॉर्ट टर्म स्टैंड-बाय अरेंजमेंट (एसबीए) दिया था। यह कर्ज गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे देशों को आईएमएफ की तरफ से दिया जाता है जो कि अल्पकाल का होता है।

8 मार्च

नाटो का 32वां औपचारिक सदस्य बना स्वीडन

● रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच स्वीडन उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल हो गया है। स्वीडन औपचारिक रूप से नाटो का 32वां सदस्य बना है। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक समारोह में स्वीडन के नाटो में शामिल होने के आधिकारिक दस्तावेज विदेश विभाग में जमा किए। स्वीडन के शामिल होने से नाटो संगठन और अधिक मजबूत और बड़ा हो गया है।

● भारत निर्वाचन आयोग ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि मणिपुर में आगामी लोकसभा चुनाव में राहत शिविरों में विशेष मतदान केंद्र बनाये जायेंगे, ताकि जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोग इन केंद्रों में मतदान कर सकें। इन केंद्रों पर मतों की गिनती निर्दिष्ट मनोनीत सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

Run By SHRI " BHAGWAN MAHAVIR CHARITABLE TRUST MUMBAI "
Sri Parshuram Institute of Technology & Research, Khandwa
APPROVED BY AICTE AND AFFILIATED TO (R.G.P.V & D.A.V.V)
REQUIRED
Application Are Invited Under The College Code-28 of Davv Indore
Professor/Associate Professor/Assistant Professor
For All Subjects of - MBA (Full Time)
Eligibility-Qualification & Pay Scales as per AICTE/UGC Norms
OFFICE SUPERINTENDENT / OFFICE ASSISTANT are also required
Interested Candidates can apply by sending their application & CV on spitrhr@gmail.com within 15 days of Advertisement Published
Mob :- 9039922393 Director, SPITR,KHANDWA
VILLAGE : DHANORA-JASWADI, KHANDWA (M.P.)
R-49617/2024

ADARSH INSTITUTE OF MANAGEMENT & SCIENCE
A. B. Road Dhamnod, Dhar (M. P.)-454552
(Affiliated to D.A.V.V.) NAAC Accredited 'B' Grade
Mob. : 9575056797, 98935-37647, Email: aimsrequirement@gmail.com
Requires (Under College Code- 28)
Professors, Associate Professors, Asst. Professors
● Commerce -(04) ● Zoology-(04) ● Computer Science -(04)
● Chemistry - (04) ● Hindi -(04) ● Political Science -(04)
● Physics - (04) ● English -(04) ● Sociology -(04)
● Biotechnology -(04) ● Life Science -(04)
● Botany - (04) ● Mathematics-(02) ● Sport Officer -(01)
● Office Assistant -(01) ● Librarian -(01) ● Accountant -(01)
● Lab Technician (Biotech, Zoology, Botany, Chemistry, Computer & Physics)
Qualification & Experience as per U.G.C. norms. Salary as per norms
Apply within 10 Days with full details and attested copies & testimonial send to college address and by Email.
Principal
R-49600/2024

वर्ष 41, अंक 11 11.03.2024 से 17.03.2024
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - संदीप यादव
● सम्पादक - रंजना चितले
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में आये निवेश से हुआ स्वर्णिम मध्यप्रदेश का शंखनाद

मध्यप्रदेश में विकास की नई इबारत लिखने के उद्देश्य से पहली बार रीजनल इंडस्ट्री समिट का आयोजन किया गया। भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में पहली बार उद्योग क्षेत्र का दो दिवसीय सार्थक आयोजन संपन्न हुआ। कॉन्क्लेव में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, खनिज, इंजीनियरिंग, कपड़ा, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स, शहरी अधोसंरचना जैसे क्षेत्रों में विविध निवेश के अवसरों का प्रदर्शन किया गया। दो दिन में 2500 से अधिक बॉयर-सेलर बैठकें हुईं, जिनमें भागीदारों का उत्साह सामने आया। उज्जैन में आयोजित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से आगामी वर्षों में मध्यप्रदेश में विकास के नये प्रतिमान स्थापित करने की नींव रखी गई और प्रदेश के स्वर्णिम भविष्य की गाथा लिखने की प्रक्रिया का शंखनाद हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। यही कारण है कि मुख्यमंत्री जी ने स्वयं कॉन्क्लेव में आये कई उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की और उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न 21 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गये। इन स्थानों पर स्थापित होने वाली इकाइयों से प्रदेश में 10 हजार 64 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जो 17 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोज़गार प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कॉन्क्लेव में 283 बड़ी और एमएसएमई इकाइयों को 12 हजार 170 करोड़ रुपये से अधिक निवेश के लिए भूमि आवंटन आदेश भी प्रदान किये। यह कॉन्क्लेव की विशेषता थी, जिसे निवेशकों सहित आमजन और जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सराहा गया। प्रदेश में पहली बार मंच से ही इतनी बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयों को जमीन आवंटन के आदेश प्राप्त हुए हैं। कॉन्क्लेव के माध्यम से सबसे बड़ा निवेश अडानी समूह की तरफ से आया है, जो प्रदेश में 75 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लिए आगे आये हैं। उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में भी पेप्सिको समूह 1250 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है। इससे करीब 500 लोगों को रोज़गार मिलेगा। एलटीआई माइंड ट्री ने राज्य शासन के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत सुपर कॉरिडोर इंदौर में संस्थान के प्रस्तावित परिसर में 500 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके लिए सरकार की आईटी नीति के तहत संस्थान को 10 एकड़ जमीन आवंटित की है। इस निवेश से राज्य में लगभग 10 हजार तकनीकी रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश में 20 से अधिक औद्योगिक समूहों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ वन-टू-वन बैठकें की गईं, जिनमें लगभग 17 हजार करोड़ के निवेश संबंधी प्रस्तावों पर ठोस चर्चा हुई। लगभग 880 इकाइयों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश के लिए इन्टेन्शन-टू-इन्वेस्ट प्रदर्शित किया गया। कॉन्क्लेव के दौरान ही मध्यप्रदेश में पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई। निर्धन वर्ग के लिए यह सेवा वरदान सिद्ध होगी। इस सेवा के अंतर्गत एक हेली-एम्बुलेंस और एक फिक्स्ड विंग कन्वर्टेड फ्लाइंग आईसीयू विमान प्रदेश के सभी जिलों और प्रशासनिक प्रभागों के नागरिकों की सेवा में तैनात रहेंगे। इस हेलीकॉप्टर और विमान में उच्च प्रशिक्षित डॉक्टर और पैरामेडिकल की टीम भी रहेगी। फ्लाइंग डॉक्टरों और पैरामेडिकल के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एयरो मेडिकल साइंसेज फैलोशिप में होंगे। इस सेवा का लाभ प्रदेश के सभी नागरिकों को मिलेगा। कॉन्क्लेव में सेक्टर-वार निवेश अवसरों पर विस्तृत जानकारी देने के लिए दो दिन में पांच क्षेत्रीय सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में एमएसएमई और स्टार्टअप, मध्यप्रदेश में निवेश के अवसर डेयरी, एग्रो, खाद्य प्रसंस्करण, मध्यप्रदेश में अधोसंरचना विकास में निवेश के अवसर और धार्मिक पर्यटन पर गंभीर चर्चा हुई। इसी तरह फार्मा मेडिकल डिवाइस के अवसर और चुनौतियों के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ। ये सत्र प्रदेश में निवेश की संभावनाओं के नए द्वार खोलेंगे।

अमेरिका, चीन और ब्रिटेन के बाद 10 हजार जीनोम सीक्वेंसिंग करने वाला चौथा देश बना भारत

भारत विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर उपलब्धि प्राप्त कर रहा है। एक तरफ जहां इसरो की टीम दिन-प्रतिदिन अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है, वहीं चिकित्सा विज्ञान ने भी हाल ही में एक विशिष्ट उपलब्धि अर्जित कर देशवासियों को गौरव का अनुभव कराया है। दरअसल भारतीय चिकित्सा वैज्ञानिकों की टीम ने हाल ही में 10 हजार जीनोम प्रोजेक्ट को पूरा किया। यह एक सीक्वेंसिंग है जिससे भविष्य में जीन-बेस्ड इलाज करने में मदद मिलेगी। भारत से पहले यह उपलब्धि अमेरिका, चीन और ब्रिटेन को प्राप्त हो चुकी है। डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की ओर से जारी बयान के अनुसार इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से भारत की जनसंख्या में विविधता की जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी। इस प्रोजेक्ट में देश के लगभग 20 इंस्टीट्यूट शामिल हुए, जिनमें भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलूरु और सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, हैदराबाद प्रमुख हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार देश की 140 करोड़ आबादी में 4600 से ज्यादा जनसंख्या समूह हैं। कई वजहों से इन समूहों में जेनेटिक विविधता आई है। कई बार कुछ समूहों में बीमारी पैदा करने वाले म्यूटेशंस होने लगते हैं। जानकारी के अनुसार कई नुकसानदेह म्यूटेशंस दुनिया में कम हैं, लेकिन भारत में उनकी फ्रीक्वेंसी ज्यादा है। इसका मतलब है भारत में कुछ बीमारियां, पश्चिमी देशों से पहले विकसित हो जाती हैं और कुछ एनेस्थेटिक दवाएं भी भारतीयों पर कम असर करती हैं। चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में वर्षों से शोध कर रहे वैज्ञानिकों ने जीनोम प्रोजेक्ट को क्रांतिकारी पहल बताया है। इस तरह के प्रोजेक्ट का उद्देश्य देश की जनसंख्या में मौजूद विविधता के बारे में गहराई से जानना है साथ ही इलाज के तरीकों को बेहतर बनाना है। जीनोम सीक्वेंसिंग से लोगों के हिसाब से दवाइयां बनाई जा सकेंगी। जीन थेरेपी में सुधार करना भी इसका एक लक्ष्य है। वैज्ञानिक समूह की इस उपलब्धि के बाद यह बात तो स्पष्ट हो गई है कि भारत अब वैज्ञानिक रूप से विकसित देशों में उभर रहा है।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

अमृत सरोवर योजना

जल संरक्षण, संवर्धन से जल संकट की परेशानी से मुक्त हुआ ग्रामीण भारत

जल वह अमृत है जो जीवन, पोषण और प्रकृति के लिए आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव में जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर योजना शुरू की। देश के प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर निर्माण के लक्ष्य के साथ शुरू की गयी यह योजना प्रभावी और दूरगामी साबित हुई है। आजादी के अमृत काल में जल संरक्षण आह्वान के साथ शुरू की गयी इस योजना से देश भर में 50 हजार जल स्रोतों के निर्माण का संकल्प था। प्रधानमंत्री जी ने आजादी के अमृत वर्ष में जल संरक्षण के लिए देश को एक ऐसी योजना दी जिसने टिकाऊ और दीर्घकालिक परिसंपत्ति का सृजन किया। राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस 24 अप्रैल 2022 को प्रधानमंत्री ने मिशन अमृत सरोवर का शुभारंभ करते हुए कहा था कि 'हम सब मिलकर एक काम कर सकते हैं, हम संकल्प करें कि इस वर्ष प्रतिप्रदा से अगले वर्ष प्रतिपदा तक, हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनायेंगे।' अमृत सरोवर योजना के शुभारंभ अवसर पर हर जिले में 75 अमृत सरोवर के निर्माण का यह आह्वान कृषि प्रधान देश भारत में जल संरचनाओं की विपुलता की अनंत संभावनाएं लेकर आया। 15 अगस्त 2023 तक इस योजना के अंतर्गत दिये गये लक्ष्य से कई गुना अधिक परिणाम प्राप्त हुए। योजना का लक्ष्य प्रत्येक जिले में 75 और देश भर में 50 हजार अमृत सरोवरों के निर्माण का था। लेकिन देश में 71 हजार 540 से अधिक और मध्यप्रदेश में लगभग 5673 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया।

योजना का उद्देश्य

अमृत सरोवर योजना का उद्देश्य देश के हर जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवरों का निर्माण और विकास करना था। प्रत्येक अमृत सरोवर का तालाब क्षेत्र न्यूनतम 1 एकड़ (0.4 हेक्टेयर) है जिसमें जल धारण क्षमता लगभग 10 हजार घन मीटर है।

योजना का लक्ष्य

24 अप्रैल 2022 को भावी पीढ़ी के लिए जल संचयन और संरक्षण के लिए शुरू की गई इस योजना का लक्ष्य था ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की समस्या को दूर करना और स्थानीय स्तर पर जल स्थिरता सुनिश्चित करना।

योजना में शामिल विभाग

केन्द्र सरकार की इस योजना में निम्न मंत्रालयों को शामिल किया गया -

- ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग/भूमि संसाधन विभाग)
- जल शक्ति मंत्रालय (जल संसाधन विभाग/पेयजल और स्वच्छता विभाग)
- संस्कृति मंत्रालय
- पंचायती राज मंत्रालय
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
- भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान (बी.आई.एस.ए.जी.एन.)

योजना की रणनीति

- अमृत सरोवर कम से कम एक एकड़ भूमि, लगभग 10 हजार घनमीटर की जल धारण क्षमता के साथ निर्मित किया गया।
- जो जिले नए अमृत सरोवर को बनाने में असमर्थ थे वहां वर्तमान संरचनाओं का कायाकल्प अथवा जीर्णोद्धार किया गया।
- देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवर कुल मिलाकर देश में 50 हजार अमृत सरोवरों का निर्माण अथवा कायाकल्प करना था।
- यदि कोई जिला चाहे तो 75 से अधिक संरचनाओं का निर्माण भी कर सकता था, तदनुसार कार्य भी हुए।
- अमृत सरोवर को अधिक लाभकारी बनाने के लिए स्थल चयन महत्वपूर्ण था। स्थल चयन के लिए नवीनतम और प्रासंगिक तकनीक जैसे रिमोट सेंसिंग और भू-स्थानिक का उपयोग साइट चयन से लेकर इसके पूर्ण होने तक किया गया।
- भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस एप्लीकेशन एंड जियोमैटिक्स नेशनल (BISAG-N) द्वारा विकसित अमृत सरोवर पोर्टल का उपयोग संभावित स्थलों की सूची तैयार करने, प्रगति की निगरानी और मीडिया अपलोड करने के लिए किया गया।
- अमृत सरोवर निर्माण के लिए स्थल का चयन, आवासीय क्षेत्रों और निर्माण कार्यों से दूरी को ध्यान में रखते हुए किया गया। प्रत्येक जिले में अमृत सरोवर निर्माण के लिए भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस एप्लीकेशन एंड जियोमैटिक्स नेशनल (BISAG-N) द्वारा लगभग 100 संभावित स्थलों की सूची तैयार की गई।

सरोवर निर्माण के लिए स्थल का चयन

- तालाब निर्माण के लिए स्थान चयन हेतु बंजर भूमि और वर्षा जल की उपलब्धता, स्थलाकृति, मिट्टी (गहराई) का प्रकार, भूगर्म शास्त्र, पर केन्द्रित विशेषताओं के आधार पर किया गया।
- भूमि की उपलब्धता (बंजर भूमि)
- जल निकासी के माध्यम से वर्षा जल की उपलब्धता।
- स्थालाकृति (Topography)-ढलान, निचले क्षेत्र को प्राथमिकता दी गयी।
- मिट्टी की गहराई- गहरी होना चाहिए।
- मिट्टी का प्रकार- न तो क्षारीय, न लवणीय, न ही अम्लीय होना चाहिए।
- पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार करने वाले स्थानों में अतिरिक्त क्षमता को मापा गया। अर्थात अमृत सरोवर निर्माण के माप अनुसार ही तालाब का क्षेत्रफल होना चाहिए।
- स्थल चयन के लिए तकनीकी और प्रशासनिक दोनों अधिकारियों की संयुक्त टीमों द्वारा प्रत्येक साइट का दौरा किया गया। जिला प्रशासन द्वारा ऐसी टीमों का गठन किया गया जो संबंधित एजेंसियों से ली गई मेन पॉवर पर आधारित हो, ताकि कम समय में कार्य पूरा किया जा सके। जिला स्तर पर गठित टीम द्वारा ही डाउन स्ट्रीम किसानों, संभावित उपयोगकर्ताओं सहित संबंधित हितधारकों (स्टेक होल्डर्स) के साथ चर्चा की गई और जलग्रहण क्षेत्र, जल प्रभाव चैनलों आदि का भ्रमण किया गया।
- अमृत सरोवर की साइट को विशेष ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया गया। अमृत सरोवर के विकास की निगरानी के लिए नाम का चयन भी ग्राम सभा में ही किया गया।

वृक्षारोपण

अमृत सरोवर के चारों और स्मारक वृक्षारोपण के तहत नीम, पीपल बरगद आदि के पेड़ लगाये गये हैं। स्वतंत्रता सेनानी या उनके परिवार के सदस्य, स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान हुए सेनानियों के परिवार के सदस्य अथवा स्थानीय पद्म पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति द्वारा अमृत सरोवर कार्य स्थल पर स्मारक वृक्षारोपण किया गया। जिन स्थानों पर ऐसे नागरिक उपलब्ध नहीं थे वहां ग्राम पंचायत के सबसे वरिष्ठ नागरिक से वृक्षारोपण का नेतृत्व करने का अनुरोध किया गया।

अमृत सरोवर निर्माण का महत्व

प्रधानमंत्री जी ने देशभर में 50 हजार अमृत सरोवर निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया। इन अमृत सरोवरों के निर्माण से जहां कृषि कार्य के लिए पर्याप्त जल प्राप्त हुआ वहीं आपास के क्षेत्र का जल स्तर बढ़ा, अन्य वॉटर बॉडीज कुंआ बाबड़ी आदि रिचार्ज हुए। इससे क्षेत्र की वन संपदा को आधारित जल प्राप्त हो रहा है इससे निश्चित ही वन संपदा का दायरा बढ़ेगा। सरोवर पर वृक्षारोपण करने की योजना भी शामिल थी। वृक्षारोपण से पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन होगा।

स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के गांवों में विशेष रूप से सरोवर निर्माण की प्राथमिता थी। इस तरह अमृत सरोवर योजना ने आजादी के अमृत महोत्सव आयोजन के उद्देश्य पूर्ति में बड़ी भूमिका निभाई है। इससे वर्तमान पीढ़ी में राष्ट्रीयता और स्वाभिमान का भाव जागृत हुआ और भविष्य में कार्य करने की प्रेरणा मिली। प्रत्येक अमृत सरोवर सिंचाई, मछली पालन, बत्तख पालन, सिंघाड़े की खेती, जल पर्यटन आदि से आजीविका का स्रोत भी है। यह समूची पीढ़ी को राष्ट्र प्रेम के साथ भविष्य में विकास पथ पर आगे बढ़ाने का प्रयास है। जिसमें एक स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। इस तरह अमृत सरोवर योजना जल संरक्षण के साथ भविष्य निर्माण के बड़े लक्ष्य की उपलब्धि है।

देवेन्द्र गोरे

(लेखक- सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

URGENT REQUIRED

YASH COLLEGE OF EDUCATION, BADNAWAR

Approved by NCTE New Delhi & Dept. of Higher Education M.P.
Affiliated to Devi Ahilya University, Indore (M.P.)
Address - Petlawad Road, Badnawar Dist-Dhar (M.P.)
Ph. No. 94250-74596
Application Are invited for the following post

Assistant Professor

1.	Education (Prsepective) & Pedology Subject (As per NCTE Norms)	-06
2.	Management	-02
3.	Political Science	-01
4.	Sociology	-01
5.	Computer Science	-01
6.	Sports Officer	-01

Minimum Qualification As per NCTE Reg./UGC/State Govt. Norms. Interested candidate apply with in 10 days. along with update C.V., Testimonials with relevant document through yashcollege08@gmail.com or walk in college campus between 11am to 04 pm.

Secretary

R-49599/2024

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री संभाग क्रमांक - 01
कार्यालय भवन 1558, गोरखपुर थाने के पीछे, ऋषि काटेज रतन कालोनी कटंगा, जबलपुर (म.प्र.), पिनकोड- 482002
फोन नं. : 0761-4927201, Email : mpphcjabalpur@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 01 के अंतर्गत **जिला - जबलपुर में 6वीं वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर में** मुख्यमंत्री पुलिस आवास योजना के अंतर्गत (128) आरक्षक बहुमंजिला आवास गृह के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 31 वर्ष 2023-24 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2024_MPPHC_341159_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 30.03.2024 तक खरीद कर सायं 05:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त बेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/114100/2024 R-49601/2024 **परियोजना यंत्री**

SICA COLLEGE

AEGIS : SICA EDUCATIONAL TRUST

(Affiliated to DAVV, Indore & Recognized by DHE, Bhopal, Govt. of M.P.)

APPOINTMENTS

(Under College Code 28)

Applications are invited from eligible candidates for the post of Principal/ Professor/ Associate Professor/ Assistant Professor& Librarian.

In Commerce, Management, Computer application, Mathematics, History, Political Science, English, Hindi, Journalism and Library Science. Required for the courses B.Com, BBA, BCA, BAJMC & BA.

***Preference will be given to Ph.D. & NET Qualified Candidates.**

Apply with complete application, CV, Photograph, updated and self-attested testimonials only on mail- **sicatrust@gmail.com**

Campus : Near ISKCON Vihar Colony, Nipania Main Road, INDORE

- Chairman

R-49598/2024

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
Ph. No. : 9425601556, 9340714903

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत मुख्यमंत्री पुलिस आवास योजना के अंतर्गत 24 एन.जी.ओ. एवं 96 आरक्षक आवास- गृहों का निर्माण कार्य सतना जिला सतना के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 15/2023-24 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2024_MPPHC_341220_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 30.03.2024 समय 17:00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/114104/2024 R-49602/2024 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड

(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
ब्लॉक नं. 09, शक्ति भवन, रामपुर, जबलपुर - 482008
क्र. का.नि.(मा.संसा. एवं प्रशा.)/भर्ती/2023-24/1072 जबलपुर, दि. 04.03.2024

सहायक अभियंता (उत्पा.) के पदों पर (नियमित आधार पर) सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (म.प्र.पॉ.ज.क.लि.) पूर्ववर्ती म.प्र. राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी है एवं म.प्र. शासन के पूर्ण स्वामित्व का उपक्रम है तथा प्रदेश में विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में कार्यरत है। म.प्र.पॉ.ज.क.लि. अपने ताप एवं जल विद्युत संयंत्रों के संचालन-संधारण, नवीन संयंत्रों के निर्माण एवं अन्य आवश्यकताओं हेतु सहायक अभियंता (उत्पादन) के पद पर, सीधी भर्ती के माध्यम से चयन एवं नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करती है।

विज्ञापित पद

स.क्र.	संवर्ग	पद नाम	पद कोड	विज्ञापित पद
1.	सहायक अभियंता (उत्पादन)	सहायक अभियंता (उत्पा.) – मैकेनिकल	P01	09
2.		सहायक अभियंता (उत्पा.) – इलेक्ट्रिकल	P02	25
3.		सहायक अभियंता (उत्पा.) – इलेक्ट्रॉनिक्स	P03	08
		कुल		42

विज्ञापित पद हेतु विस्तृत नियम एवं शर्तें, चयन प्रक्रिया, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा एवं अन्य जानकारी हेतु मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट (**https://mppgcl.mp.gov.in**) में "Career" लिंक में क्लिक कर विज्ञापित पद हेतु प्रदान की गई नियम पुस्तिका का अवलोकन करें।

महत्वपूर्ण तिथियां :

ऑनलाइन आवेदन दिनांक 06.03.2024 (10:30 Hrs.) से दिनांक 31.03.2024 (23:59 Hrs.) तक केवल ऑनलाइन माध्यम से, एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट (**https://www.mponline.gov.in/portal** तथा **https://www.iforms.mponline.gov.in**) पर स्वीकार किये जायेंगे। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किये जायेंगे।

म.प्र. माध्यम/114111/2024 **CHIEF ENGINEER (HR&A)**

R-49605/2024

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक - 02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर- 482002 (म.प्र.)
E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 में मुख्यमंत्री पुलिस आवास योजना अंतर्गत् (1) निर्माण कार्य 12+48 आवास गृह जिला सिवनी (ऑनलाइन निविदा क्र. 2024_MPPHC_341190_1) (2) निर्माण कार्य 12+48 आवास गृह जिला डिण्डौरी (ऑनलाइन निविदा क्र. 2024_MPPHC_341192_1) (3) निर्माण कार्य 24+96 आवास गृह जिला शहडोल (ऑनलाइन निविदा क्र. 2024_MPPHC_341194_1) के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 31 वर्ष 2023-24 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.04.2024 तक खरीदकर सायं 06:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त बेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/114105/2024 R-49603/2024 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
No./3316/22/D-12/NIT-Maint./2024 Bhopal, Dated : 05.03.2024

NOTICE INVITING TENDER No. 286/MTN/2024 (BW)

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **SSR Applicable : SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.**

1. Table-1: Name of Work : Post 5 Year (BW)

S.No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Chhindwara	1	1708000.00
2.	Shahdol	1	13177000.00

2. Table-2 : Name of Work : Post 10 Year (BW)

S.No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Anuppur	1	5146850.00
2.	Bhopal	1	12214000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **07.03.2024 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/114143/2024 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

'मेरी सड़क' एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

R-49607/2024

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./3313/22/D-12/NIT-Maint./2024 Bhopal, Dated : 05.03.2024

NOTICE INVITING TENDER No. 287/MTN/2024

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

1. Table No. 1 : Name of Work – Repair/Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Harda	2	4138401.00

2. Table No. 2 : Name of Work – Repair/Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Burhanpur	1	13066601.00

1. Tender document can be purchased only Online from the above website **from 07.03.2024 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/114145/2024 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

'मेरी सड़क' एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

R-49608/2024

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03 भोपाल-03
Mobile No. : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि /217/पर्य/भोपाल-03/तशा/2024 भोपाल, दिनांक : 04.03.2024

प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत निर्माण कार्य 12+48 आवास गृह पुलिस लाइन जिला सीहोर हेतु निविदा क्रमांक-17/2023-24 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक.-2024_MPPHC_341216_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 02.04.2024 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/114107/2024 R-49604/2024 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.),
E-mail : mpphcl_ujjain@yahoo.in
फोन नं. : 0734-2527715, मोबा. : 9406808103
क्र. 312/पय/मप्रपुहाइडेकालि/24/उज्जैन दिनांक : 05.03.2024

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 26/2023-24

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 26/2023-24 दिनांक 05.03.2024 के अंतर्गत पुलिस प्रशिक्षण शाला उज्जैन में ड्रेन का निर्माण कार्य एवं कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम देवास में मरम्मत एवं पुताई कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2024_MPPHC_341483, 2024_MPPHC_341488 आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 12.03.2024, 17.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/114121/2024 R-49606/2024 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी.
महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
E-mail : mpphcl_ujjain@yahoo.in
फोन नं. : 0734-2527715, मोबा. 9406808103
क्र. 340/पयं/मप्रपुहाइडेकालि/24/उज्जैन दिनांक : 07.03.2024

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 27/2023-24 (द्वितीय आमंत्रण)

मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 27/2023-24 दिनांक 07.03.2024 के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य सी.एम. राइज स्कूल भवन, गुर्जर बर्डिया जिला मंदसौर एवं बाह्य विद्युतीकरण कार्य सी.एम. राइज स्कूल भवन, मल्हारगढ़ जिला मंदसौर हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2024_MPPHC_342565, 2024_MPPHC_342566 आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 14.03.2024 को 17.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/114260/2024 R-49616/2024 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधो. वि. निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल
क्र./254, 276/तशा/प.यं./2024 दिनांक : 06.03.2024

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा डी.आर.पी. लाइन जिला गुना में 24 एन.जी.ओ. एवं 96 आरक्षक आवासगृहों का निर्माण कार्य एवं म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी भोपाल में फायनल रेंज, ट्रेप एण्ड स्कीट रेंज नं. 1, 2, 3 एवं स्कीट रेंज 4 व 5 में अतिरिक्त विभिन्न निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रमशः निविदा क्रमांक (1) 2024_MPPHC_340514_1, (2) 2024_MPPHC_342266_1 **दिनांक 30.03.2024, समय अपरान्ह 17:00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/114213/2024 R-49614/2024 **परियोजना यंत्री**

एम.पी. इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालय, टी.व्ही. टावर के पास, उद्योग भवन कटंगा, जबलपुर (म.प्र.)

क्रमांक-एमपी आईडीसी/क्षे.का.ज./तक./2024/7113 जबलपुर, दिनांक : 07.03.2024

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पोर्टल mptender.gov.in-MPIDC RO Jabalpur के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	ब्याना राशि रु.	निविदा प्रपत्र शुल्क	कार्य की राशि	कार्यावधि
औद्योगिक विकास केन्द्र बोरगांव जिला पांढुर्ना में 100 एम.एम. डीआई पाइप के प्रदाय एवं स्थापना का कार्य।	रु. 0.23 लाख	रु. 5900.00 जी.एस.टी. सहित	रु. 22.78 लाख	06 माह वर्षाकाल सहित

किसी भी निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने, निविदा की तिथि बढ़ाने का अधिकार निगम के कार्यकारी संचालक के पास सुरक्षित है। टेंडर डाक्यूमेंट उपरोक्त ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल **mptender.gov.in** के माध्यम से निर्धारित तिथि तक डाउनलोड किये जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/114243/2024 R-49615/2024 **कार्यकारी संचालक**

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

(Government of M.P. Undertaking)

(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)

REGIONAL OFFICE INDORE

101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452001 (M.P.)

Phone : (O) 0731-2970611, 2971311, 2974363, CIN : U51102MP1977SGC001392

Fax No. : 0731-2972629. E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in

No.: MPIDC/ROIND/TECH/24/3779 Date : 07.03.2024

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from registered contractors in any State/Central Government/any Government undertaking or reputed firms for the following work. The Tenders would be made available on the e-portal **https://www.mpetenders.gov.in.**

Name of Work	Probable Amount of Contract (in Lakh)	EMD (in Rs.)	Cost of Tender Form (in Rs.)	Last Date of Submission of Tender
O&M of Pumping station at river Anas, WTP and OHT/Sumpwell at I/a Meghnagar, Jhabua for a period of 24 months	49.88	49880/-	5900/-	26.03.2024
Providing and Fixing of combination material of rubber and plastic made speed breaker at Industrial area Smart Industrial Park, Pithampur	07.31	14620/-	2360/-	26.03.2024

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.

M.P. Madhyam/114209/2024 R-49613/2024 **EXECUTIVE ENGINEER**

कार्यालय अधिष्ठाता, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर

क्रमांक 2140/स्था/अराज/2024 जबलपुर, दिनांक : 05.03.2024

सूचना

कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल के द्वारा समूह-4 के अंतर्गत संयुक्त गैर-शैक्षणिक संवर्ग के रिक्त पदों की आयोजित परीक्षा 2023 में उपलब्ध कराई गई प्रावीण्य सूची में चयनित अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेज सत्यापन हेतु **दिनांक 11.03.2024 को प्रातः 11.00 बजे** (सोमवार मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल में आमंत्रित किया जाता है। उम्मीदवार निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

(1) परीक्षा प्रवेश पत्र। (2) स्वयं की दो फोटो जैसा की प्रवेश पत्र में लगाया गया है। (3) हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा प्रमाण पत्र। (4) मूल निवासी प्रमाण-पत्र। (5) सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण-पत्र। (6) प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड द्वारा संबंधित पदों हेतु निर्धारित योग्यता का प्रमाण पत्र एवं अंक सूची (7) विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा की स्थिति में नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तत्संबंधी शपथ पत्र। (8 दिनांक 26.01.2001 के बाद दो से अधिक संतान न होने का नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित शपथ पत्र। (9) शासकीय सेवा में कार्यरत उम्मीदवार द्वारा नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र। (10) भूतपूर्व सैनिक होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र। (11) प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम की छायाप्रति।

स.क्र.	पद का नाम	श्रेणी	रिक्त पद	आमंत्रित उम्मीदवार	पिता का नाम
1.	STENO TYPIST	E.W.S./NIL/OPEN	1	NEERAJ SHARMA	ASHOK KUMAR SHARMA
2.		OBC/NIL/FEMALE	1	RUCHI SAHU	JAGDEESH SAHU
3.		OBC/NIL/OPEN	1	MOHAMMAD AAQUIB KHAN	SABIR KHAN
4.		SCHEDULE CASTE/ SAMVIDA KARMI/ OPEN	1	RAGINI BELVANSHI	SUKHRAM BELVANSHI
5.		SCHEDULE CASTE/ NIL/FEMALE	1	POOJA BUNKAR	GHANSHYAM BUNKAR
6.		SCHEDULE CASTE/ NIL/OPEN	1	RAJESH SINGH	RAMOLE SINGH
7.		SCHEDULE TRIBE/ NIL/FEMALE	1	RADHIKA MUKATI	DINESH MUKATI
8.	CODING CLERK	SCHEDULE CASTE/ NIL/OPEN	1	SANTOSH JHARIYA	PARMULAL
9.		SCHEDULE TRIBE/ NIL/OPEN	1	DEVEN CHOUHAN	SURAJ SINGH CHOU-HAN
10.		UNRESERVED/ SAMVIDA KARMI/ OPEN	1	ASHOK SINGH	SAJAN SINGH
11.		UNRESERVED/NIL/ FEMALE	1	TASLEEM KHAN	SHAMEEM KHAN
12.		UNRESERVED/NIL/ OPEN	1	SUDEEP KUMAR TIWARI	RAJ BAHADUR

नोट :- समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि भर्ती से संबंधित समस्त अद्यतन जानकारी हेतु चिकित्सा महाविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट **www.nscbmc.ac.in** पर विजिट करें।

अधिष्ठाता

जी-25624/49611/2024 **नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर**

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय

चित्रकूट जिला-सतना (म.प्र.) 48534

(मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्थापित, नैक-'ए' ग्रेड विश्वविद्यालय)

पी-एच.डी. प्रवेश सूचना : 2023-24

(द्वितीय चरण)

इस विश्वविद्यालय के निम्नलिखित विषयों में पी-एच.डी. में प्रवेश हेतु ऑनलाइन (Online) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं -

कृषि प्रसार, उद्यानिकी, कृषि जैव रसायन, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी, पर्यावरण विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, बायोटेक्नोलॉजी, रिमोट सेंसिंग एण्ड जी.आई.एस., ग्रामीण प्रबंधन, व्यवसाय प्रबंधन, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑनलाइन बिड सबमिशन की **अंतिम दिनांक 15.03.2024 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
जी-25563/49596/2024 **लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग छतरपुर (म.प्र.)

Email : eepwdchhatar@mp.nic.in, Fax No. : 07682-246518, Phone No. : 07682-246516

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 25/2023-24 **छतरपुर, दिनांक 27.02.2024**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर आई डी क्रमांक	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
1.	2024_PWDRB_338512	निर्माण कार्य	गुरसारी से भैरोगंज मार्ग लंबाई 2.20 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	413.48	वांछित दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
			योग		**413.48**	

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने का **अंतिम तिथि 12.03.2024** एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12.03.2024 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा दिनांक 14.03.2024 को कार्यालय मुख्य अभियंता लो.नि.वि. सागर में खोली जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-25371/49585/2024 **लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, छतरपुर (म.प्र.)**

मुख्यमंत्री ने धार में किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव धार में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

धार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार में विकास पर्व के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में केन्द्र तथा राज्य शासन स्तर की 12 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं अंतर्गत 56.75 लाख हितग्राहियों को 340.05 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। उन्होंने करोड़ों की लागत से निर्मित होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने पीएम एक्सीलेंस कॉलेज धार में खोलने की घोषणा की। उन्होंने धार में आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज खोलने, नर्मदा जल धार जिले में लाने के लिए मांडव उद्वहन योजना की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री मेगा इंडस्ट्रीयल पार्क से धार जिले के करीब एक लाख युवाओं को रोज़गार मिलेगा। उन्होंने धार जिला स्तर पर 31 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, जिसकी राशि 309.58 करोड़ रुपये है एवं 14 कार्यों का लोकार्पण किया जिसकी राशि 11.28 करोड़ रुपये है। इस प्रकार 320.86 करोड रुपये के कुल 45 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ किए रामलला के दर्शन

अयोध्या धाम पहुंचकर धन्य हुआ जीवन

अयोध्या, अयोध्या धाम पहुंचकर भगवान श्रीराम के दर्शन करने से जीवन धन्य हो गया है। कई जन्मों के पुण्य का प्रसाद है यह दर्शन। ऐसा प्रतीत होता है कि यहां प्रभु राम स्वयं अपने रूप में विराजमान हैं। भगवान राम के गर्भ-गृह और अन्य स्थानों के दर्शन का सौभाग्य मिला। भगवान राम और महाकाल सभी पर कृपा करें और सनातन संस्कृति की ध्वजा इसी तरह लहराती रहे। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ विशेष विमान द्वारा भोपाल से अयोध्या पहुंचने के पश्चात टीवी चैनल्स के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी से देश का एक-एक नागरिक जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री जी का ध्येय वाक्य है कि समूचा भारत देश उनका परिवार है। ये उनके उदात्त विचार हैं। हमें गर्व है कि वे हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री हैं। बच्चा-बच्चा उनके प्रति श्रद्धावनत है। उनके नेतृत्व में हम सभी राष्ट्र की प्रगति के लिए कार्य कर रहे हैं।

अयोध्या में राम मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद के सदस्य रामभक्ति में लीन हो गए। श्रीराम जय राम जय-जय राम के उद्घोष के साथ मंत्रीगण ने भक्तिभाव के साथ आराधना की।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अयोध्या में रामलला के दर्शन करते हुए

मंदिर के गर्भ-गृह में पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्रीगण और साथ गए परिजन ने श्रीराम दरबार के समक्ष दंडवत प्रणाम किया। उन्होंने सम्पूर्ण मंदिर परिसर का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर प्रभु श्रीराम से प्रदेश और देश के नागरिकों की खुशहाली की प्रार्थना की गई।

अयोध्या यात्रा ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्रिपरिषद की अयोध्या यात्रा ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह यात्रा भगवान राम के प्रति आदर की अभिव्यक्ति है। भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या जाने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय और संकल्प के परिपालन में मंत्रिपरिषद के सदस्य जीवन साथी के साथ अयोध्या पहुंचे और रामलला के दर्शन लाभ प्राप्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उत्तरप्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्यप्रताप शाही और ट्रस्टी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र डॉ. अनिल मिश्रा सहित मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति भेंटकर सम्मानित किया। उत्तरप्रदेश के विभिन्न मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत अभिनंदन किया।

जबलपुर इंजीनियरिंग महाविद्यालय को बनायें टेक्नोलॉजी हब

भोपाल, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय में जबलपुर इंजीनियरिंग महाविद्यालय के शासी निकाय (बोर्ड ऑफ गवर्नर्स) की 27वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में संस्था की 26वीं शासी निकाय का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मंत्री श्री परमार ने प्रस्तावित बिंदुओं पर व्यापक चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री श्री परमार ने कहा कि जबलपुर इंजीनियरिंग महाविद्यालय को टेक्नोलॉजी का हब बनाने के लिए प्रभावी क्रियान्वयन हो। संस्थान को रेलवे एवं रक्षा क्षेत्रों में कंसल्टेंट की भूमिका में स्थापित करने की भी प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। महाविद्यालय में ऐसा शैक्षणिक परिवेश तैयार किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को स्टार्टअप, रोज़गार एवं स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समस्त इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए सामान्य नीति बनाए जाने की आवश्यकता है। संस्थान में ग्रामीण परिवेश से आने वाले विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक रूप से हिंदी भाषा में अध्यापन कराया जाए।

समग्र आईडी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण करने 15 मार्च तक विशेष अभियान

भोपाल, सभी जिलों में समग्र पोर्टल में नागरिकों के 'समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी' शत-प्रतिशत कराये जाने का लक्ष्य है। इस उद्देश्य से एक से 15 मार्च 2024 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही इस दौरान भू-स्वामी द्वारा आधार सत्यापित समग्र को राजस्व भू-अभिलेख (खसरे) से लिंकिंग का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाना है।

प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नागरिकों के लिये समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी का कार्य एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेन्टर के कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यमों से किया जा रहा है। साथ ही यह कार्य सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में नागरिकों की जानकारी का सत्यापन उनके आधार, आईडी विवरण के अनुसार किया जाता है। समग्र पोर्टल पर समग्र आईडी एवं आधार की जानकारी का शत-प्रतिशत मिलान होने पर ई-केवायसी की प्रक्रिया स्वत: पूर्ण हो जाती है। यदि समग्र एवं आधार की जानकारी में अंतर है तो यह प्रक्रिया ग्राम पंचायत अथवा वार्ड प्रभारी द्वारा सत्यापन के बाद पूरी की जाती है। आधार में त्रुटि होने पर ई-केवायसी कराने से पहले आधार सुधरवाना चाहिए। नागरिकों के लिये ई-केवायसी प्रक्रिया पूर्णत: निःशुल्क है।

ई-केवायसी एवं भू-अभिलेख (खसरा) आधार सत्यापित करने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर ई-मेल samagra.support@mp.gov.in एवं हेल्प डेस्क दूरभाष 0755-2700800, पर संपर्क किया जा सकता है। कियोस्क एजेंसियों के साथ राज्य स्तर पर समन्वय के लिये एमपी ऑनलाइन के लिए श्री राजेश गुर्जर, चैनल मैनेजर, मोबाइल –7049923814 ईमेल–rajesh.gurjar@mponline.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

कियोस्क एजेन्सी को प्रति सफल ट्रांजेक्शन के लिये एमपीएसईडीसी द्वारा 18 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन दिया जायेगा। ई-केवायसी हेतु जिलेवार, स्थानीय निकायवार, वार्डवार एवं ग्राम पंचायतवार समग्र धारकों की सूची पोर्टल पर उपलब्ध है।

खसरे को ई-केवायसी सत्यापित समग्र आईडी से लिंकिंग के निर्देश

समग्र पोर्टल पर एक अलग माड्यूल के माध्यम से केवल ई-केवायसी सत्यापित समग्र आईडी को भूमि से जोड़ने के लिये अनुरोध दर्ज कराया जा सकेगा। यह प्रक्रिया समग्र पोर्टल पर मेन्यू 'समग्र से भूमि लिंक करें' पर जाकर की जा सकेगी। यह प्रक्रिया भी एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेन्टर के कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यमों से की जा सकती है। साथ ही यह कार्य सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी किया जा सकता है। पटवारी द्वारा सत्यापन के बाद 6 रुपये प्रति खाता एमपीएसईडीसी द्वारा कियोस्क एजेन्सी को दिया जायेगा।

एक या एक से अधिक भू-स्वामी की आईडी का चयन करने के बाद आवेदक को आधार-आधारित सत्यापन ओटीपी अथवा बायोमेट्रिक द्वारा करने पर लिंकिंग प्रक्रिया पूरी होगी। भू-स्वामियों एवं खसरों संबंधित सूची राजस्व विभाग द्वारा जिला स्तर पर उपलब्ध कराई जाएगी।

कृषकों को मण्डियों में सभी सुविधाएं मिलना सुनिश्चित करें

भोपाल, कृषकों के लिये मण्डियां सुविधा-स्थली बनें। मण्डियों में कृषकों को सभी सुविधाएं मिलना सुनिश्चित हो। किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री-सह-अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड श्री ऐदल सिंह कंषाना ने मण्डी बोर्ड के संचालक मण्डल की 142वीं बैठक में उक्त निर्देश दिये। बैठक में मंत्री श्री कंषाना को मण्डी बोर्ड के एमडी श्री श्रीमन शुक्ल ने आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया।

कृषि मंत्री, सह-मण्डी बोर्ड अध्यक्ष श्री कंषाना ने कहा कि मण्डियों को सर्व-सुविधायुक्त बनाया जाये, जिससे मण्डियों में आने वाले कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मण्डियों को आदर्श मण्डियों के रूप में विकसित किया जाये, जहां स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो, ठहरने के बेहतर प्रबंध हों और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था हो।

बैठक में वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया, जिसमें आय शीर्ष में 300.52 करोड़ रुपये की सकल प्राप्ति एवं व्यय शीर्ष में 299.85 करोड़ रुपये का व्यय दर्शाया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार की जनता का किया अभिनंदन

धार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जन आभार यात्रा में धार पहुंचे। घोड़ा चौपटी से जन आभार यात्रा आरंभ हुई। मुख्यमंत्री का यहां पहुंचने पर ढोल-ढमाकों तथा पुष्प वर्षा के साथ लाड़ली लक्ष्मी बेटियों ने स्वागत किया। लाड़ली बहना हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। फूलों से सजे वाहन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव जन आभार यात्रा में धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए आम जनता के बीच पहुंचे।

वाहन में मुख्यमंत्री के साथ वन मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, सांसद श्री छतरसिंह दरबार, धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा, धरमपुरी विधायक श्री कालू सिंह ठाकुर साथ रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विभिन्न स्थानों चौराहों पर मंच लगाकर विभिन्न संगठनों तथा आमजनों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री ने सभी का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पहली बार धार आगमन पर उनके स्वागत में जन सैलाब उमड़ा। सड़क के दोनों ओर भारी संख्या में आमजन अपने लाड़ले मुख्यमंत्री से मिलने के लिए देर तक प्रतीक्षा करते रहे। मुख्यमंत्री का काफिला पहुंचने पर आम जनता ने पुष्प वर्षा करके मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। जन आभार यात्रा के मार्ग के घरों से भी लोगों ने मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जन आभार यात्रा के दौरान जनता का अभिनंदन करते हुए

लोकसभा निर्वाचन 2024

कलेक्टर, एसपी जिले के सभी वेयरहाउस का निरीक्षण करें - मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

भोपाल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों के संबंध में निर्वाचन व्यय निगरानी के अंतर्गत एनफोर्समेंट एजेंसियों के राज्यस्तरीय नोडल अधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन भोपाल में बैठक की। उन्होंने बॉर्डर पर बने नाकों की जांच, अवैध धन, अवैध मदिरा, महुआ लहान, मादक पदार्थों की रोकथाम, वन नाकों की जांच करने सहित निर्वाचन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और राज्यस्तरीय नोडल अधिकारियों से लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर तैयार की गई कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त की।

श्री राजन ने सभी कलेक्टर एवं एसपी को अपने-अपने जिलों में बने वेयरहाउस का नियमित रूप से निरीक्षण करने, जिलों में नोडल अधिकारी नियुक्त करने और कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्री राजन ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में बेहतर कार्य करने पर सभी एजेंसियों के राज्यस्तरीय नोडल अधिकारियों को बधाई दी।

बैठक में पुलिस, आबकारी, इनकम टैक्स, स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी, डाक विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, सीजीएसटी-जीएसटी, डीआरआई, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स, स्टेट नारकोटिक्स, ईडी, सीआईएसएफ, परिवहन विभाग के नोडल अधिकारियों द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

विक्रमोत्सव-2024 अंतर्गत राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं व्याख्यान सत्र

सम्राट विक्रमादित्य की न्याय व्यवस्था का जन-जन में व्यापक प्रसार आवश्यक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए

उज्जैन, भारत के स्वाभिमान को प्रतिष्ठित करते हुए विक्रमादित्य की न्याय व्यवस्था का जन-जन में व्यापक प्रसार आवश्यक है। विक्रमादित्य ने उत्कृष्ट न्याय, प्रशासन और जनकल्याण का जो उदाहरण स्थापित किया है, उसकी चर्चा देश-दुनिया के विभिन्न लोक अंचलों में होती है। उनसे जुड़े हुए लोक साहित्य और पुरातात्विक सामग्री के अध्ययन से शोध की नई दिशाएं उद्घाटित हो रही हैं।

विक्रमोत्सव आज संपूर्ण दुनिया में विविधमुखी संकल्पनाओं के कारण अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाला उत्सव बन गया है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव-2024 अंतर्गत विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा विक्रम 'सम्राट विक्रमादित्य की न्याय व्यवस्था और बेताल भट्ट : लोकाख्यानों के आलोक' पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी में कहीं।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय कानून एवं न्याय तथा संस्कृति व संसदीय कार्य राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का अवदान राजस्थान के दूरस्थ अंचलों तक रहा है, जिस पर व्यापक शोध होगा। राजस्थान में विक्रमादित्य के शौर्य एवं पराक्रम के महत्वपूर्ण प्रमाण प्राप्त हुए हैं, जिनका अध्ययन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया गया है। बीकानेर जिले के बिकमपुर ग्राम का संबंध विक्रमादित्य से रहा है। आने वाले समय में उज्जैन के साथ उस क्षेत्र की सम्बद्धता की पड़ताल के लिए शोध कार्य करवाया जाएगा। सम्राट विक्रमादित्य श्रेष्ठ न्याय व्यवस्था के प्रतीक माने जाते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से सांस्कृतिक पुनरुत्थान का युग आरंभ हुआ है। वर्तमान में प्रधानमंत्री श्री मोदी की संकल्पना से भारतीय कानून एवं दंड संहिता में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए जा रहे हैं।

'लोकाख्यानों के आलोक में विक्रमादित्य' पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी के तकनीकी सत्र की अध्यक्षता विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार पांडेय ने की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ इतिहासविद् पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित, कार्यपरिषद सदस्य श्री राजेश सिंह कुशवाह, श्री संजय नाहर, कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा आदि ने विषय के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने विभिन्न लोकांचलों की अनुश्रुतियों और आख्यानों में उपलब्ध विक्रमादित्य के सन्दर्भों और पुरा सामग्री पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विक्रमादित्य और जनमानस का गहरा संबंध है, जिस पर व्यापक शोध की जरूरत है।

लखनऊ में यादव महाकुंभ

भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जीने की राह सीखें - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यादव महाकुंभ में किया गया भव्य स्वागत

लखनऊ, भगवान कृष्ण के जीवन से हम सभी को जीवन जीने की राह सीखनी चाहिए। जन्म के पूर्व माता-पिता का जेल में होना, जन्म के बाद ही उफनती जमुना नदी पार करना, माँ के आंचल से दूर हो जाना जैसी विषम परिस्थितियों में भी भगवान श्री कृष्ण ने विश्व के सामने पूरे सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जीने का उदाहरण रखा है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लखनऊ के गुदौरा मैदान में यादव महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण ने मर्यादा के अंदर जीवन जीना सिखाया है। हम सभी को उनके द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों का अपने जीवन में पालन करना चाहिए।

भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन में आई हर मुसीबत और परीक्षा का निडर होकर सामना किया और सफल हुए। भगवान ने अपने जीवनकाल में लगातार संघर्ष करते हुए समाज को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद् भागवत गीता के माध्यम से पूरे विश्व में धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने यादव समाज के सभी बंधुओं और उत्तरप्रदेश के आमजनों को मध्यप्रदेश आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थित भगवान श्री राम और भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा।

विश्व का सर्वश्रेष्ठ अनाज है श्रीअन्न

नरसिंहपुर, पंचायात, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने नरसिंहपुर में श्रीअन्न प्रोत्साहन मेला में कहा कि इस समय लोगों को खिलाने के लिए मिलेट एक सस्ता और पौष्टिक विकल्प है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मिलेट को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2017 में दुबई में आयोजित वर्ल्ड फूड फेस्टिवल में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा था कि विश्व को भुखमरी से बचाने के लिए हमें मोटे अनाजों की तरफ जाना होगा। प्रधानमंत्री ने 2018 में मोटे अनाज को पोषक अनाज घोषित किया था। भारत के इन्हीं प्रस्ताव और प्रयासों के बाद ही संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को 'इंटरनेशनल मिलेट इयर' घोषित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जी 20 सम्मेलन में आए विदेशी मेहमानों को प्रदान किए गए नाश्ते एवं भोजन में मिलेट्स को ही शामिल किया गया था।

श्री पटेल ने मिलेट्स की उपयोगिता को समझाते हुए कहा कि मिलेट्स की खेती सर्वश्रेष्ठ है जो मानव और मिट्टी, दोनों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने की गारंटी देती है। इसके गुणों को हमारे पूर्वज बखूबी जानते थे। जनजातीय बंधुओं के खान पान का यह आज भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में मिलेट्स या मोटे अनाज को अब श्रीअन्न की पहचान दी गई है। श्रीअन्न केवल खेती या खाने तक सीमित नहीं है। श्रीअन्न यानी कम पानी में ज्यादा फसल की पैदावार, श्रीअन्न यानी केमिकल मुक्त खेती का बड़ा आधार, श्रीअन्न यानी क्लाइमेट चेंज की चुनौती से निपटने में मददगार।

श्री पटेल ने कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मिलेट्स का आसानी से उत्पादन हो जाता है। इसकी पैदावार में अपेक्षाकृत पानी भी कम लगता है, जिससे वॉटर क्राइसिस वाली जगहों के लिए यह एक पसंदीदा फसल बन जाती है।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के लिये 5,180 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिये 5 हजार 180 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति दी गई। इसमें से 5 हजार 42 करोड़ रुपये की पुनरीक्षित और 137 करोड़ रुपये से अधिक प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। स्वीकृत की गई परियोजनाओं में पन्ना जिले के विकासखंड शाहनगर में 600 करोड़ रुपये के स्थान पर 775 करोड़ रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। इस योजना के बन जाने से क्षेत्र के 577 ग्राम पेयजल सुविधा से भी लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में स्वीकृत राशि 261 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से पवई मध्यम सिंचाई परियोजना स्वीकृत की गई थी। सिंचाई क्षेत्र बढ़ने पर वर्ष 2018 में 600 करोड़ रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। वर्ष 2011 में सिंचाई क्षेत्र 9 हजार 952 हेक्टेयर था, जो 2018 में बढ़कर 19 हजार 534 हेक्टेयर हुआ और अब बढ़कर 25 हजार 820 हेक्टेयर हो गया है। इसके साथ ही मंत्रिपरिषद द्वारा अन्य निर्णय लिए गए, जो निम्न हैं -

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए

- बुरहानपुर जिले के विकासखंड बुरहानपुर में सिंचाई क्षेत्र बढ़ने से 144 करोड़ 72 लाख रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। वर्ष 2017 में राशि 104 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से यह सिंचाई परियोजना स्वीकृत की गई थी। तत्समय 2310 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र परियोजना में शामिल था, जो कि अब बढ़कर 3750 हेक्टेयर क्षेत्र हो चुका है।
- सागर जिले की बण्डा तहसील में सिंचित भूमि बढ़ने, डूब क्षेत्र में परिवारों की संख्या में वृद्धि होने से भू-अर्जन की लागत में वृद्धि होने एवं विद्युत खपत में वृद्धि होने से 3 हजार 219 करोड़ 62 लाख करोड़ रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। वर्ष 2022 में राशि 26 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से यह सिंचाई परियोजना स्वीकृत की गई थी। परियोजना में 28 ग्रामों की 4 हजार 646 हेक्टेयर से अधिक भूमि प्रभावित हो रही है और 4 हजार से अधिक परिवारों का विस्थापन होना है। इस योजना के बन जाने से क्षेत्र के 313 ग्राम लाभान्वित होंगे।
- सतना जिले के विकासखंड रामनगर में सिंचाई क्षेत्र बढ़ने से 53 करोड़ 69 लाख रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। इस योजना के बन जाने से क्षेत्र के 26 ग्राम लाभान्वित होंगे। वर्ष 2018 में राशि 36 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से यह सिंचाई परियोजना स्वीकृत की गई थी। तत्समय 2600 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र परियोजना में शामिल था, जो अब बढ़कर 3961 हेक्टेयर क्षेत्र हो चुका है।
- विदिशा जिले के विकासखंड लटेरी में सिंचाई क्षेत्र बढ़ने से 627 करोड़ 45 लाख रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। वर्ष 2016 में राशि 383 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से यह सिंचाई परियोजना स्वीकृत की गई थी। उस समय 9,990 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र परियोजना में शामिल था, जो अब बढ़कर 12 हजार 814 हेक्टेयर क्षेत्र हो चुका है। पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना की लागत में वृद्धि हुई है।
- सीहोर जिले की जावर तहसील में सिंचाई क्षेत्र बढ़ने से 222 करोड़ 3 लाख रुपये लागत की कान्याखेड़ी मध्यम सिंचाई परियोजना (सैंच्य क्षेत्र 4605 हेक्टेयर) की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्ष 2018 में राशि 102 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से यह सिंचाई परियोजना स्वीकृत की गई थी। उस समय 7 ग्रामों का 2400 हेक्टेयर क्षेत्र परियोजना में शामिल था, जो कि अब बढ़कर 11 ग्रामों का 3800 हेक्टेयर क्षेत्र हो चुका है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा बुरहानपुर जिले में 137 करोड़ 77 लाख रुपये लागत की छोटी उतावली मध्यम सिंचाई परियोजना (सैंच्य क्षेत्र 4000 हेक्टेयर) की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। परियोजना से दबाव युक्त (होज) पद्धति से बुरहानपुर तहसील के 9 ग्रामों को सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा।
- मंत्रिपरिषद द्वारा केन्द्रीकृत पुलिस कॉल सेंटर एवं नियंत्रण कक्ष तंत्र (डायल-100) योजना के निरंतर संचालन के लिए अनुबंधित फर्म M/s-BVG India Ltd. की अनुमोदित दरों में 15 प्रतिशत अधिक 6 माह (01 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च, 2024 तक) के लिये अनुबंधन अवधि में वृद्धि अथवा नवीन निविदा उपरांत चयनित निविदाकार द्वारा डायल-100 सेवा के संचालन का कार्य प्रारंभ करने की तिथि तक, जो भी अवधि कम हो तक की वृद्धि के लिये अनुमानित लागत 69 करोड़ 48 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम, 2011 में अनुकंपा नियुक्ति के संशोधन नियम-5-क को अंत:स्थापित करने की स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार जिस जिला पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव सेवारत था, उस जिला पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों में संबंधित प्रवर्ग का पद रिक्त न होने की स्थिति में अन्य जिले में जहां संबंधित प्रवर्ग में ग्राम पंचायत सचिव का पद रिक्त हो, पात्रता अनुसार नियुक्ति दी जा सकेगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

क्राफ्ट हेण्डलूम टूरिज्म विलेज

प्राचीन नगरी चंदेरी के कण-कण में व्याप्त है भारत की संस्कृति - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव क्राफ्ट हेण्डलूम टूरिज्म विलेज का लोकार्पण करते हुए

अशोकनगर, प्राचीन नगरी चंदेरी के हर एक कोने और पत्थर (कण-कण) में भारत की संस्कृति विद्यमान है। चंदेरी के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अशोकनगर के चंदेरी में देश के पहले 'क्राफ्ट हेण्डलूम टूरिज्म विलेज' के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के अद्भुत व्यक्तित्व के कारण भारत की विश्व में एक विशिष्ट पहचान बनी है। भगवान श्रीराम की जय-जयकार हुई है, लेकिन अभी भगवान श्रीकृष्ण की मटकी फूटनी बाकी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने महाकाल मंदिर के पास श्री महाकाल महालोक का निर्माण कर उसे विश्व प्रसिद्ध बनाया है। उनकी प्रेरणा से प्रदेश सरकार सभी देव-स्थानों को भी विकसित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने, गरीब के इलाज की उच्च स्तरीय व्यवस्था और विकास के हर कार्य करने के हर संभव प्रयास किए जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चंदेरी में विद्यार्थियों की उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये सौगात देते हुए कहा कि नई सराय और शाहौरा में नए एक्सीलेंस कॉलेज खोले जायेंगे।

प्रदेश में चैत्र माह से अगले वर्ष तक मनाया जाएगा गौ-वंश रक्षा वर्ष

गौ-शालाओं की राशि में होगी वृद्धि

भोपाल, प्रदेश में गौ-माता और गौ-वंश के संरक्षण के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। गौ-शालाओं के बेहतर संचालन के लिए उन्हें दी जा रही राशि में वृद्धि की जाएगी। गौ-रक्षा संवाद निरंतर होता रहेगा। इस विषय पर विचार-विमर्श की प्रक्रिया जारी रहेगी, ताकि गायों और गौ-शालाओं के बेहतर प्रबंधन के उपाय किये जा सकें। प्रदेश में चरनोई की भूमि पर अतिक्रमण हटाने, प्रति 50 किलोमीटर पर सड़कों पर दुर्घटना का शिकार हुई गायों को इलाज के लिए भिजवाने और सड़कों पर बैठने वाले पशुधन को बैठने से रोकने या अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिये आधुनिक उपकरणों की सहायता ली जायेगी। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में 'मध्यप्रदेश में गौ-शालाओं के बेहतर प्रबंधन पर आयोजित हितधारकों की कार्यशाला' - 'गौ-रक्षा संवाद' के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहीं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गौ-रक्षा संवाद के समापन सत्र को संबोधित करते हुए

उन्होंने कहा कि गायों के लिए चारा काटने के उपकरणों पर अनुदान की व्यवस्था की जायेगी। पंचायतों को आवश्यक सहयोग और प्रेरणा मिले, इसके लिए गौ-संवर्धन बोर्ड प्रयास करेगा। गायों के लिए गौ-शालाओं को प्रति गाय की राशि 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये प्रदान की जायेगी। अधूरी गौ-शालाओं का निर्माण पूर्ण किया जायेगा। नई गौ-शालाएं भी बनेंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-पालक ही गाय का महत्व समझता है। हमारे देश में गाय पालना, गौ-शाला चलाना पवित्र कार्य है। गौ-शाला संचालन से ज्यादा बेहतर काम यह है कि घर में ही गौ-पालन किया जाये। यदि पर्याप्त जगह है, तो गाय अवश्य पालें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उनके परिवार में भी गाय पालने की पुरानी परम्परा है। आज भी वयोवृद्ध पिता, बूढ़ी गायों की सेवा करते हैं। गाय को माँ स्वरूप मानते हैं। गौ-पालक परिवार यदि गाय के दूध का उपयोग करता है, तो सेवा में भी पीछे नहीं रहना चाहिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि के साथ पशुपालन की परम्परा रही है। राज्य सरकार का प्रयास होगा कि गौ-वंश के सम्मान के साथ दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो और गौ-शालाएं भी आत्मनिर्भर बनें। अन्य पशु अभयारण्यों से गौ-अभ्यारण्य भिन्न हैं। ये अभयारण्य गौ-विहार के रूप में विकसित हों, यह आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देव-स्थानों के संबंध में मंत्रिपरिषद समिति के गठन की भी जानकारी दी।

80 लाख से अधिक किसानों को राशि अंतरित

भिंड, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड में किसान एवं सहकारिता सम्मेलन में 80 लाख से अधिक किसानों को किसान कल्याण योजना के एक हजार 816 करोड़ रुपये और 25 लाख से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना के 755 करोड़ रुपये ऑनलाइन अंतरित किए। मुख्यमंत्री ने 193 करोड़ 35 लाख रुपये के 68 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने नयागांव में महाविद्यालय आरंभ करने, गौरी सरोवर तालाब का विकास कर उसका संपूर्ण कायाकल्प करने, मेहगांव को नगर पंचायत बनाने, भिण्ड के महाविद्यालय में कृषि संकाय आरंभ करने प्रदेश की सीमा में इटावा से भिण्ड मार्ग निर्माण और लेलवारी पुल निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भिण्ड, रथी, महारथी और वीरों की धरती है, यहां के युवा भारत माता को गौरवान्वित करते रहे हैं। भिण्ड में विराजमान वनखंडेश्वर महादेव और दंदरौआ के डॉक्टर हनुमानजी के चरणों में प्रणाम करते हुए उन्होंने कहा कि कभी भिण्ड की पहचान बीहड़ों और डकैतों से थी। भिण्ड में अब कानून का राज स्थापित है। विकास की बयार बह रही है।

साइबर सुरक्षा प्रबंधन पर 20 मार्च से ई-लर्निंग प्रशिक्षण

भोपाल, ई-रिकॉर्ड डेटा चोरी और साइबर फ्रॉड की घटनाओं को रोकने, कम्प्यूटर-इंटरनेट, मोबाइल, एटीएम, डिजिटल सिग्नेचर, ई-मेल, आधार कार्ड के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सैडमैप) द्वारा आठ दिवसीय साइबर सुरक्षा प्रबंधन पर ई-लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। प्रतिदिन दो घंटे ऑनलाइन प्रशिक्षण के दौरान 16 व्याख्यानों की व्यवस्था की गई है।

सैडमैप की कार्यकारी संचालक श्रीमती अनुराधा सिंघई ने बताया कि आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर और अन्य आई.टी. कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, गृह मंत्रालय एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा पॉलिसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना है, ताकि कार्यालयों में साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क स्थापित कर उसे बनाए रखा जा सके। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से आई.टी. संसाधनों के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा मिलेगा साथ ही सूचना की सुरक्षा तथा कार्यस्थल पर साइबर क्राइम, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सुरक्षा उपाय एवं रोकथाम, साइबर फ्रॉड की शिकायत एवं क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया आदि पर आधारित जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी जायेगी। 20 मार्च से प्रारंभ होने वाले प्रशिक्षण के लिए 15 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं।

असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि के लिये तत्काल सर्वे करने के निर्देश

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में हुई असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि को लेकर संबंधित जिला कलेक्टरों को तत्काल सर्वे के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि हाल ही में कुछ जिलों में हुई ओलावृष्टि के दृष्टिगत सर्वेक्षण सहित प्रभावित किसानों को राहत के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए।

अवध से अरब तक लहरा रही है भारत की सांस्कृतिक ध्वजा – मुख्यमंत्री

ग्वालियर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक अनुष्ठान का महापर्व चल रहा है, जिसमें अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। आज अवध से अरब तक भारत की सांस्कृतिक ध्वजा लहरा रही है। सनातन संस्कृति की इसी गौरवशाली परंपरा के अनुसार ग्वालियर जिले के जौरासी में अष्ट महालक्ष्मी के अद्भुत एवं भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। मुख्यमंत्री जौरासी में अष्ट महालक्ष्मी जी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। सुप्रसिद्ध जौरासी हनुमान मंदिर एवं अष्ट महालक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की प्रगति और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पुराने मंदिरों की महत्ता को स्थापित करने के लिये मंत्रिमण्डलीय उप समिति का गठन किया है। इस समिति के निर्देशन में प्रदेशभर के मंदिरों को सूचीबद्ध कर जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कर उनकी महत्ता स्थापित की जायेगी।

सिंहस्थ-2028 की प्रस्तावित कार्ययोजना

उज्जैन-इंदौर संभाग को धार्मिक-आध्यात्मिक सर्किट के रूप में विकसित किया जाए

भोपाल, सिंहस्थ-2028 के लिए पशुपतिनाथ मंदसौर, खंडवा स्थित दादा धूनी वाले, भादवामाता, नलखेड़ा, ओंकारेश्वर आदि तक सुगम आवागमन और उनके अधोसंरचना सुधार को सम्मिलित करते हुए उज्जैन-इंदौर संभाग को समग्र धार्मिक-आध्यात्मिक सर्किट के रूप में विकसित किया जाए। सिंहस्थ के लिए विकसित की जा रही व्यवस्थाओं में जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जाए। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ-2028 की प्रस्तावित कार्ययोजना पर मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2028 में 27 मार्च से 27 मई तक सिंहस्थ महापर्व सम्पन्न होगा। इस महापर्व में 9 अप्रैल से 8 मई की अवधि में 3 शाही स्नान और 7 पर्व स्नान प्रस्तावित हैं। सिंहस्थ महापर्व में लगभग 14 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है। अत: इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों को सम्मिलित करते हुए सिंहस्थ-2028 के लिए प्रारंभिक कार्ययोजना बनाई गई है। जिसमें 19 विभागों से संबंधित लगभग 18 हजार 840 करोड़ के 523 कार्य प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के लिए मेला क्षेत्र को सुव्यवस्थित रूप से विकसित किया जाये।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ-2028 के लिए एक बैठक को संबोधित करते हुए

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश के

शहडोल, गुना, झाबुआ, खंडवा, कटनी, छतरपुर, पिपरिया, बैतूल, सागर, विदिशा एवं इटारसी में

एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
0755-2551330

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

सुनील भारती मित्तल

ब्रिटेन ने दिया नाइटहुड सम्मान

ब्रिटेन ने भारतीय उद्योगपति सुनील भारती मित्तल को मानद नाइटहुड उपाधि से सम्मानित किया है। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय ने भारत-ब्रिटेन व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सुनील मित्तल को यह सम्मान दिया है। यह विदेशी नागरिकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च ब्रिटिश सम्मान है। सुनील मित्तल इस सम्मान को हासिल करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इससे पहले भारतीय साहित्यकार रवींद्रनाथ टैगोर को वर्ष 1915 में नाइटहुड उपाधि दी गई थी, लेकिन टैगोर ने जलियांवाला बाग नरसंहार के विरोध में यह उपाधि लौटा दी थी।

इसरो

मंगल ग्रह पर लैंडर के साथ भेजेगा रोटोकॉप्टर

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने दूसरे मंगल मिशन की तैयारी कर रहा है। मार्टियन बाउंड्री लेयर एक्सप्लोरर (मार्बल) नामक इस मिशन में इसरो मंगल ग्रह पर लैंडर के साथ एक रोटोकॉप्टर (रोबो-हेलिकॉप्टर) भेजने की योजना बना रहा है। यह हेलीकॉप्टर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के इनजेनिटी ड्रोन की तरह काम करेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार मार्बल मिशन मंगल ग्रह के मौसम के पैटर्न और ग्रह की जलवायु के बारे में जानकारी एकत्र करेगा। इस मिशन के तहत हेलीकॉप्टर मंगल ग्रह पर 100 मीटर तक ऊंची उड़ान भरेगा।

रूस ने

स्पूतनिक-वी वैक्सीन को दी मंजूरी

रूस में विकसित कोविड-19 वैक्सीन स्पूतनिक-वी को रूसी सरकार ने घरेलू प्रयोग के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है। मॉस्को स्थित गामालेया नेशनल सेंटर फॉर एपिडेमियोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग ने बताया कि रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कुछ सुधारों और निर्देशों के साथ स्पूतनिक-वी को पंजीकृत करने की अनुमति प्रदान की है। किशोरों पर परीक्षण के बाद अब गामालेया वैक्सीन के औपचारिक पंजीकरण के लिए आवेदन करेगा।

शॉर्ट फिल्म शाश्वतम् को

अंतर्राष्ट्रीय संस्कृत शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में मिले 4 अवॉर्ड

चेन्नई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संस्कृत शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में शॉर्ट फिल्म शाश्वतम् ने 4 अवॉर्ड जीते हैं। इस शॉर्ट फिल्म को सूरत के गैर-पेशेवर कलाकारों ने संस्कृत भाषा में बनाया है। इस फिल्म की कहानी अंगदान को लेकर प्रेरित करती है। संस्कृत फेस्टिवल में इस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निदेशक मोनाक्ष कनीरकर को सर्वश्रेष्ठ निदेशक, कलाकार महारूद्र शर्मा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट फिल्म का पुरस्कार मिला।

संयुक्त अरब अमीरात में

पहली बार आयोजित हुई जेट सूट रेस

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दुनिया की पहली जेट सूट रेस आयोजित की गई। दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल और द ग्रेविटी कंपनी द्वारा आयोजित इस रेस में सभी प्रतिभागियों ने जेट सूट पहने हुए थे। इस प्रतियोगिता में 8 लोगों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को एक किलोमीटर तक उड़ान के दौरान पानी में रखे बैरियर्स को छूना था। 90 सेकेंड की इस रेस को प्रतिभागी इस्सा कल्फॉन ने जीता। रेस में पॉल जोन्स दूसरे तथा फ्रेडी हे तीसरे स्थान पर रहे।

सुमन कुमारी

बीएसएफ की पहली महिला स्नाइपर बनीं

सुमन कुमारी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की पहली महिला स्नाइपर बन गई हैं। बीएसएफ की पंजाब यूनिट में पदस्थ उप निरीक्षक सुमन ने इंदौर के सेंट्रल स्कूल ऑफ वेपन टेक्निक्स (सीएसडब्ल्यूटी) में ट्रेनिंग ली। सुमन 56 पुरुषों के बैच में अकेली महिला थीं, जिन्होंने स्नाइपर की ट्रेनिंग ली है। आठ महीने की ट्रेनिंग के बाद उन्हें बीएसएफ में स्नाइपर बनाया गया है।

शहबाज़ शरीफ

दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री चुने गए

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के शहबाज़ शरीफ पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री चुने गए हैं। शहबाज़ दूसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले वे 11 अप्रैल 2022 से 13 अगस्त 2023 तक प्रधानमंत्री रहे थे। 336 सदस्यों वाली पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री पद के लिए हुए चुनाव में शहबाज़ शरीफ को 201 वोट मिले, वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के उम्मीदवार उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। शहबाज़ तीन बार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री भी रह हैं।

टाइगर वुड्स

बॉब जोन्स अवॉर्ड से होंगे सम्मानित

अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) ने विश्व के दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अपने सर्वोच्च पुरस्कार बॉब जोन्स अवॉर्ड के लिए चुना है। वुड्स को उत्तरी कैरोलिना में 12 जून 2024 को आयोजित होने वाले यूएस ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान यह अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। अपने गोल्फ कॅरियर में 82 पीजीए टूर खिताब जीत चुके वुड्स को वर्ष 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। वुड्स ने 9 बार यूएसजीए गोल्फ चैम्पियनशिप जीती है।

राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों

ओलिंपिक गांव का किया निरीक्षण

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस वर्ष आयोजित होने वाले पेरिस ओलिंपिक की तैयारियों के मद्देनजर ओलिंपिक गांव का निरीक्षण किया। राष्ट्रपति मैक्रों ने पेरिस ओलिंपिक के अध्यक्ष टोनी एस्टांगुएट को ओलिंपिक गांव की प्रतीकात्मक चाबी सौंप दी है। ओलिंपिक गांव 52 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। पेरिस ओलिंपिक के दौरान लगभग 14,500 एथलीट और उनके सपोर्ट स्टाफ इस गांव में रहेंगे। पेरिस ओलिंपिक के बाद इस गांव को पर्यावरण अनुकूल क्षेत्र में बदल दिया जाएगा।

ओडीसियस लैंडर

अमेरिकी चंद्रयान ने चंद्रमा पर काम करना किया बंद

हाल ही में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचे अमेरिकी चंद्रयान ओडीसियस के लैंडर ने चंद्रमा पर काम करना बंद कर दिया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया कि चंद्रमा पर लैंडिंग करते समय लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा की धरती में धंस गया था, जिससे यह लैंडर एक ओर झुक गया था। अब इस लैंडर ने पूरी तरह काम करना बंद कर दिया है। इस अंतरिक्ष यान को अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने चंद्रमा पर भेजा था।

मोहम्मद शतयेह

फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री ने दिया इस्तीफा

इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध के बीच फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शतयेह ने फिलिस्तीन प्राधिकरण के अध्यक्ष और राष्ट्रपति महमूद अब्बास को अपना इस्तीफा सौंपा। शतयेह ने कहा कि वह युद्ध के बीच एक नई राजनीतिक व्यवस्था कायम करने को लेकर फिलिस्तीनियों में एक आम सहमति बनाने के लिए इस्तीफा दे रहे हैं।

कल्याण चौबे पर

जारी किया गया पोस्टल स्टाम्प

भारतीय डाक विभाग ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष और पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे के नाम से पोस्टल स्टाम्प जारी कर उन्हें सम्मानित किया है। भारतीय डाक विभाग ने कोलकाता में आयोजित एक समारोह में इस पोस्टल स्टाम्प का लोकार्पण किया। पांच रुपये मूल्य के इस स्टाम्प पर कल्याण चौबे की तस्वीर के साथ लाल किले की तस्वीर भी बनी हुई है।

आईआईटी मंडी और पलक्कड़

समुद्र के अंदर निगरानी करने वाला रोबोट बनाया

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी और पलक्कड़ के शोधकर्ताओं ने एक मरीन रोबोट बनाया है। इस अत्याधुनिक रोबोट को समुद्र के अंदर निगरानी और निरीक्षण करने के लिए बनाया गया है। आईआईटी मंडी के सेंटर फॉर एआई के सहायक प्रोफेसर जगदीश कादियाम ने बताया कि देश में जब भी कोई समुद्री मिशन चलाया जाएगा, तब यह मरीन रोबोट मिशन में शामिल लोगों की न केवल मदद करेगा, बल्कि उनकी सुरक्षा भी करेगा।

शर्विन हाजीपुर

ग्रैमी अवॉर्ड विजेता गायक को मिली जेल की सजा

ईरान की एक अदालत ने ग्रैमी अवॉर्ड विजेता और लोकप्रिय गायक शर्विन हाजीपुर को तीन वर्ष से अधिक समय की सजा सुनाई है। शर्विन को यह सजा वर्ष 2022 में पुलिस हिरासत में महसा अमीनी की मौत पर हुए विरोध प्रदर्शन का समर्थन करने के लिए दी गई है। शर्विन ने महसा अमीनी की मौत और हिजाब विरोधी प्रदर्शन के समर्थन में गाना भी लिखा था। उल्लेखनीय है कि शर्विन को वर्ष 2023 में गाने के जरिए सामाजिक बदलाव लाने वाली स्पेशल कैटेगरी में ग्रैमी अवॉर्ड मिला था।

निक्की हेली

वाशिंगटन में जीता प्राइमरी चुनाव

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी हासिल करने में लगीं भारतीय मूल की राजनेता निक्की हेली प्राइमरी चुनाव में अपनी पहली जीत दर्ज करने में सफल रही है। हेली ने डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया के चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हराया। इस जीत के बावजूद निक्की हेली राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर हो गई है।

पिमचानोक वॉनकोपोन पिटफील्ड

थाईलैंड ने डब्ल्यूटीओ में अपनी प्रतिनिधि को हटाया

थाईलैंड ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में अपनी राजदूत पिमचानोक वॉनकोपोन पिटफील्ड को हटा दिया है। पिटफील्ड ने भारत के चावल खरीद कार्यक्रम को लेकर विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारत पर निर्यात बाजार पर कब्जा करने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए खरीदे गए सब्सिडी वाले चावल का उपयोग करने का आरोप लगाया था। भारत ने इस टिप्पणी को लेकर थाईलैंड की सरकार और डब्ल्यूएचओ प्रमुख नगोजी ओकोन्जा इवेला के समक्ष कड़ा विरोध जताया था।

स्मृति शेष

पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा का निधन

देश के वरिष्ठ पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। अरुण कुमार शर्मा ने छत्तीसगढ़ के सिरपुर में हजारों वर्षों से गुमनाम एक सभ्यता को तलाशकर दुनिया के सामने लाया था। अरुण कुमार शर्मा सिरपुर को वर्ल्ड हैरिटेज सिटी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। वर्ष 2017 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया था।

कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का निधन

कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनकी बेटी कैरोलीन मुलरोनी ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी दी। श्रमिक परिवार में जन्में मुलरोनी कानून की पढ़ाई करने के बाद कंजरवेटिव पार्टी से जुड़े। इसके बाद वे सितम्बर 1984 में कनाडा के 18वें प्रधानमंत्री बने और जून 1993 तक उन्होंने यह पद संभाला।

पूर्व मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी चकमा का निधन

पूर्व मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी चकमा का 28 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। रिंकी पिछले दो वर्षों से स्तन कैंसर से जूझ रही थीं। फेमिना मिस इंडिया संस्था ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें एक ऐसी शक्तिशाली महिला बताया जो अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा थी। रिंकी चकमा ने वर्ष 2017 में मिस इंडिया त्रिपुरा का खिताब जीता था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

E-mail : cepwdcentral@mp.nic.in, Phone No. : 0761-2621541, Fax No. : 0761-2678521

निविदा सूचना क्रमांक 17/सा/2023-24 जबलपुर, दिनांक 29.02.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 1. गांधी ग्राम एन.एच. के छूटे हुये भाग जो एन.एच. से विभाग को हस्तांतरित हुये (ओल्ड एन.एच.-7) के मार्ग लं. 2.54 कि.मी. का विस्तारीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य।

टेण्डर आई.डी.	जिला/संभाग	आमंत्रण	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र राशि	समयावधि
2024_PWDRB_339085_1	जबलपुर क्र.-1	प्रथम	691.66 लाख	6,92,000/-	20,000/-	12 माह वर्षाऋतु सहित
स.क्र. एवं कार्य का नाम - 2. रेतनाका ग्वारीघाट ललपुर मार्ग के मजबूतीकरण कार्य।						
2024_PWDRB_339087_1	जबलपुर क्र.-1	प्रथम	814.41 लाख	8,15,000/-	20,000/-	16 माह वर्षाऋतु सहित
स.क्र. एवं कार्य का नाम - 3. शिवनगर से बड़कुल होटल तक लं. 1.50 कि.मी. मार्ग का निर्माण कार्य।						
2024_PWDRB_339089_1	जबलपुर क्र.-1	प्रथम	508.48 लाख	5,08,500/-	20,000/-	12 माह वर्षाऋतु सहित
स.क्र. एवं कार्य का नाम - 4. पुराने एन.एच.-7 के छूटे हुये भाग जुझारी-गोसलपुर मार्ग लं. 3.32 कि.मी., घाटसिमरिया मार्ग लं. 1.05 कि.मी. एवं धनगवां भाग मार्ग लं. 1.74 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण/मजबूतीकरण कार्य।						
2024_PWDRB_339092_1	जबलपुर क्र.-2	प्रथम	546.38 लाख	5,46,500/-	20,000/-	12 माह वर्षाऋतु सहित
स.क्र. एवं कार्य का नाम - 5. नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत इमझिरा से बीतली रीछा तिराहा, हेमरा से खरेराघाट बरमान (खुर्द) मार्ग लं. 8.20 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित) का निर्माण कार्य।						
2024_PWDRB_339094_1	नरसिंहपुर	प्रथम	706.96 लाख	7,07,000/-	20,000/-	12 माह वर्षाऋतु सहित

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निवदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 15.03.2024 समय 5.30 PM तक** है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता, लो.नि.वि.
जी-25388/49586/2024 जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, कला मंदिर रोड, स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)

एनआईटी नं. 04/2004/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/CE/Building/573 रीवा, दिनांक 26.02.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

स. क्र.	पोर्टल टेंडर आई.डी.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2024_PWPIU_338769_1	रघुराजगढ़, जिला-रीवा में सी.एम. राजइ स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	रीवा	3094.52	1547260/-	50000/-	18 माह वर्षाकाल सहित
2.	2024_PWPIU_338774_1	ढेरा, जिला-मऊगंज में सी.एम. राइज स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	मऊगंज	3136.87	1568435/-	50000/-	18 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 29.02.2024 समय 10.00 AM से दिनांक 15.03.2024 समय 6.00 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
जी-25519/49593/2024 लोक निर्माण विभाग, रीवा (म.प्र.)

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)

खेल परिसर के समाने, सांची रोड, विदिशा (म.प्र.) 464001, दूरभाष : 07592-297001

E-mail : deangmcvidisha@gmail.com, Website : www.gmcvidisha.org

क्रमांक : 1059/ई-निविदा/क्रय शाखा/अ.बि.वा.जी.एम.सी./2024 विदिशा, दिनांक 02.03.2024

ई-निविदा विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय विदिशा के लिये Computer, Multi function Printer and U.P.S. क्रय किये जाने हेतु GeM Portal के माध्यम से **दिनांक 11.03.2024** से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

उक्त ई-निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी GeM Portal का अवलोकन कर प्राप्त की जा सकेगी। अतः निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर केवल GeM Portal and **www.gmcvidisha.org** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

अधिष्ठाता
अटल बिहारी वाजपेयी
जी-25565/49597/2024 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारपुर जिला धार (म.प्र.)

दूरभाष : 07296-245865, ई-मेल : eephedsardha@mp.gov.in

नि.सू.क्रं. 26/2023-24 सरदारपुर, दिनांक 27.02.2024

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं ई-टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत आमंत्रित किये जाने हेतु विभागीय इंटरनेट साईट पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in/** खंड सरदारपुर के विभिन्न गांवों में 150/125/115 मिमी व्यास और 180 मीटर गहरे साधारण नलकूप कार्य हेतु निर्धारित प्रक्रिया संपादित की गई है :-

सिस्टम टेण्डर क्रं.	कार्य का विवरण	निविदा लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	ठेकेदारों की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2024_PHED_337809	गंधवानी समूह क्रमांक 6.1	15.75	31500/-	2000/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	02 माह वर्षाकाल छोड़कर
2024_PHED_337800	गंधवानी समूह क्रमांक 6.2	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337292	गंधवानी समूह क्रमांक 6.3	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337293	गंधवानी समूह क्रमांक 6.4	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337294	गंधवानी समूह क्रमांक 6.5	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337295	कुक्षी समूह क्रमांक 1.1	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337296	कुक्षी समूह क्रमांक 1.2	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337297	कुक्षी समूह क्रमांक 1.3	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337298	कुक्षी समूह क्रमांक 1.4	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337299	मनावर समूह क्रमांक 5.1	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337300	मनावर समूह क्रमांक 5.2	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337301	मनावर समूह क्रमांक 5.3	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337302	मनावर समूह क्रमांक 5.4	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337303	निसरपुर समूह क्रमांक 3.1	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337304	निसरपुर समूह क्रमांक 3.2	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337305	निसरपुर समूह क्रमांक 3.3	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337306	निसरपुर समूह क्रमांक 3.4	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_338156	सरदारपुर समूह क्रमांक 7.1	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337308	सरदारपुर समूह क्रमांक 7.2	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337309	सरदारपुर समूह क्रमांक 7.3	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337310	सरदारपुर समूह क्रमांक 7.4	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_338157	सरदारपुर समूह क्रमांक 7.5	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337810	डही समूह क्रमांक 4.4	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337812	डही समूह क्रमांक 4.3	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337828	डही समूह क्रमांक 4.2	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337830	डही समूह क्रमांक 4.1	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337832	बाग समूह क्रमांक 2.4	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337833	बाग समूह क्रमांक 2.3	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337835	बाग समूह क्रमांक 2.2	15.75	31500/-	2000/-		
2024_PHED_337837	बाग समूह क्रमांक 2.1	15.75	31500/-	2000/-		

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 11.03.2024 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : **11.03.2024** 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 13.03.2024 11.00 बजे

नोट :- निविदा प्रपत्र सिर्फ उपरोक्त इंटरनेट साईट पर ऑनलाइन पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ट एवं आय.टी.जेड. कैश कार्ड के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं।
विस्तृत निविदायें एवं अन्य विवरण उपरोक्त लिखित पोर्टल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जी-25367/49584/2024 खण्ड सरदारपुर जिला - धार (म.प्र.)

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, जबलपर परिक्षेत्र, जबलपुर

E-mail : cepwddentral@mp.nic.in, Phone No. : 0761-2621541, Fax No. : 0761-2678521

निविदा सूचना क्रमांक - 18/सा/2023-24 जबलपुर, दिनांक 01.03.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला/संभाग	कार्य का नाम	आमंत्रण	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र राशि	समयावधि
01	2024_PWDRB_339481	बालाघाट	ग्राम कोसमी से भटेरा देवटोला नहर मार्ग लंबाई 5.10 कि.मी. (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित) का निर्माण कार्य।	प्रथम	631.07 लाख	6,31,100/-	20,000/-	14 माह वर्षाऋतु सहित

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 15.03.2024 समय 5.30 PM तक** है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता
जी-25533/49595/2024 लो.नि.वि. जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
भोपाल मण्डल भोपाल पुराना सचिवालय भोपाल

दूरभाष : फोन नं. 0755-2738774, E-mail ID : seresbhopal@mp.gov.in

निविदा विज्ञप्ति क्र. - 13/2023-24

क्रमांक 416 **दिनांक 29.02.2024**

मण्डल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	ग्रायांसे संभागीय कार्यालय	सिस्टम टेण्डर नम्बर	आमंत्रण का क्रम	कार्य का नाम	निर्माण कार्यों की अनु. लागत (लाख में)
1	भोपाल	2024_RES_338884_1	प्रथम	ग्राम पंचायत कोटरा चौपडा ग्राम कोटरा चौपडा में पुलिया निर्माण (स्लेब कल्वर्ट) विकासखण्ड बैरसिया।	24.38
2	भोपाल	2024_RES_339695_1	प्रथम	ग्राम पंचायत महोली में पवेलियन एवं खेल मैदान निर्माण कार्य विकासखण्ड बैरसिया।	23.84
3	भोपाल	2024_RES_339705_1	प्रथम	ग्राम पंचायत सोहाया में पवेलियन एवं खेल मैदान निर्माण कार्य विकासखण्ड बैरसिया।	23.84
4	भोपाल	2024_RES_339707_1	प्रथम	ग्राम पंचायत विशनखेड़ी में पवेलियन एवं खेल मैदान निर्माण कार्य विकासखण्ड बैरसिया।	23.84
5	भोपाल	2024_RES_339710_1	प्रथम	ग्राम पंचायत गुनगा में पवेलियन एवं खेल मैदान निर्माण कार्य विकासखण्ड बैरसिया।	23.84
6	भोपाल	2024_RES_339715_1	प्रथम	ग्राम पंचायत रूनाहा में पवेलियन एवं खेल मैदान निर्माण कार्य विकासखण्ड बैरसिया।	23.84
7	भोपाल	2024_RES_339716_1	प्रथम	ग्राम पंचायत ललरिया में पवेलियन एवं खेल मैदान निर्माण कार्य विकासखण्ड बैरसिया।	23.84
8	भोपाल	2024_RES_339719_1	प्रथम	ग्राम पंचायत नजीराबाद में पवेलियन एवं खेल मैदान निर्माण कार्य विकासखण्ड बैरसिया।	23.84
9	भोपाल	2024_RES_339725_1	प्रथम	ग्राम पंचायत रतुआ-रतनपुर में पवेलियन एवं खेल मैदान निर्माण कार्य विकासखण्ड बैरसिया।	23.84
10	भोपाल	2024_RES_338889_1	प्रथम	ग्राम पंचायत रायपुर में पवेलियन एवं खेल मैदान निर्माण कार्य विकासखण्ड बैरसिया।	23.84
11	राजगढ़	2024_RES_338892_1	प्रथम	40 दुकानों का निर्माण कार्य भैंसवामाता मंदिर परिसर ग्राम भैंसवामाता विकासखण्ड सारंगपुर जिला राजगढ़।	122.92
12	राजगढ़	2024_RES_338896_1	प्रथम	शासकीय माहविद्यालय परिसार जीरापुर में केन्टीन, चौकीदार आवास, वेटिंग शेड इत्यादि निर्माण कार्य।	41.14
13	राजगढ़	2024_RES_338900_1	प्रथम	शनिदेव सामुदायिक मंगल भवन शेडयुक्त विकासखण्ड खिलचीपुर।	42.15
14	सीहोर	2024_RES_338906_1	प्रथम	ग्राम-डोवी, ग्राम पंचायत डोवी तह.-बुधनी में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य मय बाउण्ड्रीवॉल एवं आंतरिक विद्युतीकरण सहित।	90.78
15	सीहोर	2024_RES_338908_1	प्रथम	ग्राम-बक्तरा, ग्राम पंचायत बक्तरा तह.-बुधनी में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य बाउण्ड्रीवॉल नलकूप तथा आंतरिक विद्युतीकरण कार्य सहित।	90.78
16	सीहोर	2024_RES_338913_1	प्रथम	ग्राम कुलांसकला में कुलासी नदी पर 05 रो व्हीसीडब्ल्यू पुल का निर्माण विकासखण्ड सीहोर।	26.34
17	सीहोर	2024_RES_338923_1	प्रथम	ग्राम घाटपलासी से ग्राम सोंडा तक 2.20 किमी बीटी रोड निर्माण कार्य विकासखण्ड सीहोर।	137.26
18	सीहोर	2024_RES_338934_1	प्रथम	ग्राम पंचायत सोंठी में सोंठी से सोंठीपुरा तक 1.50 किमी सी.सी. रोड का निर्माण कार्य विकासखण्ड सीहोर।	142.52
19	सीहोर	2024_RES_338940_1	प्रथम	ग्राम मोतीपुरा से ग्राम मगरदा तक 2.00 कि.मी. बीटी रोड का निर्माण कार्य विकासखण्ड सीहोर।	98.96
20	सीहोर	2024_RES_338941_1	प्रथम	ग्राम कतपोन क्रेशर से ग्राम हालियाभील तक 1.40 किमी बीटी रोड का निर्माण कार्य विकासखण्ड सीहोर।	91.22
21	सीहोर	2024_RES_338943_1	प्रथम	ग्राम पंचायत हथनौरा ग्राम सुडानिया, विकासखण्ड बुधनी स्कूल भवन, बाउंड्रीवॉल एवं सौन्दर्यीकरण निर्माण कार्य आंतरिक विद्युतीकरण सहित।	24.92
22	सीहोर	2024_RES_339769_1	प्रथम	ग्राम नापलाखेड़ी में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य सहित विकासखण्ड सीहोर।	59.20
23	सीहोर	2024_RES_339778_1	प्रथम	ग्राम पंचायत समरीबोंदा के शमशान घाट में उमरगढ़ धन्ना तक बीटी सड़क निर्माण कार्य 1 स्लेब कल्वर्ट एवं 1 नं. 05 रो व्हीसीडब्ल्यू निर्माण कार्य विकासखण्ड आष्टा।	293.65
24	सीहोर	2024_RES_339780_1	प्रथम	शंकर मंदिर आष्टा का जीर्णोद्धार कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित विकासखण्ड आष्टा।	83.45
25	विदिशा	2024_RES_338944_1	प्रथम	4.00 किमी बीटी रोड निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित ग्राम मोहब्बतपुर से ग्राम झूकरजोगी ग्राम पंचायत मूडरासागर जनपद पंचायत लटेरी।	217.07
26	विदिशा	2024_RES_338946_1	प्रथम	ग्राम भीलाखेड़ी खुर्द, पंचायत धीरगढ़ से मजरा कर्रया, पंचायत धीरगढ़ तहसील लटेरी तक 3.00 कि.मी. ग्रेवल मार्ग निर्माण पुल-पुलिया सहित।	125.84
27	विदिशा	2024_RES_338949_1	प्रथम	ग्राम खेजड़ा हाली से मजरा टांडा (काछीखेड़ा) तक 3.50 कि.मी. ग्रेवल मार्ग निर्माण पुल-पुलिया सहित।	124.05
28	विदिशा	2024_RES_338952_1	प्रथम	श्री महामाई मंदिर ग्राम वीरपुर, पंचायत चौड़ाखेड़ी तहसील सिरोंजा पर शेड निर्माण।	97.93
29	विदिशा	2024_RES_338954_1	प्रथम	ग्राम मदागन, ग्राम पंचायत सांकलेना से ग्राम धर्मपुर, ग्राम पंचायत सांकलोन तक 3.00 कि.मी. ग्रेवल मार्ग निर्माण पुल-पुलिया सहित।	110.10
30	विदिशा	2024_RES_338955_1	प्रथम	विशेपुर-कठोतिया मार्ग से ग्राम आमाढाना, (पंचायत परसौरा तहसील सिरोंज) की ओर 3.00 कि.मी. ग्रेवल मार्ग निर्माण पुल-पुलिया सहित।	110.10
31	विदिशा	2024_RES_338956_1	प्रथम	ग्राम झण्डवा, तहसील सिरोंज से ग्राम महुआखेड़ा तहसील आरोन की सीमा तक 2.80 कि.मी. ग्रेवल मार्ग निर्माण पुल-पुलिया सहित।	95.87
32	विदिशा	2024_RES_338958_1	प्रथम	ग्राम पामाखेड़ी, (ग्राम पंचायत पामाखेड़ी) से चाठोली-रोहिलपुरा वार्ड क्र. 13 सिरोंज मार्ग तक 1.50 किमी डामरीकरण मार्ग निर्माण पुल-पुलिया सहित।	81.52
33	विदिशा	2024_RES_338960_1	प्रथम	ग्राम गोपालपुर, ग्राम पंचायत गोपालपुर तहसील लटेरी से ग्राम दनवास, ग्राम पंचायत दनवास तक 1.60 कि.मी. ग्रेवल मार्ग निर्माण पुल-पुलियों सहित।	63.92
34	विदिशा	2024_RES_338962_1	प्रथम	लटेरी-शमशाबाद मार्ग से गुर्जर मोहल्ला अगरा पठार तक 1.65 कि.मी. ग्रेवल मार्ग निर्माण।	63.96
35	विदिशा	2024_RES_338964_1	प्रथम	अहमदपुर कस्वा ओढ़ी नदी पर श्री राम जानकी मंदिर के सामने स्टॉप डेम कम पुलिया निर्माण।	24.57
36	विदिशा	2024_RES_338966_1	प्रथम	पुल निर्माण कार्य ग्राम करारिया लश्करपुर ग्राम पंचायत करारिया लश्करपुर जनपद पंचायत विदिशा।	75.17
37	विदिशा	2024_RES_338969_1	प्रथम	स्टापडेम कम पुलिया निर्माण ग्राम लशकरपुर में सहोदरा नदी के धोबी घाट पर।	50.90
38	रायसेन	2024_RES_338971_1	प्रथम	विकासखण्ड सांची अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोपीसुर सतकुण्डा में प्रधानमंत्री सड़क से चौपट्टा मोहल्ला तक बीटी सड़क निर्माण कार्य लंबाई 1.50 कि.मी.।	104.62
39	रायसेन	2024_RES_338974_1	प्रथम	विकासखण्ड सांची अन्तर्गत ग्राम बरजोरपुर से जमुनिया तक ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य लंबाई 3.50 कि.मी.।	102.93
40	रायसेन	2024_RES_338975_1	प्रथम	विकासखण्ड गैरतगंज अन्तर्गत आमखेडा से जलाल पुर तक 1.00 बीटी सड़क निर्माण कार्य।	97.48
41	रायसेन	2024_RES_338977_1	प्रथम	वि.खं. सांची अंतर्गत ग्राम बर्रूखार से सिरसी की ओर ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य लंबाई 3.50 कि.मी.।	93.05
42	रायसेन	2024_RES_338979_1	प्रथम	वि.खं. सांची अंतर्गत बरखेड़ी से सिरसोदा की ओर ग्रेवल रोड निर्माण कार्य लंबाई 2.00 कि.मी.।	66.22
43	रायसेन	2024_RES_338983_1	प्रथम	वि.खं. सांची अंतर्गत सिरसोदा से बरखेड़ी की ओर ग्रेवल रोड निर्माण कार्य लंबाई 2.00 कि.मी.।	56.80
44	रायसेन	2024_RES_338990_1	प्रथम	विकासखण्ड सांची अंतर्गत ग्राम व बनगवां से राधाटोला (बनगवा) तक 2.10 कि.मी. ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य।	54.86
45	रायसेन	2024_RES_338995_1	प्रथम	विकासखण्ड सांची अंतर्गत ग्राम धनौरा से ग्राम ब्यावरा तक ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य लंबाई 2.00 कि.मी.।	52.19
46	रायसेन	2024_RES_338997_1	प्रथम	विकासखण्ड सांची अंतर्गत ग्राम गीदगढ़ प्रधानमंत्री सड़क से महुआ खेड़ा तक ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य दूरी 2.00 कि.मी.।	51.68
47	रायसेन	2024_RES_338999_1	प्रथम	विकासखण्ड सांची अंतर्गत ग्राम बहेडिया में पुलिया निर्माण कार्य।	39.00
48	रायसेन	2024_RES_339001_1	प्रथम	वि.खं. सांची अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क से ग्राम हिम्मतगढ़ तक 1.00 ग्रेवल रोड निर्माण कार्य।	25.09
49	रायसेन	2024_RES_339003_1	प्रथम	ग्राम सियलवाड़ा से डुगरिया खुर्द तक 2.00 सी.सी. सड़क जनपद पंचायत सिलवानी।	153.67
50	रायसेन	2024_RES_339005_1	प्रथम	ग्राम पंचायत सांईखेड़ा जनपद पंचायत सिलवानी के ग्राम सांईखेड़ा में नीगरी रोड से सोजनी रोड तक 0.600 सी.सी. रोड एवं नदी पर रिपटा सहित निर्माण कार्य।	125.63
51	रायसेन	2024_RES_339008_1	प्रथम	मुख्य मार्ग से गोपीसूर सतकुण्डा ग्राम पंचायत गोपीपुर वि.खं. सांची तक 2.00 बी.टी. सड़क निर्माण कार्य।	110.70
52	रायसेन	2024_RES_339010_1	प्रथम	ग्राम पंचायत चन्दन पिपरिया ज.पं. सिलवानी में ग्राम चिल्ली से खेड़ेघाट तक 1.50 कि.मी. सी.सी. रोड निर्माण।	115.12
53	रायसेन	2024_RES_339012_1	प्रथम	पाली से मिर्जापुर ग्राम पंचायत मुरैल कलां वि.खं. सांची तक 3.00 ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य।	106.94
54	रायसेन	2024_RES_339013_1	प्रथम	ग्राम दिघावन सिद्वघाट धाम पर नर्मदा घाट निर्माण हेतु।	81.65
55	रायसेन	2024_RES_339014_1	प्रथम	देहगांव बम्होरी मार्ग से बेलगांव तक 1.00 कि.मी. सी.सी. सड़क जनपद पंचायत सिलवानी।	78.30
56	रायसेन	2024_RES_339017_1	प्रथम	महका (आमापानी खुर्द) से मुख्य सड़क तक 1.00 सी.सी. रोड जनपद पंचायत सिलवानी।	76.76
57	रायसेन	2024_RES_339021_1	प्रथम	मुख्य मार्ग से डाबर इमलिया वि.खं. सांची तक 0.900 बीटी सड़क निर्माण कार्य।	55.79
58	रायसेन	2024_RES_339024_1	प्रथम	अमरावद छिमछिरी मुख्य मार्ग से खजुरी टोला ग्राम पंचायत माखनी वि.खं. सांची तक 1.80 कि.मी. ग्रेबल सड़क निर्माण कार्य।	45.56
59	रायसेन	2024_RES_339025_1	प्रथम	जिन्तौर से शोभापुर वि.खं. गैरतगंज तक 1.50 कि.मी. ग्रेबल सड़क निर्माण कार्य।	42.97
60	रायसेन	2024_RES_339026_1	प्रथम	बरजोरपुर से कारसदेव मंदिर (ग्राम पंचायत सरार वि.ख.) तक 1.30 कि.मी. ग्रेबल सड़क निर्माण कार्य।	34.92
61	रायसेन	2024_RES_339027_1	प्रथम	विकासखण्ड सांची अंतर्गत ग्राम चिलवाहा से नयापुरा तक 12.80 कि.मी. ग्रेवल रोड निर्माण कार्य।	438.26
62	रायसेन	2024_RES_339804_1	प्रथम	ग्राम पंचायत बीकलपुर जनपद पंचायत सिलवानी के बीकलपुर में खेल मैदान निर्माण कार्य।	76.08

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट), वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की तिथि 05.03.2024 समय 18.00 बजे है। निविदा (बिड प्रपत्र प्रस्तुत करने का **अंतिम दिनांक 16.03.2024 समय 18.00 बजे तक**। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाइट पर दी जावेगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण यंत्री

जी-25633/49612/2024 **ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल मण्डल, भोपाल**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए

मध्यप्रदेश के लोकनृत्य, लोकनाट्य, लोकगीत और लोक गायन

प्र. 1 निम्न लोकनृत्य व राज्य में असंगत हैं -
(अ) नौटंकी ,कजरी - उत्तरप्रदेश
(ब) कर्मा, जात्रा, छाऊ - झारखंड
(स) गरबा, लास्य - गुजरात
(द) सुवा, सरहूल - मध्यप्रदेश
उत्तर- (द)

प्र. 2 कौन-सा लोकनृत्य मध्यप्रदेश का नहीं है?
(अ) कर्मा (ब) बिहू
(स) भगौरिया (द) राई
उत्तर- (ब)

प्र. 3 निम्न में से मालवा का लोकनृत्य है?
(अ) गम्मत (ब) राई
(स) दादर (द) मटकी
उत्तर- (द)

प्र. 4 काठी मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र का लोकनाट्य है?
(अ) निमाड़ (ब) बघेलखंड
(स) बुन्देलखंड (द) मालवा
उत्तर- (अ)

प्र. 5 माचा किस क्षेत्र का मुख्य लोक नृत्य है?
(अ) बुन्देलखंड (ब) मालवा
(स) बघेलखंड (द) निमाड़
उत्तर- (ब)

प्र. 6 मध्यप्रदेश के बुन्देलखंड में प्रचलित ढोलामारू की कथा मूलत: कहां का लोकनाट्य है?
(अ) राजस्थान (ब) उत्तरप्रदेश
(स) महाराष्ट्र (द) गुजरात
उत्तर- (अ)

प्र. 7 बधाई नृत्य किस क्षेत्र का नृत्य है?
(अ) मालवा (ब) निमाड़
(स) बघेलखंड (द) बुन्देलखंड
उत्तर- (द)

प्र. 8 निम्नलिखित में से किस उत्सव के दौरान बरेदी लोक नृत्य किया जाता है?
(अ) दिवाली (ब) होली
(स) जन्माष्टमी (द) बैसाखी
उत्तर- (अ)

प्र. 9 बैगा जनजाति द्वारा बारात की अगवानी पर किया जाने वाला नृत्य कौन-सा है?
(अ) बलमा (ब) चटकोरा
(स) लहगी (द) परधौनी
उत्तर- (द)

प्र. 10 निम्न में से कौन-सा नृत्य एकल नृत्य है?
(अ) भगौरिया (ब) रीना
(स) मटकी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स)

प्र. 11 गणगौर प्रदेश के किस क्षेत्र का पर्व है?
(अ) निमाड़
(ब) महाकौशल
(स) बघेलखंड
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ)

प्र. 12 निम्न में से कौन-सा लोकनृत्य 'ऋतु चक्र' से जुड़ा है?
(अ) स्वांग (ब) पाण्डवानी
(स) काठी (द) कर्मा
उत्तर- (द)

प्र. 13 मध्यप्रदेश के बुन्देलखंड का मुख्य लोकनृत्य कौन-सा है?
(अ) राई (ब) नौटंकी
(स) काठी (द) माच
उत्तर- (अ)

प्र. 14 प्रेम प्रसंग से सम्बंधित नृत्य कौन-सा है?
(अ) बलमा (ब) गोचों
(स) बार (द) कानरा
उत्तर- (अ)

प्र. 15 राई लोक-नृत्य किस क्षेत्र में प्रचलित है?
(अ) मालवा (ब) बुंदेलखंड
(स) निमाड़ (द) झाबुआ
उत्तर- (ब)

प्र. 16 बधाई है -
(अ) बुंदेलखंड का लोकनृत्य
(ब) मालवा का लोकनृत्य
(स) दीवाली के दुसरे दिन भोपाल में मनाया जाने वाला त्योहार
(द) बुंदेलखंड का लोक संगीत
उत्तर- (अ)

प्र. 17 सुआटा क्या है-
(अ) एक योजना (ब) पर्व
(स) वायरस (द) एक अभियान
उत्तर- (ब)

प्र. 18 बघेलखंड का पारम्परिक लोकनाट्य कौन-सा है?
(अ) माचा (ब) काठी
(स) छाहुर (द) रास
उत्तर- (स)

प्र. 19 अटारी नृत्य मुख्य रूप से किस क्षेत्र में प्रचलित है?
(अ) बघेलखंड (ब) बुंदेलखंड
(स) मालवा (द) निमाड़
उत्तर- (अ)

प्र. 20 आड़ा-खड़ा नाच मध्यप्रदेश कि किस अंचल का है?
(अ) बघेलखण्ड अंचल का
(ब) मालवा अंचल का
(स) निमाड़ अंचल का
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब)

प्र. 21 बघेलखण्ड में कौन-सा गायन प्रचलित है?
(अ) बिरहा गायन
(ब) बिदेशिया गायन
(स) बसदेवा गायन
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द)

प्र. 22 घड़ल्या पर्व कहां मनाया जाता है?
(अ) मालवा
(ब) बुंदेलखण्ड
(स) निमाड़
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ)

प्र. 23 निम्न में से असत्य को छांटिए?
(अ) दादरिया - बुंदेलखण्ड
(ब) लावनी - बघेलखण्ड
(स) बम्बलिया - बुंदेलखण्ड
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब)

प्र. 24 फाग एक प्रकार का -
(अ) अनाज है (ब) नृत्य है
(स) लोकगीत है (द) रंगमंच है
उत्तर- (स)

प्र. 25 गायकों का बासदेव समुदाय ------से है?
(अ) बघेखण्ड (ब) बुंदेलखण्ड
(स) मालवा (द) निमाड़
उत्तर- (अ)

प्र. 26 आल्हा लोक गीत आमतौर पर मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र में गाये जाते हैं?
(अ) बुंदेलखण्ड (ब) बघेलखण्ड
(स) मालवा (द) निमाड़
उत्तर- (अ)

प्र. 27 बलमा नृत्य किस जनजाति द्वारा किया जाता है?
(अ) बैगा (ब) भील
(स) गौंड (द) कँवर
उत्तर- (अ)

प्र. 28 रेलो, गीत मध्यप्रदेश की किस जनजाति के युवक युवतियों का बहुत पसंदीदा गीत है?
(अ) मुरिया (ब) भील
(स) सहरिया (द) गोण्ड
उत्तर- (ब)

प्र. 29 हीड़ गायन किस क्षेत्र का लोक संगीत है?
(अ) बुंदेलखण्ड (ब) बघेलखण्ड
(स) मालवा (द) निमाड़
उत्तर- (स)

प्र. 30 लोक नृत्य एवं कला संग्रहालय मध्यप्रदेश में कहां स्थित है?
(अ) ग्वालियर (ब) माण्डू
(स) चंदेरी (द) खजुराहो
उत्तर- (द)

प्र. 31 मध्यप्रदेश में सांझा गीत, बासदेव , भोपा व कल्गी तुर्रा किसके प्रकार हैं?
(अ) लोकनृत्य
(ब) लोक गायन
(स) शास्त्रीय नृत्य
(द) स्थानीय चित्रण
उत्तर- (ब)

प्र. 32 जावरा नृत्य संबंधित है?
(अ) बघेलखण्ड से
(ब) निमाड़ से
(स) मालवा से
(द) बुंदेलखण्ड से
उत्तर- (द)

प्र. 33 मालवा अंचल में बिना वाद्य यंत्र किशोरियों द्वारा गाया जाने वाला लोकगीत है?
(अ) भरतरी (ब) पण्डवानी
(स) फाग (द) संजा
उत्तर- (द)

प्र. 34 तीजनबाई किसके लिए प्रसिद्ध हैं-
(अ) ठुमरी (ब) पण्डवानी
(स) दादरा (द) कोलदहका
उत्तर- (ब)

प्र. 35 मध्यप्रदेश में किस अवसर पर बम्बूलिया गीत गाए जाते हैं?
(अ) बसंत पंचमी
(ब) नर्मदा नदी में स्नान के लिए जाते समय
(स) मकर संक्रांति(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द)

प्र. 36 मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र से हरदुला की मनौती, नामक लोक गीत जुड़ा हुआ है?
(अ) मालवा (ब) उज्जैन
(स) बुंदेलखंड (द) डिंडौरी
उत्तर- (स)

प्र. 37 मध्यप्रदेश में किस अवसर पर देवारी गीत गाये जाते हैं?
(अ) दिवाली (ब) शिवरात्री
(स) मकर संक्रांति (द) होली
उत्तर- (अ)

प्र. 38 अनूप राग किसने लिखा?
(अ) तानसेन
(ब) अलाउद्दीन खाँ
(स) कुमार गंधर्व
(द) आमिर खाँ
उत्तर- (स)

प्र. 39 मध्यप्रदेश राज्य में निम्नलिखित नृत्य शैली में से कौन प्रचलित नहीं है?
(अ) तरताली (ब) चटकोरा
(स) जावरा (द) गरदी
उत्तर- (द)

प्र. 40 बिदेशिया गायन मध्यप्रदेश में कहां गाया जाता है?
(अ) बुंदेलखंड
(ब) बघेलखंड
(स) निमाड़
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब)

प्र. 41 लहंगी नृत्य किस जनजाति का नृत्य है?
(अ) भील (ब) बैगा
(स) कोल (द) सहरिया
उत्तर- (द)

प्र. 42 निम्नलिखित लोक-नृत्यों में से कौन-सा नृत्य अविवाहित लड़कियों के लिए विशेष महत्व रखता है?
(अ) अहिराई (ब) गणगौर
(स) नौराता (द) राई
उत्तर- (स)

प्र. 43 सिंगा, और दालुजी मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र के लोक गीत हैं?
(अ) निमाड़ (ब) मालवा
(स) बुंदेलखंड (द) बघेलखंड
उत्तर- (अ)

प्र. 44 मध्यप्रदेश में निम्नलिखित लोक नृत्यों में से किसका प्रदर्शन किया जाता है?
(अ) मटकी और गणगौर दोनों
(ब) गाणगौर
(स) मटकी
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ)

प्र. 45 मध्यप्रदेश के बसदेवा गायक किस रंग के कपड़े पहने जाने के लिए जाने जाते हैं?
(अ) लाल (ब) पीले
(स) केसर (द) हरे
उत्तर- (ब)

प्र. 46 मध्यप्रदेश में निम्नलिखित लोक गीतों में से कौन-सा गाया जाता है?
(अ) भर्तृहरि
(ब) सांझा
(स) भर्तृहरि और सांझा दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स)

प्र. 47 लाला हरदौला की कहानी मध्यप्रदेश के किस स्थान में प्रसिद्ध है?
(अ) खजुराहो (ब) ओरछा
(स) उज्जैन (द) महेश्वर
उत्तर- (ब)

प्र. 48 गायन की निर्गुणी शैली मुख्य रूप से मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र में देखी गई है?
(अ) विंध्यान पठार
(ब) निमाड़
(स) सतपुड़ा
(द) गीर्द
उत्तर- (ब)

प्र. 49 भरम, सेतम, और सैला किस जनजाति के प्रमुख नृत्य हैं?
(अ) भील जनजाति
(ब) भारिया जनजाति
(स) बैगा जनजाति
(द) गोण्ड जनजाति
उत्तर- (ब)

- इमरतलाल खरते
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

शहडोल संभाग को मिली पासपोर्ट कार्यालय की सौगात

शहडोल, केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने शहडोल में पासपोर्ट कार्यालय का शुभारंभ करते हुए कहा कि शहडोल संसदीय क्षेत्र में पासपोर्ट कार्यालय खुल जाने से शहडोल, अनूपपुर, उमरिया एवं समीपवर्ती जिलों के नागरिकों को आवागमन में सुगमता होगी। पासपोर्ट कार्यालय खुल जाने से अब भोपाल या जबलपुर नहीं जाना पड़ेगा। समय की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि आमजनों की सुविधा के लिए पासपोर्ट हेतु दस्तावेज पेपरलेस होगा और 15 दिवस के अंदर डाक से पासपोर्ट आवेदक के घर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी को तत्काल पासपोर्ट की जरूरत है, तो 24 घंटे के अंदर देने की भी व्यवस्था रहेगी।

JIWAJI UNIVERSITY
GWALIOR
No./F./Adm/Estt./2024/8035 Dated : 09.03.2024

EMPANELMENT OF CANDIDATES FOR GUEST FACULTIES (SESSION 2024-25)

Applications on prescribed form are invited from eligible candidates (as per UGC/State govt. norms) for Empanelment of Guest Faculties in various teaching departments. The university reserves the right to engage or not to engage the candidates enlisted in the panel subject to the requirement of the departments/courses. Candidates are required to fill separate applications for different departments. The envelope containing the application form should prominently display the name of the course for which the application is being submitted in capital letters. Complete application along with self-attested relevant documents should reach the respective Head of Department latest by **10.04.2024** through speed post only. Applications received after the due date will not be considered. For prescribed form and other details of courses for which applications are being invited is available at university's website i.e., **www.jiwaji.edu**

M.P. Madhyam/114270/2024 R-49619/2024 **REGISTRAR**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस - 08 मार्च

मध्यप्रदेश की महिलाओं ने गढ़े प्रगति के प्रतिमान

महिलाओं की प्रगति के लिये जरूरी होता है उनकी इच्छाशक्ति, आगे बढ़ने की ललक, उनकी प्रगति के लिये अनुकूल माहौल और कदम-कदम पर शासन और प्रशासन का सहयोग और कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में पुरस्कार के स्वरूप में सराहना अथवा सम्मान। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इस बार आइये प्रदेश की कुछ ऐसी ही महिलाओं के बारे में चर्चा की जाये जिन महिलाओं ने प्रगति के प्रतिमान गढ़े।

संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के लिये कपालिनी कोमकली नामांकित

सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पं. कुमार गंधर्व की बेटी, युवा शास्त्रीय गायिका सुश्री

कपालिनी कोमकली को वर्ष 2023 के लिये शास्त्रीय संगीत संवर्ग में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के लिये नामांकित किया गया है। यह अत्यंत गौरवशाली उपलब्धि है, क्योंकि कपालिनी के पिता (बाबा) पं. कुमार गंधर्व और माँ (आई) श्रीमती वसुंधरा कोमकली, जो सुविख्यात शास्त्रीय गायक थे उन दोनों को भी क्रमश: वर्ष 1974 एवं वर्ष 2009 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस प्रकार एक ही परिवार में मिलने वाला यह संगीत नाटक अकादमी का तीसरा पुरस्कार है। मौलिक, मधुर और समृद्ध आवाज से सम्पन्न, कपालिनी को युवा पीढ़ी के सबसे बेहतरीन और प्रशिक्षित शास्त्रीय गायकों में से एक के रूप में पहचाना जाता है। वे पं. कुमार गंधर्व की बेटी और शिष्या हैं और निष्णांत शास्त्रीय गायिका माँ विदुषी वसुंधरा कोमकली ने भी उन्हें प्रशिक्षित किया है। विरासत पर पकड़ मजबूत करते हुए, अच्छी समझ के साथ, उन्होंने अपना दृष्टिकोण विकसित किया है और पिछले दशक में गहन संवेदनशीलता और तीव्रता के साथ वे एक गायिका के रूप में उभरी हैं। कपालिनी के रागों और रचनाओं के विस्तृत भंडार को मालवा के पारम्परिक गीतों की प्रस्तुति से पूरक बनाया गया है जो क्षेत्र के लोकगीत और जातीय स्वाद का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी अनूठी शैली में प्रस्तुत विभिन्न संत कवियों के सगुण-निर्गुण भजन (भक्ति गीत) कपालिनी के संगीत को एक तपस्वी स्वाद प्रदान करते हैं।

डिण्डोरी की मिलेट क्वीन से प्रधानमंत्री भी प्रभावित हुए

यूनेस्को ने वर्ष 2023 के साल को 'इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स' (मोटे

अनाज के वर्ष) अर्थात् श्रीअन्न वर्ष की संज्ञा दी थी। लेकिन लहरी बाई ने मिलेट्स को बचाने का संघर्ष काफी समय पहले ही शुरू कर दिया था। बैगा जाति की लहरी बाई ने अपनी दादी से मोटे अनाज के बीज को संजोना सीखा था। जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीअन्न नाम दिया। उस मोटे अनाज यानी मिलेट्स के बीज जब खत्म होने लगे तो लहरी बाई ने अपने घर के दो कमरों में ही बीज बैंक तैयार कर लिया। इस बीज बैंक में तैयार हुए बीज लहरी बाई आस पास के जिलों तक पहुंचाती हैं और किसानों को बताती हैं कि मोटा अनाज उगाना क्यों जरूरी है। लहरी बाई को मिलेट्स क्वीन के नाम से भी जाना जाता है। मीडिया से बातचीत में लहरी बाई ने कहा कि मैं अकेली लड़की हूं ज्यादा दम नहीं मार सकूं। तो भी दुनियाभर में यदि यह ताकतवर दाना पहुंचाना है तो और कई लहरी बाई जरूरी है। लहरी बाई ने बताया कि इस बैंक के बीजों को वह अपने घर के आस-पास के गांवों के किसानों को बांटती हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियां इनका स्वाद ले सकें। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने एक ट्विट में लिखा है कि उन्हें लहरी बाई पर गर्व है, जिन्होंने श्रीअन्न के प्रति उल्लेखनीय उत्साह दिखाया है। उनके प्रयास कई अन्य लोगों को प्रेरित करेंगे।

सरस्वती परस्ते के लोकचित्र शलाका के माध्यम से प्रदर्शित

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र

प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध करवाने की दृष्टि से 'लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा' में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में गत दिनों गौंड समुदाय की युवा चित्रकार सुश्री सरस्वती परस्ते के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया। चित्रकार सुश्री सरस्वती परस्ते का जन्म मध्यप्रदेश के जनजातीय बहुल डिण्डोरी जिले के ग्राम-चाड़ा में हुआ है। सरस्वती बतातीं है कि उनका बचपन जनजातीय गांवों में प्राकृतिक परिवेश में ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों में ही बीता अतः उस परिवेश की छाप बरबस मेरे चित्रों में झलकती है। मेरी हायर सेकेण्डरी तक की शिक्षा अपने गांव में ही हुई। उसके बाद विधिवत प्रशिक्षण के बाद मैंने नर्स की नौकरी भी पाई मगर पारिवारिक कारणों से मैंने यह नौकरी नहीं की। मैंने अपने अंचल की गौंड लोकचित्रों का अभ्यास शुरू किया। गौंड लोकचित्रों में पारम्परिक तौर पर अपने परिवेश के बिम्बविधान को ही प्राथमिकता दी जाती है और वैसा ही सरस्वती परस्ते के लोकचित्रों में भी है। पशु-पक्षी, नदी, वृक्ष, पहाड़, सूरज और चन्द्रमा की छवियां प्रमुखता के साथ उनके चित्रांकन में देखने को मिलती हैं। सरस्वती अभी तक अपने क्षेत्र में ही पहचानी जाती थीं मगर शलाका में उनके चित्रों के प्रदर्शन-सह-विक्रय से अब वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचानी जायेंगी।

रंगकर्म में सिद्धहस्त श्रुति को उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ युवा अवॉर्ड

भारत सरकार की संगीत नाटक अकादमी ने हाल ही में गीत, संगीत और रंगकर्म विधा में उल्लेखनीय उपलब्धियों

के लिये चालीस वर्ष से कम उम्र के जिन कलाकारों को उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ युवा अवॉर्ड के लिये चुना है उनमें फिल्म और नाटकों में प्रभावी अभिनव करने वाली भोपाल की श्रुति सिंह भी शामिल हैं। रंगमंच और फिल्मों में अभिनय के माध्यम से अपनी पहचान बनाने वाली श्रुति रंगमंच और फिल्मों में वर्षों से सक्रिय हैं। श्रुति थियेटर और फिल्म में अभिनय के साथ ही अपनी पढ़ाई पर भी समुचित ध्यान देती हैं। आषाढ़ का एक दिन, यहूदी की लड़की, मत्स्यगंधा, दुहाई लुकमान सहित कई नाटकों में वे काम कर चुकी हैं। मत्स्यगंधा को वर्ष 2014 में नेशनल अवॉर्ड भी मिल चुका है। इसके अलावा यहूदी की लड़की में तीन गानों को भी जोड़ा गया है, जो गाने श्रुति खुद ही गाती हैं, जिनके लिए श्रुति को कई सम्मान भी दिए जा चुके हैं। श्रुति दूरदर्शन के लिए टेलीफिल्म्स और फिल्म में भी काम कर चुकी हैं। वर्ष 2011 में उन्हें पीपली लाइव फिल्म में रिपोर्टर की भूमिका मिली थी। उन्हें प्रकाश झा की फिल्म आरक्षण, सत्याग्रह , गंगाजल और चक्रव्यूह आदि फिल्म्स में भी काम करने का अवसर मिला।

अनुजा झोकरकर को उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ सम्मान

इन्दौर की प्रतिभाशाली युवा शास्त्रीय गायिका अनुजा झोकरकर को संगीत

नाटक अकादमी द्वारा उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ युवा सम्मान के लिये चुना गया है। यह सम्मान चालीस वर्ष से कम उम्र के प्रतिभावान गायकों को दिया जाता है। अनुजा ने शास्त्रीय गायन, अपनी माँ और प्रख्यात शास्त्रीय गायिका कल्पना झोकरकर से सीखा। अनुजा ने देवास के उस्ताद रजब अली खाँ और अपने दादाजी पण्डित कृष्णराव मजूमदार से भी संगीत की शिक्षा प्राप्त की। शास्त्रीय गायन और संगीत में निपुण अनुजा देश के लगभग सभी प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में प्रतिभागिता कर चुकी हैं।

भीली संस्कृति को सहेजती शिक्षिका मंगला गरवाल

मातृभाषा किसी भी व्यक्ति को अपने परिवार, संस्कृति और सभ्यता से जोड़े रखने का सबसे सशक्त माध्यम होती है। वह व्यक्ति की पहचान भी कायम करती है और भाषाई विकास के लिये जरूरी भी है। ऐसे समय में जब युवा पीढ़ी आधुनिकता के साथ कदमताल करते हुए अपनी संस्कृति की जड़ों से कटती जा रही है उस समय झाबुआ की एक शिक्षिका मंगला गरवाल भीली संस्कृति को सहेजने के प्रयत्न में संलग्न है। इसी उद्देश्य से मंगला ने अभी तक तीन किताबें लिखी हैं। मंगला भीली जीवन की जीती जागती विश्वकोश अर्थात् इन्साइक्लोपीडिया हैं। अपनी मातृभाषा भीली को बचाये रखने के साथ-साथ उन्होंने अपनी किताबों में भीली भाषा की पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही लोकोक्तियां, कहावतों और पहेलियों को भी शामिल

किया है। उनके इस अवदान के लिये ही मध्यप्रदेश शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग ने उन्हें आदिम जाति भाषा एवं बोली पर आधारित पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए गठित राज्यस्तरीय कार्ययोजना समिति का सदस्य सचिव नामांकित किया है। मंगला बताती हैं कि सिर्फ भीली ही नहीं किसी भी जनजातीय भाषा अथवा बोली सरकारी प्रयत्न मात्र से अभीष्ट स्थान नहीं पा सकेंगी। इसके लिये उस भाषा अथवा बोली बोलने वालों और उस भाषा अथवा बोली में लिखने वालों के साझा प्रयास भी जरूरी हैं। मंगला भीली गीत लिखने में भी निष्णांत हैं।

कर्तव्य पर अडिग-निर्भिक लाइन अटेंडेंट मंगनी बाई

श्रीमती मंगनी बाई भोपाल की विद्युत कम्पनी में लाइन अटेंडेन्ट हैं। राज्य की

विद्युत प्रदाय कम्पनियों में लाइन अटेंडेंन्ट का काम अपेक्षाकृत कठिन काम होता है क्योंकि इसमें रात-बिरात विद्युत प्रवाह के अवरोध को ठीक करने तो जाना ही होता है उसे विद्युत चोरी रोकने के लिये सख्ती से पेश आने का जोखिम भी उठाना होता है। गौरतलब यह है कि मँगनी बाई इस काम को बड़ी कुशलता से अंजाम देती हैं। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड भोपाल के तीन लाइनकर्मी में से एक मंगनी बाई को उनके उत्कृष्ट कार्यों और नि:स्वार्थ योगदान के लिए केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

कम्पनी ने बताया कि श्रीमती मंगनी बाई की एक और खासियत यह कि इन्हें यदि रात के समय भी काम दिया जाए तो यह कभी भी उस काम के लिए मना नहीं करती हैं। भोपाल शहर वृत्त में छोला जोन शहर सम्भाग उत्तर में कार्यरत मंगनी बाई पिछले दस वर्षों से भोपाल में दो इलेवन के.व्ही. फीडर (एम.ई.एस फीडर एवं पी.जी.बी.टी. फीडर) के लाइन लॉस कम करने एवं राजस्व वसूली का कार्य कर रही हैं। उनके प्रयासों की सराहना उच्च स्तर पर की जाती रही है।

- राजा दुबे
(लेखक, जनसंपर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

JIWAJI UNIVERSITY, GWALIOR
(Accredited A++ By NACC)

No. F/Admn/Estt./2024/8036 Date : 09.03.2024

ADVERTISEMENT FOR NON- TEACHING POST

Applications on the prescribed forms are invited from eligible candidates for the following regular Non-teaching posts of Director, Physical Education (Academic Pay level 14 as per 7th CPC), Assistant Director, Physical Education (Academic Pay level 10 as per 7th CPC) will be as per UGC, New Delhi (vide UGC Regulations-2018) on minimum qualifications for appointment of Non-teaching in Universities and colleges vide notification no. No. 271] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 18,2018/ASHADHA 27, 1940 and as adopted by the University, from time to time.

S.No.	Name of the Department	No. of post	Reservation
1	Director, Physical Education	01	UR
2	Assistant Director, Physical Education	01	UR

UR-Unreserved.

The qualifications and pay scales are as prescribed by the UGC Regulation 2018 and M.P. State Government respectively. The detailed information along with other terms and conditions and application form are available on the website : **www.jiwaji.edu.** The application filled in the prescribed form with relevant documents duly attested copies of enclosures along with Demand Draft of Rs. 1000/- (for reserved post) of any Nationalized Bank drawn in favour of "Registrar, Jiwaji University, Gwalior" should reach to the **Registrar, Jiwaji University, Gwalior 474011** on or **before 10.04.2024** through registered/speed post only. Application shall not be received by hand/courier. Incomplete application/application without enclosure/ application received after last date shall not be considered. University shall not be responsible for any postal delay.

The envelope containing the application should be prescribed as "APPLICATION FOR THE POST OF ....."

Note : (i) Reservation to women candidates will be provided as per M.P. Govt. rules. (ii) Reservation to physically handicapped persons will be provided as per M.P. Govt. rules. (iii) Number of posts can be increased or decreased and the university reserves its right to fill or not to fill the post advertised. (iv) Reservation to SC/ST/OBC category will be provided only to the candidates having M.P. domicile. (v) The candidates who have applied earlier in response to previous advertisements are required to apply afresh.

M.P. Madhyam/114272/2024 R-49620/2024 **REGISTRAR**

युवाओं के लिये मूर्तिकला में कॅरियर का नया दौर

यकीनन इस समय मूर्तिकला यानी स्कल्पचर में कॅरियर का नया दौर निर्मित हुआ है। अयोध्या के नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जहां रामकथा और पौराणिक कथाओं-प्रसंगों पर आधारित भव्य मूर्ति सबका ध्यान खींच ही रही हैं, वहीं इसे गढ़ने वाले मूर्तिकार की भी चर्चा देश ही नहीं दुनियाभर में हो रही है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भव्य हिन्दू मंदिर का उद्घाटन किया गया। इस मंदिर में स्थापित भव्य मूर्तियों की मूर्तिकला की सराहना भी दुनियाभर में हो रही है। साथ ही चारों ओर सनातन धर्म पर आधारित मूर्तियों की मांग बढ़ने से देश में मूर्तिकला का आकर्षण भी बढ़ने लगा है।

मूर्तिकला के क्षेत्र में बढ़ रहे हैं कॅरियर के अवसर

नि:संदेह कल तक मूर्तिकला के क्षेत्र में अच्छे कॅरियर के जो अवसर सीमित संख्या में हुआ करते थे। वे लगातार बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। देश-दुनिया में आज ऐसे तमाम मूर्तिकार हैं, जो अपने हुनर के बल पर कला जगत में न केवल लोकप्रिय हैं, बल्कि अच्छा पैसा भी कमा रहे हैं। मिट्टी, लकड़ी, धातु, संगमरमर या पत्थरों से बनी तमाम तरह की मूर्तियों और इनके मॉडल की बढ़ती उपयोगिता के चलते मूर्तिकला का क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। वस्तुतः मूर्तिकला सदियों पुरानी कला है। इतिहास को देखें, तो ऐसा कभी नहीं था कि यह विलुप्त रही हो। लेकिन अब यह समय मूर्तियों और मंदिरों की बढ़ती मांग का समय है। ऐसे में मूर्तिकला में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए इसमें कॅरियर के अवसर भी बढ़ रहे हैं। मूर्तिकला के बढ़ते रुझान से शहरों में ही नहीं छोटे-छोटे गांवों में भी युवाओं के लिए रोज़गार के मौके बढ़ गए हैं। खासतौर से वे स्टूडेंट्स जिनकी चित्रकारी में रुचि है, पेंटिंग बनाते हैं और वे आगे बड़ा कलाकार बनने की संभावनाएं रखते हैं, उन्हें मूर्तिकला के कॅरियर की डगर पर अच्छे मौकों की पूरी संभावनाएं हैं। न केवल मंदिरों की मूर्तियों को बनाने में वरन मंदिरों में शिखर एवं गुंबद के निर्माण में भी मूर्तिकला से जुड़े लोगों के लिए रोज़गार के प्रचुर मौके हैं। यदि मूर्तिकला के साथ वास्तुकला की समुचित जानकारी प्राप्त करके इस क्षेत्र में आगे बढ़ा जाए तो अच्छे कॅरियर की संभावनाएं और बढ़ जाती हैं।

मूर्तिकला में कॅरियर की स्किल्स

ऐसे स्टूडेंट्स जो किसी न किसी कला में निपुण होते हैं और कौशल, धैर्य, क्रिएटिविटी रचनात्मकता के गुण रखते हैं और अपने पेशन को प्रोफेशन में बदलना चाहते हैं उनके लिए मूर्तिकला में कॅरियर संभावनाओं के नए द्वार खोल देता है। मूर्तिकला के कॅरियर की स्किल्स रखने वाले स्टूडेंट्स विजुअल आर्ट्स के एक विषय मूर्तिकला में कॅरियर के लिए आगे बढ़ सकते हैं।

मूर्तिकला में कॅरियर संभावनाएं- निश्चित रूप से मूर्तिकला में विशेषज्ञता प्राप्त करने वालों के लिए इस नए दौर में नए कॅरियर अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। मूर्तियों को न केवल उच्च वर्ग के लोग, वरन् मध्यम और निम्न वर्ग के लोग भी अपने घरों में इंटीरियर डेकोरेशन के लिए तमाम तरह की मूर्तियों और शिल्पकला कृतियों को लगाना पसंद कर रहे हैं। मूर्तिकला में प्रशिक्षित लोगों के लिए मूर्तिकारों के अलावा भी कई रूपों में अवसर देखे जा रहे हैं। सबसे अधिक अवसर मोशन पिक्चर स्कल्पचर, स्टूडियो आर्टिस्ट, थ्रीडी मॉडलर, मॉडल मेकर, टॉयशॉप, एग्जिबिशन, डिजाइनर, फाइन आर्ट, गेमिंग कंपनी, कंसल्टेंट, इंडस्ट्रियल डिजाइनर, फाइन आर्टिस्ट, आर्ट डायरेक्टर तथा आर्ट/क्राफ्ट टीचर तथा प्रोफेसर के रूप में भी अवसर उपलब्ध हैं। बड़े-बड़े म्यूजियम तथा कल्चरल कंजर्वेशन सेंटर्स में भी अच्छे अवसर उपलब्ध हैं। मूर्तिकला में कुशलता प्राप्त करके खुद की आर्ट गैलरी/स्टूडियो भी शुरू किए जा सकते हैं। मूर्तिकला के इस क्षेत्र में अवसर केवल मूर्तिकारों के लिए ही नहीं बढ़े हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जो बहुत सारे दूसरे क्षेत्रों में भी अवसर खोल रहा है। इनमें सैनिटरी डिजाइनिंग, कार डिजाइनिंग, फर्नीचर डिजाइनिंग और फिल्म इंडस्ट्री आदि प्रमुख हैं।

मूर्तिकला के कोर्स एवं योग्यता

मूर्तिकला के क्षेत्र में कॅरियर के लिए शिक्षा एवं प्रशिक्षण दोनों जरूरी है। आर्ट एंड क्राफ्ट को पंसद करने वाले छात्रों के लिए डिप्लोमा इन मूर्तिकला या स्कल्पचर एक बेहतरीन कोर्स है। इस कोर्स की अवधि 2 साल की है। जिसे कक्षा 12वीं के बाद किया जा सकता है। इस कोर्स को विजुअल आर्ट्स में रखा जाता है। इस कोर्स में छात्रों को मूर्ति निर्माण की तकनीकों के बारे में सिखाया जाता है। इस कोर्स में छात्रों को कला का इतिहास, ड्राइंग, मॉडलिंग, डिजाइनिंग और स्कल्पचर की बुनियादी पहलू से लेकर एडवांस लेवल तक की जानकारी दी जाती है। बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) कोर्स देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थानों में संचालित हो रहा है। फाइन आर्ट्स में म्यूजिक, पेंटिंग, स्कल्पचर जैसे स्पेशलाइजेशन कोर्स कर सकते हैं। किसी भी स्ट्रीम से 12वीं उत्तीर्ण छात्र इसे कर सकते हैं।

डिग्री के साथ मूर्तिकला के तकनीकी अध्ययन की अहमियत

यह बात महत्वपूर्ण है कि मूर्तिकला का महत्व न केवल मंदिरों की मूर्तियां बनाने के लिए बढ़ रहा है, वरन् सार्वजनिक स्थानों पर खूबसूरत स्टेच्यू बनाने और अपने घरों में सजावट के लिए भी लोगों में मूर्तियों के प्रति मोह बढ़ रहा है, जिसने विभिन्न तरह की मूर्तियों की मांग में काफी इजाफा किया है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक पिछले दो दशकों में मूर्तियां बनाने वालों की संख्या काफी बढ़ी है। इनमें पारंपरिक रूप से मूर्ति बनाने का काम करने वाले करीब पांच प्रतिशत हैं। इस क्षेत्र में डिग्री के साथ मूर्तिकला के तकनीकी अध्ययन की अहमियत बढ़ गई है। युवाओं के लिए मूर्तिकला स्वरोज़गार का अच्छा जरिया बन सकती है। सर्वेक्षण की रिपोर्ट बताती है कि पिछले 20 वर्षों में भारतीय मूर्तिकारों द्वारा निर्मित कंटेम्परेरी (समकालीन) मूर्तियों की मांग हमारे देश के बाजारों में करीब आठ प्रतिशत और विदेशी बाजारों में 30 प्रतिशत तक बढ़ी है। जबकि पारंपरिक मूर्तियों की मांग स्थानीय बाजारों में तकरीबन 25 प्रतिशत और विदेशी बाजारों में 40 प्रतिशत बढ़ी है।

मूर्तिकला में कॅरियर के लिए आगे बढ़ें

यह बात महत्वपूर्ण है कि मूर्तिकला से संबंधित डिप्लोमा और बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स इन स्कल्पचर (बीएफए) कोर्स मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में उपलब्ध है। यदि आप मूर्तिकार बनने के स्किल्स से सुसज्जित हैं तो आप अपनी उपयुक्तता और क्षमता के अनुरूप किसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थान से मूर्तिकला की उपयुक्त डिग्री तथा नई तकनीकों से परिपूर्ण कौशल प्रशिक्षण लेकर मूर्तिकला के कॅरियर के नए दौर में आगे बढ़िए।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी)

सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभार्थी तक पहुंच रहा सीधा लाभ

किसी भी देश का विकास तभी संभव है जब वहां का समूचा तंत्र और मानवशक्ति भागीदार बने। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के समग्र विकास के लिए देश के नागरिकों को कार्य से जोड़ने का प्रयास किया और व्यक्ति की आवश्यकतानुसार लाभ पहुंचाया।

समाज का वंचित, गरीब, कमजोर वर्ग तक उनका हक पहुंचाने के लिए एक ईमानदार व्यवस्था की आवश्यकता थी। प्रधानमंत्री ने सरकार की सेवाएं प्रदान करने के लिए सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई। हितग्रहियों तक उनका लाभ पहुंचाने के लिए एक पारदर्शी व्यवस्था खड़ी की। यह व्यवस्था है डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम (डी.बी.टी)। इसके माध्यम से भारत के करोड़ों लोगों को उनके बैंक खाते में राशि का प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया जा रहा है। हर गरीब को उसकी जरूरत अनुसार लाभ पहुंचे इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यह तभी संभव है जब सुशासन व्यवस्था लागू हो।

सुशासन ही शासन का ऐसा स्वरूप है जिसमें समता मूलक, न्यायपूर्ण, जिम्मेदार, भागीदारपूर्ण और लोकोन्मुख मापदंडों के साथ नागरिकों विशेषकर वंचित तथा गरीब तबकों को अपने अधिकार प्राप्त होते हैं। उन्हें अपने हित अनुसार अपना जीवन स्तर तय करने का अवसर मिलता है। वर्तमान में सुशासन व्यवस्था के चलते हितग्राहियों तक शासन द्वारा दिये जा रहे हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित लाभ पहुंचाया जा रहा है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, सुशासन के उपक्रम की एक कड़ी है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम से हम देश में एक बदलाव की स्थिति देख रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ, पेंशन स्कीम, सब्सिडी, छात्रवृत्ति और संकट की स्थिति में लोगों के खातों में सीधे राशि पहुंचाने में डीबीटी स्कीम अत्यंत उपयोगी और कारगर साबित हो रही है।

योजना का उद्देश्य

इस योजना का उद्देश्य है हितग्राहियों के खाते में शीघ्र राशि पहुँचे और लाभार्थियों को उनके हक के पैसों को लेकर किसी तरह का नुकसान न उठाना पड़े।

कब लागू की गयी योजना

यह योजना भारत सरकार द्वारा जनवरी 2013 को सरकारी वितरण प्रणाली में सुधार करने हेतु एक मिशन के रूप में शुरू की गयी थी। इसे सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS) के पुराने संस्करण यानी ''सेंट्रल प्लान स्कीम मॉनीटरिंग सिस्टम'' को प्रत्येक लाभ हस्तांतरण के लिए एक प्लेटफार्म के रूप में उपयोग में लाया गया।

डायरेक्टर बेनिफिट ट्रांसफर योजना के घटक

इस योजना के क्रियान्वयन के विभिन्न घटकों में लाभार्थी खाता सत्यापन प्रणाली, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा सहकारी बैंकों के साथ एकीकृत स्थायी भुगतान एवं समाधान मंच शामिल है।

कौन-कौन सी योजनाएं शामिल हैं

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रॉसफर (डी.बी.टी.) के तहत लगभग 53 मंत्रालयों की करीब 310 योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, अटल पेंशन योजना आदि शामिल हैं।

क्या होता है डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर

इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं जैसे वर्तमान में केंद्र सरकार कई योजनाओं के तहत सब्सिडी देती है। यह सब्सिडी लाभार्थियों के खाते में सीधे ट्रांसफर कर दी जाती है। कई बार किसी योजना के तहत दिए जाने वाले प्रोडक्ट या सेवा की कीमत बाजार भाव से कम होती है ऐसी स्थिति में सरकार लाभार्थियों के हाथ में पैसे न देकर उस एजेंसी या संस्था को पैसे ट्रांसफर करती है जो प्रोडक्ट या सेवा चिन्हित लाभार्थियों तक कम कीमत में पहुंचा रहे हैं। जब किसी भी योजना के तहत सरकार द्वारा राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर की जाती है उसे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर कहा जाता है।

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर द्वारा कैसे कार्य किया जाता है

डायरेक्टर बेनिफिट ट्रांसफर द्वारा राशि भेजे जाने से पूर्व क्रमबद्ध प्रक्रिया को पूर्ण किया जाता है। डीबीटी के तहत किसी भी योजना का लाभ देने से पहले पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (PFMS) पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इसके बाद लाभार्थियों का डेटाबेस तैयार किया जाता है। इस डेटाबेस को तैयार करते समय हितग्राहियों के विवरण को बारीकी से जांचा जाता है। डीबीटी से पेमेंट करते समय फीडबैक लूप का इस्तेमाल किया जाता है। पूर्णरूप से वैरिफाई करने के बाद डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर द्वारा लाभार्थी को पैसे ट्रांसफर किये जाते हैं। सरकार के ट्रेजरी अकाउंट से या सरकार द्वारा नियुक्त की गयी किसी एजेंसी के माध्यम से लाभार्थी के खाते में पैसे ट्रांसफर किये जाते हैं।

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर का लाभ

इसके तहत सेवाओं के क्षेत्र में विस्तार हुआ है। इस योजना में हितग्राहियों को प्रदान किये जाने वाला लाभ सीधे खाते में ट्रांसफर होता है इसीलिए सभी परिवारों के बैंक खाते खोले गये। इस योजना से सभी के लिए आधार का विस्तार करने के साथ बैंकिंग सेवाओं के कवरेज को बढ़ाया गया।

आसानी से तुरंत पैसा ट्रांसफर- इसके तहत आधार पेमेंट ब्रिज बनाया गया ताकि शासन द्वारा लोगों के बैंक खातों में तत्काल राशि हस्तांतरित की जा सके। अब सभी ग्रामीण और शहरी परिवारों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत प्राप्त होने वाली सब्सिडी सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर हो जाती है और हितग्राही योजनाओं से सीधे जुड़ जाते हैं।

वित्तीय सहायता - ग्रामीण भारत में डीबीटी के माध्यम से कम लेन-देन करने वाले किसानों को प्रभावी ढंग से और पारदर्शी स्वरूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

वित्त का हस्तांतरण और सामाजिक सुरक्षा

- प्रधानमंत्री आवास योजना और एलपीजी पहल में उज्ज्वला योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को राशि जारी करने में प्रभावी और महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की राशि भेजी जाती है।
- राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत सामाजिक सुरक्षा हेतु राशि प्रदान करने के लिए डीबीटी उपयोगी है।
- स्वरोज़गार योजनाओं के तहत दिये जाने वाले ऋण तथा सब्सिडी आदि की राशि भेजने में उपयोगी है।
- राशि सीधे हितग्राही के खाते में पहुंचती है अतः किसी भी तरह के धोखे की गुंजाईश नहीं रहती।
- बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं रहती शासन की योजना का लाभ सीधे हितग्राही को मिलता है।

विपत्ति में राहत बना डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर

इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कोरोना काल। विश्वव्यापी कोरोना महामारी के समय सब कुछ बंद हो गया था। हाथ से कमा कर रोज खाने वालों की स्थिति अत्यंत खराब थी। दो जून की रोटी जुटाना मुश्किल था। इस संकट के समय में पहले चरण के लॉकडाउन के दौरान केंद्र सरकार ने लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपये की राहत राशि पहुंचाई। यह राशि लाभार्थियों के खाते में सीधे ट्रांसफर की गयी और यह भी सुनिश्चित किया गया कि देश का कोई भी नागरिक भूखा न सोये। इसी दौरान गरीब, मजदूर, वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों, विधवाओं सहित सभी जरूरतमंद लोगों के लिए कई बड़े ऐलान किये गये जिसका लाभ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किया गया। पूर्व की कई योजनाएं जो अभी भी संचालित हैं और जो नवीन योजनाएं प्रारंभ की गयी हैं उनसे संबंधित राशि हितग्राहियों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर द्वारा ही जारी की जा रही है।

- हितेश शर्मा

(लेखक, समसामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

महाकाल की नगरी उज्जैन में दो दिवसीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव सम्पन्न

देश और प्रदेश की आर्थिक उन्नति का संकल्प

मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक नगरी उज्जैन में संपन्न क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन में दस हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आया। इससे 17 हजार से अधिक युवाओं को रोज़गार मिलने की संभावना बढ़ी। समागम में विभिन्न औद्योगिक और व्यावसायिक संस्थानों से संबंधित करीब 4 हजार प्रतिनिधि जुटे। इनमें बारह विदेशी प्रतिनिधि शामिल हुए। आयोजन स्थल पर ही कुल 63 औद्योगिक इकाइयों का वर्चुअल शुभारंभ हुआ और 283 बड़ी और एमएसएमई इकाइयों को 12 हजार 170 करोड़ से अधिक निवेश के लिए भूमि आवंटन आदेश दिए गए। केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल भी इस कॉन्क्लेव में भाग लेने उज्जैन पहुंचे और दूसरे दिन केन्द्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल वर्चुअल जुड़े।

उज्जैन के इतिहास में यह पहली इंडस्ट्री कॉन्क्लेव थी। इस नगर की गणना दुनिया के प्राचीनतम नगरों में होती है। उज्जैन ऐतिहासिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक शैक्षणिक और धार्मिक महत्व की नगरी रही है। द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण यहीं पढ़ने आये थे। विक्रम संवत् के अधिष्ठाता सम्राट विक्रमादित्य भी उज्जैन के थे। यहां समय और ग्रहों को मापने के लिये पत्थरों की वेधशाला के अवशेष भी उपलब्ध हैं। द्वादश ज्योतिर्लिंग में एक महाकाल भी यहां स्थापित हैं और देश के चार महाकुंभ में से एक सिंहस्थ आयोजन उज्जैन में होता है। धार्मिक, पुरातात्विक और ऐतिहासिक महत्व के बावजूद भी यहां आधुनिक सुविधाएं उतनी नहीं हैं जितनी होनी चाहिए थीं। जबकि इससे केवल पचपन किलोमीटर दूर इंदौर नगर आधुनिक विकास की रफ्तार में बहुत तेज है। इंदौर में यातायात की सुगमता, देश के विभिन्न नगरों से हवाई कनेक्शन और अति सुविधाजनक होटल आदि की सुविधा के कारण मध्यप्रदेश में होने वाली अधिकांश इन्वेस्टर्स या इन्डस्ट्री मीट इंदौर में ही होती रही हैं। लेकिन अब समय ने अंगड़ाई ली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में आधुनिक विकास की नई नींव रखी है। अपने अल्प काल में डॉ. मोहन यादव ने अनेक नवाचार किये, कुछ नयी परंपराएं स्थापित की हैं। नवाचार की इसी कड़ी में यह दो दिवसीय उद्योग समागम इंदौर की बजाय उज्जैन में आयोजित किया गया और मात्र एक माह की तैयारी में यह दो दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अल्पावधि में उन सभी सुविधाओं का प्रबंध कर लिया गया जो इस मीट के लिये आवश्यक थीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चूंकि उज्जैन के ही निवासी हैं। इसलिए उज्जैन के प्रति उनका आकर्षण स्वाभाविक हो सकता है। पर उन्होंने इस 'क्षेत्रीय औद्योगिक समागम' में समझौतों की प्राथमिकता भी बदली। इस समागम में इन्वेस्टमेंट के प्रस्ताव केवल सहमति या आश्वासन तक ही सीमित न रहे। बाकायदा निवेश के समझौतों पर हस्ताक्षर हुए और संबंधित औद्योगिक इकाइयों के लिये आवश्यक अलाटमेन्ट आदेश भी जारी कर दिये। इसमें भूमि एवं कुछ अन्य आवश्यकताओं से संबंधित थे। इससे पहले ऐसी इन्वेस्टर्स मीट या इन्डस्ट्री कॉन्क्लेव में एमओयू या इन्वेस्ट कॉन्ट्रेक्ट ही होता था। इसलिये कई बार परिणाम वैसे नहीं आते थे जिनकी उम्मीद होती थी। लेकिन इस बार बाकायदा निवेश एग्रीमेंट हुए और स्थल पर ही भूमि आवंटन किया गया।

उज्जैन में इस इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को व्यापार मेले से भी जोड़ा गया। मध्यप्रदेश में व्यापार मेले के लिये अब तक ग्वालियर नगरी प्रसिद्ध रही है, जिसमें राज्य सरकार विक्रय कर में पचास प्रतिशत की रियायत देती रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के व्यापार मेले की भांति उज्जैन में भी व्यापार मेले का शुभारंभ किया और कर में पचास प्रतिशत की रियायत करने की घोषणा की। यह मेला एक माह चलेगा। उज्जैन का व्यापार मेला इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में आये अतिथियों के लिये तो आकर्षण का केंद्र रहा ही, स्थानीय निवासियों ने दिल खोलकर स्वागत किया। इस मेले की यह विशेषता भी रही कि इसमें स्थानीय और लोककला पर आधारित शिल्प का प्रदर्शन है, जिसे अतिथियों द्वारा सराहा गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह घोषणा भी की है कि ऐसे व्यापार मेले और 'इंडस्ट्री कॉन्क्लेव' अथवा 'इन्वेस्टर्स मीट' मध्यप्रदेश के जबलपुर आदि अन्य नगरों में भी आयोजित किये जायेंगे।

इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की उपलब्धियां

दो दिवसीय इस क्षेत्रीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में कुल 880 इकाइयों ने सहभागिता की। इससे कुल एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की संभावना बनी है। इसमें दस हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के करारनामों पर हस्ताक्षर हुए और लगभग सत्रह हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव आये। इस समागम में अडानी ग्रुप ने मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों में लगभग 75,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। इससे राज्य के सकल घरेलू उत्पाद पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी एलटीआई माइंडट्री ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में सूबे में 500 करोड़ रुपये के निवेश के सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस निवेश से 10,000 लोगों को रोज़गार मिलेगा। इस कंपनी को इंदौर के सुपर कॉरिडोर पर 10 एकड़ जमीन भी आवंटित कर दी गई है। पेप्सिको ग्रुप ने उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में करीब 1,250 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की और आवश्यक दस्तावेज शासन को सौंपे। इससे 500 से अधिक लोगों को रोज़गार मिलेगा। इस दो दिवसीय उद्योग समागम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 20 से अधिक उद्योगपतियों से सीधी मुलाकात की और आवश्यक समझौतों पर हस्ताक्षर की सहमति दी। इसी कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने उज्जैन के शासकीय उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज मैदान पर संपन्न समापन सत्र में रिमोट का बटन दबाकर मध्यप्रदेश के लिए एयर एंबुलेंस का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के यह 'पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा' के नाम से जानी जाएगी। इस सेवा में एक हेली एंबुलेंस और एक फिक्स्ड विंग कन्वर्टेड फ्लाइंग आईसीयू विमान होगा, जिसमें उच्च प्रशिक्षित चिकित्सकों और एयरो मेडिकल साइंस फैलोशिप में प्रशिक्षित पैरामेडिकल टीम रहेगी।

इस कॉन्क्लेव में खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, अधोसंरचना, पर्यटन, इलेक्ट्रिक, फार्मा एवं मेडिकल डिवाइस में निवेश के अवसर एवं चुनौतियां विषय पर भी विचार-विमर्श हुआ। निवेशकों ने कहा कि आने वाले समय में मध्यप्रदेश, फार्मा एवं चिकित्सा उपकरण का सबसे बड़ा निर्यातक बनेगा।

विदेशी औद्योगिक संस्थान प्रतिनिधि आये

भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) की भागीदारी से आयोजित सम्मेलन में 4,000 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। इनमें भारतीय उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा, इजराइल, जापान, सिंगापुर, इस्राइल, फिजी, जाम्बिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जर्मनी आदि देशों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। सम्मेलन में मध्यप्रदेश शासन की ओर से उद्योगपतियों और उनके प्रतिनिधियों को कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, धार्मिक पर्यटन, दवा निर्माण, खनिज, इंजीनियरिंग उत्पाद, वस्त्र निर्माण और शहरी अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में निवेश के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। इसके लिये मध्यप्रदेश के उद्योग निवेश विभाग ने अलग-अलग टीमें गठित की थीं। यद्यपि उद्योग जगत की सुविधाओं के लिये मध्यप्रदेश में एकल विंडो सुविधा उपलब्ध है फिर भी इस समागम में सभी आवश्यक विभागों के अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहे।

कॉन्क्लेव में नवाचार

मध्यप्रदेश सरकार ने इस क्षेत्रीय औद्योगिक समागम में भारत को विश्व की आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में कुछ नवाचार किये। सबसे पहले तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 'लोकल पर वोकल' और उसे ग्लोबल बनाना और दूसरा भारत को विश्व में सबसे बड़ा निर्यातक देश बनाना, ताकि 2047 तक भारत विश्व की सर्वश्रेष्ठ आर्थिक शक्ति बन सके। यही उद्देश्य इस कॉन्क्लेव के साथ व्यापार मेले को जोड़ना और उसमें स्थानीय उत्पाद एवं शिल्प के प्रदर्शन का था।

इस कॉन्क्लेव में उन उत्पादों के उद्योग लगाने पर अधिक विमर्श हुआ जिनमें भारत निर्यातक बन सके। साथ ही इसमें निवेशकों को उन उत्पादों का उद्योग लगाने के लिये प्रेरित किया गया जिनके रॉ मटेरियल की उपलब्धता स्थानीय स्तर पर अधिक है। कॉन्क्लेव आयोजन के लिये नगर परिवर्तन करके व्यापार मेले से जोड़ने से सामाजिक जाग्रति होती है तथा स्थानीय उत्पात को बड़ा मार्केट भी उपलब्ध होता है और स्थानीय स्तर पर परोक्ष रोज़गार की उपलब्धता भी होती है। इस नवाचार की प्रशंसा कॉन्क्लेव में भाग लेने आये निवेशकों ने भी की और स्थानीय नागरिकों ने भी।

- रमेश शर्मा

(लेखक- वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं)

सबके जीवन में खुशहाली के लिए उद्योग और निवेश को प्रोत्साहित करना आवश्यक - डॉ. मोहन यादव

समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र के विकास और समृद्ध बनाने के सहभागी बनें। सबके जीवन में खुशहाली के लिए उद्योग और निवेश को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार निवेश और उद्योगों को प्रोत्साहित कर रही है। उद्योगों में संसार को चलाए रखने, वित्तीय प्रबंधन को प्रोत्साहित करने और सभी को अन्न व रोज़गार उपलब्ध कराने की क्षमता है।

भारत विश्व को आर्थिक और आध्यात्मिक नेतृत्व प्रदान करने की दिशा में अग्रणी - श्री अर्जुन मेघवाल

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने इस समागम में उपस्थित उद्योग व्यवसाय जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व की आर्थिक और आध्यात्मिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रणी है। श्री मेघवाल ने स्वामी विवेकानंद की भविष्यवाणी का उल्लेख किया और कहा कि भारत विश्व को आध्यात्मिक, आर्थिक नेतृत्व प्रदान करेगा और यह उज्जैन नगर भावी पीढ़ी को दिशा दिखाएगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश में फ्यूचर रेडी राज्य के रूप में उभर रहा है।

JIWAJI UNIVERSITY, GWALIOR
(Accredited A++ By NACC)

No.F/Admn/Estt./2024/8038 Date : 09.03.2024

ADVERTISEMENT FOR NON-TEACHING POST

Applications on the prescribed forms are invited from eligible candidates for the following regular Non-teaching posts of Librarian (Academic Pay level 14 as per 7th CPC), Assitant Librarian, (Academic Pay level 10 as per 7th CPC) will be as per UGC, New Delhi (vide UGC Regulations-2018) on minimum qualifications for appointment of Non-teaching in Universities and colleges vide notification no. No. 271] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 18,2018/ASHADHA 27, 1940 and as adopted by the University, from time to time.

S.No.	Name of the Department	No. of post	Reservation
1	Librarian	01	UR
2	Assistant Librarian	01	UR

UR-Unreserved.

The Qualifications and pay scales are as prescribed by the UGC Regulation 2018 and M.P. State Government respectively. The detailed information along with other terms and conditions and application form are available on the website: **www.jiwaji.edu.** The application filled in the prescribed form with relevant documents duly attested copies of enclosures along with Demand Draft of Rs. 1000/- (for reserved post) of any Nationalized Bank drawn in favour of "Registrar, Jiwaji University, Gwalior" should reach to the **Registrar, Jiwaji University, Gwalior 474011** on or **before 10.04.2024** through registered/speed post only. Application shall not be received by hand/courier. Incomplete application/application without enclosure/ application received after last date shall not be considered. University shall not be responsible for any postal delay.

The envelope containing the application should be prescribed as "APPLICATION FOR THE POST OF....."

Note : (i) Reservation to women candidates will be provided as per M.P. Govt, rules. (ii) Reservation to physically handicapped persons will be provided as per M.P. Govt. rules. (iii) Number of teaching posts can be increased or decreased and the university reserves its right to fill or not to fill the post advertised. (iv) Reservation to SC/ST/OBC category will be provided only to the candidates having M.P. domicile. (v) The candidates who have applied earlier in response to previous advertisements are required to apply afresh.

M.P. Madhyam/114273/2024 R-49621/2024 **REGISTRAR**

जॉब अलर्ट

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

पद का नाम - कॉन्स्टेबल
पदों की संख्या - 6000
योग्यता - किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं की परीक्षा पास की हो और मैट्रिक लेवल पर हिंदी या संस्कृत एक विषय के रूप में पढ़ा हो। आयु 18 वर्ष से कम और 25 वर्ष से अधिक नहीं हो।
अंतिम तिथि - 21 मार्च 2024
वेबसाइट - https://www.hssc.gov.in/

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

पद का नाम - हॉस्टल सुपरिटेंडेंट
पदों की संख्या - 335
योग्यता - किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की डिग्री। सीईटी ग्रेजुएशन एग्जाम पास होना जरूरी। आयु 21 से 40 साल के बीच हो।
अंतिम तिथि - 17 मार्च 2024
वेबसाइट - https://rsmssb.rajasthan.gov.in/page?menuName=Home&lang=Hindi

बिहार लोक सेवा आयोग

पद का नाम - ब्लॉक हॉर्टिकल्चर ऑफिसर
पदों की संख्या - 318
योग्यता - मान्यता प्राप्त कृषि विश्वविद्यालय से कृषि उद्यान/कृषि विज्ञान में ग्रेजुएशन की डिग्री।
अंतिम तिथि - 21 मार्च 2024
वेबसाइट - https://www.bpsc.bih.nic.in/

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, पुणे

पद का नाम – असिस्टेंट प्रोफेसर (सीएसई/ईसीई, मैथमेटिक्स), असिस्टेंट रजिस्ट्रार, जूनियर सुपरिटेंडेंट, फिजिकल ट्रेनिंग कम योगा इंस्ट्रक्टर, जूनियर टेक्नीशियन (कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग), जूनियर असिस्टेंट, जूनियर टेक्निशियन (लाइब्रेरी)
पदों की संख्या - 20
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 18 मार्च 2024
वेबसाइट – https://www.iiitp.ac.in/

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कालिकट

पद का नाम – सीनियर मेडिकल ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 18 मार्च 2024
वेबसाइट – https://nitc.ac.in/

नेशनल हैंडलूम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

पद का नाम – जनरल मैनेजर (कमर्शियल)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 17 मार्च 2024
वेबसाइट – https://www.nhdc.org.in/

एजुकेशन डिपार्टमेंट, चंडीगढ़

पद का नाम - शिक्षक (टीजीटी)
पदों की संख्या - 303
योग्यता - न्यूनतम 50% अंकों के साथ ग्रेजुएशन और बीएड किया हो। सीटीईटी II एजाम क्वालीफाई करना जरूरी है।
अंतिम तिथि - 18 मार्च 2024
वेबसाइट-https://www.chdeducation.gov.in/

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड

पद का नाम - ऑपरेटर कम टेक्नीशियन (ट्रेनी)
पदों की संख्या - 341
योग्यता - 10वीं पास के साथ संबंधित क्षेत्र में फुल टाइम इंजीनियरिंग डिप्लोमा।
अंतिम तिथि - 18 मार्च 2024
वेबसाइट - https://www.sail.co.in/en

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली

पद का नाम - नर्सिंग ऑफिसर
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग या बीएससी नर्सिंग पास किया हो। उम्मीदवार का भारतीय या राज्य के नर्सिंग परिषद से नर्स और मिडवाइफ के तौर पर रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है।
अंतिम तिथि - 17 मार्च 2024
वेबसाइट - https://www.aiimsexams.ac.in/

एडमिशन अलर्ट

फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया

पाठ्यक्रम का नाम - टीवी और सिनेमा से संबंधित विभिन्न कोर्स
योग्यता - एफटीआईआई प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश
अंतिम तिथि - 17 मार्च 2024
वेबसाइट - https://www.ftii.ac.in/

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय

पाठ्यक्रम का नाम - पीएचडी प्रोग्राम्स (जैव रसायन, माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री आदि)
योग्यता - यूजीसी-नेट/यूजीसी-सीएसआई आर नेट और इसी तरह की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) परीक्षा देनी होगी।
अंतिम तिथि - 15 मार्च 2024
वेबसाइट - https://phdadmission.rmlauentrance.in

स्कॉलरशिप

यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम - ग्रेट स्कॉलरशिप

किनके लिए - एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स करने के इच्छुक छात्रों के लिए।
योग्यता - आवेदक के पास सितंबर 2024 में नॉटिंघम यूनिवर्सिटी यूके कैंपस में फुल टाइम मास्टर्स कोर्स करने का ऑफर होना चाहिए। इसके अलावा उम्मीदवार ब्रिटिश काउंसिल की ग्रेट स्कॉलरशिप प्रोफाइल के लिए योग्य हो।
क्या मिलेगा - चयनित उम्मीदवार को एक वर्ष की पढ़ाई के लिए 10 हजार यूरो की वित्तीय सहायता दी जाएगी।
अंतिम तारीख - 15 मई 2024
वेबसाइट - https://www.nottingham.ac.uk/pgstudy/funding/great-scholarships

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

मिशन गगनयान

अंतरिक्ष की असीम ऊंचाई छूने को तैयार भारत

भारत अब न केवल बड़े सपने देख रहा है, बल्कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी ताकत और आत्मविश्वास के साथ उन्हें साकार भी कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। इन्हीं प्रयासों की बदौलत देश आज अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। अंतरिक्ष की गहराइयों में अपनी अलग पहचान बना रहा है। श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय अंतरिक्ष मिशनों ने दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी में जुटा है। इस मिशन के जरिए भारत अंतरिक्ष के अनजान विस्तार का अध्ययन करेगा।

अंतरिक्ष में जाएंगे 4 एस्ट्रोनॉट



भारत ने मिशन गगनयान की सफलता की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस मिशन के तहत अंतरिक्ष में जाने वाले एस्ट्रोनॉट के नामों का ऐलान किया और उन्हें एस्ट्रोनॉट विंग्स भी दिए। इस मिशन में ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाएंगे। प्रधानमंत्री ने इस महत्वपूर्ण क्षण पर कहा कि ये सिर्फ चार नाम या चार इंसान नहीं हैं, ये वो चार शक्तियां हैं, जो 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष तक ले जाने वाली हैं। 40 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जा रहा है, लेकिन इस बार वक्त भी हमारा है, काउंटडाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है।

स्वर्णिम युग की शुरुआत

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है, बल्कि अंतरिक्ष की ओर भी तेजी से कदम बढ़ा रहा है। भारत अब गगनयान मिशन के माध्यम से अंतरिक्ष की असीम ऊंचाइयों को छूने को तैयार है। यह अंतरिक्ष मिशन नहीं, बल्कि एक सपने को हकीकत में बदलने का प्रतीक है। पिछले साल जब भारत ने चंद्रमा के साउथ पोल पर तिरंगा लहराया, तो वह सिर्फ एक सफलता नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत थी। आज शिव-शक्ति पॉइंट के माध्यम से पूरी दुनिया को भारत की शक्ति का अनुभव हो रहा है। 2025 में गगनयान मिशन के लॉन्च के साथ भारत अंतरिक्ष के अध्ययन में एक और कदम आगे बढ़ाएगा, 2035 तक भारत का अपना स्पेस स्टेशन होगा। यह देश के अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेगा। इस तरह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब अंतरिक्ष के क्षेत्र में नया इतिहास लिखने की ओर बढ़ रहा है।

क्षमताओं की कोई सीमा नहीं

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गगनयान मिशन सिर्फ एक अंतरिक्ष कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सपने को हकीकत में बदलने का संकल्प है। यह भारत की जनता की नई यात्रा और अनुभव का प्रारंभ है। इस यात्रा में हर भारतीय का योगदान महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह देश के सपनों को साकार करने का सफर है। गगनयान मिशन अंतरिक्ष के अनजान विस्तार में मानवता की पहुंच को नई ऊंचाई देने की योजना है। गगनयान परियोजना में मानव चालक दल को 400 किलोमीटर की कक्षा में लॉन्च करके और भारतीय समुद्री जल में उतर कर पृथ्वी पर सुरक्षित रूप से वापस लाकर मानव अंतरिक्ष यान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है। गगनयान मिशन के तहत चालक दल को अंतरिक्ष में सुरक्षित ले जाने के लिए मानव रेटेड लॉन्च वाहन सहित अनेक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों का विकास, अंतरिक्ष में चालक दल को पृथ्वी जैसा वातावरण प्रदान करने के लिए जीवन समर्थन प्रणाली, चालक दल के आपातकालीन बचाव के प्रावधान तथा चालक दल के प्रशिक्षण, पुनर्प्राप्ति और पुनर्वास के लिए चालक दल प्रबंधन पहलुओं को विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही गगनयान मिशन की सफलता के लिए कई महत्वपूर्ण तकनीक विकसित की जा रही हैं। इस मिशन की सफलता से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक बार फिर दुनिया को दिखाएगा कि उसकी क्षमताओं की कोई सीमा नहीं है।

महिला रोबोट करेगी सहायता

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने सपनों को हकीकत में बदलने के लिए हमेशा संकल्पित है। गगनयान मिशन के एक अहम हिस्से के रूप में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने व्योममित्र को चुना है। व्योममित्र एक महिला रोबोट है। यह भारत की पहली मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान में सहायक बनेगी। यह गगनयान मिशन से पहले अंतरिक्ष में उड़ान भरेगी। इसका मुख्य कार्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाने में सहायता करना है। यह मिशन न केवल अंतरिक्ष अनुसंधान में भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा, बल्कि महिलाओं को भी अंतरिक्ष यात्रा में उनकी भूमिका का महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व प्रदान करेगा। यह दिखाता है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नारी शक्ति को महत्वपूर्ण स्थान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

- **गगनयान परियोजना में मानव चालक दल को 400 किलोमीटर की कक्षा में लॉन्च करके और भारतीय समुद्री जल में उतर कर पृथ्वी पर सुरक्षित रूप से वापस लाकर मानव अंतरिक्ष यान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है।**
- **2025 में गगनयान मिशन के लॉन्च के साथ भारत अंतरिक्ष के अध्ययन में एक और कदम आगे बढ़ाएगा।**
- **इस मिशन में ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाएंगे।**
- **2035 तक भारत का अपना स्पेस स्टेशन होगा।**

व्योममित्र संस्कृत के शब्द 'व्योम', अंतरिक्ष और मित्र से मिलकर बना है। व्योममित्र महिला रोबोट विभिन्न कार्यों की निगरानी कर सकता है। यह मॉड्यूल के मानकों की निगरानी करने, चेतावनी जारी करने और जीवन रक्षक कार्यों को निष्पादित करने की क्षमता से युक्त है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि वह अंतरिक्ष के वातावरण में मानव कार्यों का अनुकरण कर सके। इससे मानव यात्रियों को अंतरिक्ष में सुरक्षित रूप से ले जाने और उनके अनुभव को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।

पहली परीक्षण वाहन उड़ान सफल

गगनयान मिशन के प्रक्षेपण की तैयारी के रूप में भारत ने पहली परीक्षण वाहन उड़ान (टीवी डी 1) को सफलतापूर्वक सम्पन्न कर लिया है। 21 अक्टूबर, 2023 को टीवी डी 1 को पूरा किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में बचाव प्रणाली और पैराशूट प्रणाली को योग्य बनाना था। टीवी डी 1 ने अपनी मानव रेटिंग को पूरा कर लिया है, जिससे अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक प्रवेश किया जा सके। इस दौरान सभी प्रणोदन चरणों को उपयुक्त पाया गया है और सभी तैयारियां अब पूरी हो चुकी हैं।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

गगनयान मिशन में मानव सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए लॉन्चर में भी कुछ खास बदलाव किए गए हैं। इस मिशन को सफल बनाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने सबसे प्रमाणित और भरोसेमंद हैवी लिफ्ट लॉन्चर एलवीएम 3 का चयन किया है। इसमें ठोस चरण, तरल चरण और क्रायोजेनिक चरण होते हैं। एलवीएम 3 प्रक्षेपित रॉकेट में मानव अनुकूलन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुछ बदलाव किए गए हैं और इसे मानव अनुकूलित एलवीएम 3 नाम दिया गया है। एचएलवीएम 3 कक्षीय मॉड्यूल को 400 किलोमीटर की निम्न भू-कक्षा में प्रक्षेपित करने में सक्षम है। गगनयान मिशन में मानव सुरक्षा सर्वोपरि है। इसलिए एचएलवीएम 3 में क्रू निकास प्रणाली (सीईएस) भी है। यह सुनिश्चित करती है कि प्रक्षेपित पैड पर या उत्थापन चरण के दौरान किसी भी आपात स्थिति में क्रू के साथ क्रू मॉड्यूल को सुरक्षित दूरी पर ले जाया जा सके।

- निशा त्यागी
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं और समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं)

आयरलैंड ने पहली बार जीता टेस्ट मैच

अबु धाबी, आयरलैंड की क्रिकेट टीम ने टेस्ट क्रिकेट में पहली बार जीत दर्ज की है। आयरलैंड ने अबु धाबी में खेले गए टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान 155 रन बनाये। अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान ने अर्धशतक लगाया। वहीं आयरलैंड ने पहली पारी में पॉल स्टर्लिंग (52), कर्टिस कैम्फर (49) और लोर्कन टकर (46) की शानदार पारियों के दम पर 263 रन बनाये। दूसरी पारी में भी अफगानिस्तान के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आये। अफगानिस्तान ने दूसरी पारी में 218 रन बनाये। आयरलैंड ने जीत के लिए मिले 111 रनों के लक्ष्य को 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। आयरलैंड के मार्क अडायर ने पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 3 विकेट लेकर जीत सुनिश्चित की।

बीसीसीआई ने जारी की खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची

ईशान और श्रेयस अनुबंध सूची से हुए बाहर

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्टार क्रिकेटर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया है। इन दोनों खिलाड़ियों को बीसीसीआई की चेतावनी के बावजूद घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने की वजह से केंद्रीय अनुबंध सूची से हटाया गया है। बीसीसीआई ने अक्टूबर 2023 से सितम्बर 2024 की अवधि के लिए 30 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस और ईशान के नाम पर विचार नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तब वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें। ईशान दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारतीय टीम में शामिल थे, लेकिन वे दौरे को बीच में ही छोड़कर स्वदेश आ गए थे, वहीं श्रेयस चोट से रिकवर होने के बावजूद घरेलू क्रिकेट नहीं खेल रहे थे।

बीसीसीआई ने युवा क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल और रिंकू सिंह को उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए पहली बार केंद्रीय अनुबंध सूची में जगह दी है।

बीसीसीआई ने इस बार मानदंडों से हटकर चारों ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को सालाना अनुबंध के लिए मिलने वाली राशि का उल्लेख नहीं किया है। आमतौर पर बीसीसीआई ग्रेड ए प्लस में शामिल खिलाड़ियों को सात करोड़ रुपये, ग्रेड ए में शामिल खिलाड़ियों को पांच करोड़ रुपये, ग्रेड बी में शामिल खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपये और सी ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये सालाना प्रदान करता है।

ग्रेड ए प्लस- रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा।

ग्रेड ए- के.एल. राहुल, मोहम्मद सिराज, शुभमन गिल, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी और हार्दिक पंड्या।

ग्रेड बी- कुलदीप यादव, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल।

ग्रेड सी- रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, मुकेश कुमार, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान, रजत पाटीदार, संजू सैमसन, के.एस. भरत, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा और शार्दुल ठाकुर।

प्रदेश की वैष्णवी ने वुशु स्टार चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण

मॉस्को, मध्यप्रदेश की नवोदित खिलाड़ी वैष्णवी त्रिपाठी ने रूस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मॉस्को वुशु स्टार चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। वैष्णवी ने बालिकाओं की 48 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा में रूस की खिलाड़ी को हराया। इस प्रतियोगिता में भारत और रूस सहित 12 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वैष्णवी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने प्रदेश को ही नहीं, बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

डेविड हेम्प बने बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच

ढाका, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने डेविड हेम्प को राष्ट्रीय टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। बीसीबी ने हेम्प के अलावा न्यूजीलैंड के पूर्व गेंदबाज आंद्रे एडम्स को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। इन दोनों कोचों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा और श्रीलंका के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के साथ शुरू होगा। हेम्प मई 2023 से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के हाई परफॉर्मेंस कोच बनाए गए थे। हेम्प इससे पहले पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं।

वर्स्टापेन ने जीती फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप की पहली रेस

साखिर, नीदरलैंड्स के दिग्गज कार रेसर और मौजूदा फॉर्मूला-वन चैम्पियन मैक्स वर्स्टापेन ने फॉर्मूला-वन के नए सीजन की शुरुआत जीत के साथ की है। बहरीन इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित सीजन की पहली रेस बहरीन ग्रां प्री में वर्स्टापेन बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता बने।

57 लैप की बहरीन ग्रां प्री में वर्स्टापेन ने पोल पोजिशन से शुरुआत की और एक घंटा 31 मिनट 44.742 सेकेंड में रेस जीत ली। रेस में वर्स्टापेन के टीम साथी सर्जियो पेरेज दूसरे, कार्लोस सेंज तीसरे, चार्ल्स लेकलर्क चौथे और जॉर्ज रसेल पांचवें स्थान पर रहे। वर्स्टापेन 26 अंक अर्जित कर चैम्पियनशिप में शीर्ष पर हैं।

- **इस वर्ष फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप में कुल 24 रेस आयोजित की जायेंगी।**
- **वर्स्टापेन ने वर्ष 2021, 2022 और 2023 में जीती है चैम्पियनशिप।**
- **माइकल शुमाकर और लुईस हेमिल्टन ने 7-7 बार जीती है यह चैम्पियनशिप।**

फ्रांस के फुटबॉलर पॉल पोग्बा पर लगा प्रतिबंध

रोस, इटली की डोपिंग रोधी अदालत ने जुवेंट्स क्लब के लिए खेलने वाले फ्रांस के स्टार फुटबॉलर पॉल पोग्बा पर चार वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया है। अदालत ने कहा कि पोग्बा डोप टेस्ट में विफल रहे हैं। उनके डोप सैंपल में टेस्टोस्टेरॉन तत्व पाया गया है, जो कि प्रतिबंधित तत्व है। प्रतिबंध के बाद पोग्बा ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह गलत है। पोग्बा इस फैसले के खिलाफ स्विट्जरलैंड स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल पंचाट में अपील करेंगे।

नील वेगनर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

ऑकलैंड, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वेगनर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में मौका नहीं मिलने के बाद वेगनर ने संन्यास का ऐलान किया है। वेगनर ने न्यूजीलैंड के लिए 64 टेस्ट मैच खेले और 260 विकेट लिए हैं। वेगनर ने वर्ष 2012 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था। उन्होंने आखिरी मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था।

भारतीय टेबल टेनिस टीम को मिला ओलिंपिक का टिकट

नई दिल्ली, भारत की महिला और पुरुष टेबल टेनिस टीम ने पहली बार ओलिंपिक खेलों के लिए क्वालिफाइ करके इतिहास रच दिया है। भारत की दोनों टीमों ने विश्व टेबल टेनिस रैंकिंग के आधार पर ओलिंपिक का टिकट हासिल किया। रैंकिंग में भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने 13वें स्थान पर रहते हुए क्वालिफाइ किया, वहीं पुरुष टीम ने रैंकिंग में 15वें स्थान के साथ पेरिस ओलिंपिक में जगह बनाई।

इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन (आईआईटीएफ) ने कहा कि पिछले महीने बुसान में आयोजित विश्व टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप पेरिस ओलिंपिक के लिए अंतिम क्वालिफाइंग टूर्नामेंट था। इस टूर्नामेंट के समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में सात-सात स्थान बचे थे, जिनके लिए टीमों को उनकी रैंकिंग के आधार पर चुना गया है।

ओलिंपिक में टेबल टेनिस टीम स्पर्धा को वर्ष 2008 के बीजिंग ओलिंपिक में शामिल किया गया था। इससे पहले ओलिंपिक में टेबल टेनिस में सिर्फ महिला और पुरुष वर्ग में एकल और युगल स्पर्धाएं शामिल होती थी। भारत के टेबल टेनिस खिलाड़ी एकल स्पर्धाओं में ही क्वालिफाइ कर पाये थे, लेकिन यह पहला अवसर होगा जब भारत की महिला और पुरुष टेबल टेनिस टीमें ओलिंपिक में खेलेंगी।

बेन्सन किपरूटो ने रिकॉर्ड समय में जीती टोक्यो मैराथन रेस

टोक्यो, केन्या के दिग्गज मैराथन धावक बेन्सन किपरूटो ने टोक्यो मैराथन में पुरुष वर्ग की रेस जीत ली है। किपरूटो ने यह रेस 2 घंटे 2 मिनट और 16 सेकेंड के रिकॉर्ड समय में पूरी की। इस जीत के साथ ही किपरूटो ने वर्ष 2021 में केन्या के ही इलियुड किपचोगे द्वारा बनाये गए रिकॉर्ड (2 घंटे 2 मिनट 40 सेकेंड) को तोड़ दिया है। टोक्यो मैराथन रेस में इस बार किपचोग 10वें स्थान पर रहे। इस रेस में महिला वर्ग का खिताब इथोपिया की सुतुमे असेफा केबेडे ने 2 घंटा 15 मिनट 55 सेकेंड का समय निकालकर जीता।

यूएफा वूमेन नेशंस लीग

फ्रांस को हराकर स्पेन बना चैम्पियन

सेविला, स्पेन की महिला फुटबॉल टीम ने यूएफा नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। स्पेनिश महिला टीम ने नेशंस लीग में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए पहली बार यह टूर्नामेंट जीता है। स्पेन ने टूर्नामेंट के फाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराया।

सेविला में खेले गए फाइनल मुकाबले में विश्व चैम्पियन स्पेनिश टीम को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, स्पेनिश टीम ने मैच में अपनी प्रतिष्ठा अनुरूप प्रदर्शन किया। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया और एक-दूसरे को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। मैच में स्पेन को पहली सफलता 32वें मिनट में मिली। 32वें मिनट में स्टार खिलाड़ी ऐटाना बोनामाटी ने फ्रांस के डिफेंस में सेंध लगाकर शानदार गोल किया और अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई।

- **यूएफा महिला नेशंस लीग का यह पहला सत्र है, जिसमें स्पेन विजेता बना है।**
- **स्पेनिश महिला टीम ने छह महीने के अंदर दूसरा बड़ा अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट जीता है।**
- **स्पेनिश टीम ने 2023 में फीफा फुटबॉल विश्वकप जीता था।**

मैच के दूसरे हाफ में स्पेन ने आक्रामक रणनीति अपनाई, जिसका फायदा 53वें मिनट में मिला। स्पेनिश टीम की स्ट्राइकर मेरिओना कालडेंटे ने बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को मैच में 2-0 की बढ़त दिलाई। मैच में पिछड़ने के बाद फ्रांसीसी टीम ने अपने अटैक में तेजी लाई, लेकिन वे स्पेनिश टीम के डिफेंस को भेद नहीं सकी।

मैक्सिकन ओपन

एलेक्स डि मिनॉर ने जीता खिताब

एकापुल्को, ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी एलेक्स डि मिनॉर ने मैक्सिकन ओपन टेनिस टूर्नामेंट अपने नाम किया है। मैक्सिकन ओपन में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में मिनॉर ने नॉर्वे के युवा खिलाड़ी कैस्पर रुड को लगातार सेटों में 6-4, 6-4 से हराया।

मिनॉर ने फाइनल में बेहतरीन सर्व और वॉली के दम पर रुड को मात दी। मैच के पहले सेट से ही मिनॉर ने आक्रामक खेल दिखाया और रुड के खिलाफ लगातार अंक अर्जित किए। रुड ने भी मैच में वापसी की कोशिश करते हुए अंक बटोरे लेकिन वे मिनॉर को सेट जीतने से रोक नहीं पाये। दूसरे सेट में भी मिनॉर ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और 6-4 से कैस्पर रुड को हराकर अपना खिताब बचाने में कामयाब रहे।

मैक्सिकन ओपन में युगल वर्ग का खिताब ह्यूगो निस और जेन जेलिन्सकी की जोड़ी ने सेंटियागो गोंजालेज और नील स्कूपस्की की जोड़ी को हराकर जीता।

- **एलेक्स डि मिनॉर ने लगातार दूसरी बार जीता है मैक्सिकन ओपन।**
- **मिनॉर वर्ष 2023 में भी बने थे चैम्पियन।**
- **मिनॉर के टेनिस कॅरियर का यह नौवां एटीपी खिताब है।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

सौर समझौते का अनुमोदन करने वाला 97वां देश बना पनामा

पनामा अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का अनुमोदन करने वाला 97वां सदस्य बन गया है। पनामा ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का समर्थन तथा अनुमोदन करने संबंधी दस्तावेज सौंपा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि संयुक्त सचिव (आर्थिक कूटनीति) अभिषेक सिंह के साथ भारत में पनामा के राजदूत यासील बुरिलो ने बैठक की। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच दस्तावेजों का आदान प्रदान हुआ।

कोलोराडो के प्राइमरी बैलट से नहीं हटेगा ट्रम्प का नाम

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के प्रेसिडेंशियल इलेक्शन से जुड़ी बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बेंच ने कोलोराडो राज्य की अदालत के एक फैसले को पलट दिया। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोलोराडो के प्राइमरी बैलट पेपर से ट्रम्प का नाम नहीं हटाया जा सकता। इसके मायने हुए कि अमेरिका के सभी 50 राज्यों में ट्रम्प का नाम बैलट पेपर पर रहेगा। ट्रम्प पर अमेरिका की कई अदालतों में अलग-अलग मामलों में केस चल रहे हैं। सियासी लिहाज से देखें तो 2024 में दोबारा राष्ट्रपति बनने की राह में सबसे बड़ा रोड़ा 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद पर हमले की साजिश रचने का है। विरोधियों ने उनके खिलाफ कई पिटीशन्स दायर की हैं। उनकी मांग ही यही है कि प्राइमरी बैलट से पूर्व राष्ट्रपति का नाम हटाया जाए। उनकी दलील है कि अमेरिकी संविधान का आर्टिकल 14 ट्रम्प को इलेक्शन लड़ने से रोकता है। सुप्रीम कोर्ट ने मांग खारिज कर दी है।

यूरोप में फैल रही पैरेट फीवर नाम की जानलेवा बीमारी

यूरोप के कई देशों में एक जानलेवा बीमारी फैल रही है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने इसे पैरेट फीवर नाम दिया है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि इससे अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक पैरेट फीवर पक्षियों में पाए जाने वाले एक बैक्टीरिया से फैल रहा है। अगर इस बैक्टीरिया से संक्रमित पक्षी किसी इंसान को काट लेता है या उसके संपर्क में आता है तो वो शख्स बीमार पड़ जाता है।

गाजा में भुखमरी पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय से कार्रवाई की मांग

हमास और इस्राइल के बीच पांच माह से अधिक समय से जंग जारी है। युद्ध में हजारों मौतें हो गई हैं। फिलहाल, न तो जंग कम हो रही है और न ही लोगों की जान की परवाह की जा रही है। इस बीच, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) से दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि गाजा युद्ध के चलते इस्राइल पर और आपातकालीन उपाय लागू किए जाएं। उसने गाजा में अकाल के खतरे का हवाला देते हुए अदालत में याचिका दायर कर मांग की कि आदेश दिया जाए की सभी पक्ष शत्रुता रोकें और सभी बंधकों को रिहा करें। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ के हवाले से लिखा, पैरेट फीवर को सिटाकोसिस के नाम से भी जाना जाता है।

उपराष्ट्रपति ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान धारवाड़ में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया

देश उत्साह की मनोदशा में है और हम हर क्षेत्र में प्रगति कर रहे हैं



देश उत्साह की मनोदशा में है और हम हर क्षेत्र में प्रगति कर रहे हैं 'भारत का उत्थान अजेय है यह बात उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (धारवाड़) में छात्रों को संबोधित करते हुए कही। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से देश की अभूतपूर्व प्रगति पर गर्व करने का आह्वान किया। उन्होंने अपने संबोधन में विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) जैसे वैश्विक संस्थानों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि हम वर्ष 2047 में नंबर एक देश होंगे। उन्होंने युवाओं से इसके लिए पूरी तरह से तैयार रहने को कहा। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) धारवाड़ में मुख्य द्वार परिसर, ज्ञान संसाधन और डेटा केंद्र और सेंट्रल लर्निंग थिएटर का उद्घाटन किया। उन्होंने छत पर सौर पैनल परियोजना की आधारशिला भी रखी।

युवा लाएंगे बदलाव

उपराष्ट्रपति ने युवाओं को शासन और लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण अंग बताया। उन्होंने कहा कि युवा वह बदलाव लाएंगे जिसकी देश को आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कोई भी लोकतंत्र तब तक पूर्ण नहीं है जब तक कि कानून के समक्ष समानता न हो। आज के युवा कानून के समक्ष समानता चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'कानून के समक्ष समानता के बिना, आपकी गरिमा से समझौता किया जाता है। जो लोग स्वयं को कानून से ऊपर मानते थे, उन्हें जवाबदेह ठहराया जा रहा है और वे यह सीख रहे हैं कि कानून के समक्ष समानता आज जमीनी हकीकत है।'

भ्रष्टाचार अभिशाप है

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भ्रष्टाचार "बहुत लंबे समय से अभिशाप" रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले भ्रष्टाचार के बिना कुछ भी संभव नहीं था। इस व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए उन्होंने हाल के सुधारों के बारे में बताया। उपराष्ट्रपति महोदय ने कहा कि अब एक बड़ा बदलाव आया है क्योंकि सत्ता के गलियारों को भ्रष्ट तत्वों से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ना ही पक्षपात और न ही भाई-भतीजावाद, बल्कि केवल योग्यता और योग्यता ही युवा प्रतिभाओं के प्रयासों के परिणाम तय करेगी। अंत में उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें अपनी तेज़ और अभूतपूर्व आर्थिक वृद्धि पर गर्व होना चाहिए।

राज्यों के विकास से हो रहा राष्ट्र का विकास- प्रधानमंत्री

विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

केंद्र सरकार और तेलंगाना राज्य दोनों ने अपने कार्यकाल के लगभग 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं। केन्द्र सरकार अपने नागरिकों के सपनों को साकार करने के लिए राज्य को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के आदिलाबाद में विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में कही। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की विद्युत, रेल और सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिलाबाद की भूमि न केवल तेलंगाना बल्कि पूरे देश से संबंधित विकास परियोजनाओं की साक्षी बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 800 मेगावॉट क्षमता वाली एनटीपीसी यूनिट से तेलंगाना की बिजली उत्पादन क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अंबारी-आदिलाबाद-पिंपलखुटी रेल लाइनों के विद्युतीकरण के पूरा होने और आदिलाबाद, बेला और मुलुगु में दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखने का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की यह आधुनिक रेल और सड़क परियोजनाएं हैं जो तेलंगाना के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के विकास की गति को बढ़ावा देंगी। यह यात्रा के समय को कम करेंगी, पर्यटन को प्रोत्साहित करेंगी और रोज़गार के अनगिनत अवसर जुटाने में मदद करेंगी।

अभियानों में वृद्धि की जाएगी

प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में शासन के नवाचारों पर कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान राज्य के विकास के लिए अधिक आवंटन किये गये हैं। हमारे लिए विकास का अर्थ गरीब से गरीब लोगों का विकास, दलित, आदिवासी, पिछड़ों और वंचितों के विकास से है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आए हैं, जिसका श्रेय गरीबों के लिए सरकार की कल्याण योजनाओं को जाता है। अंत में प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 5 वर्षों में ऐसे अभियानों में वृद्धि की जाएगी।

अर्थव्यवस्था का उच्च विकास होना तय

प्रधानमंत्री ने राज्यों के विकास के माध्यम से राष्ट्र के विकास का मंत्र दोहराया। उन्होंने कहा कि बेहतर अर्थव्यवस्था से देश में विश्वास बढ़ता है और राज्यों में निवेश से इसका लाभ होता है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की उच्च विकास दर को लेकर वैश्विक चर्चा का उल्लेख किया, क्योंकि भारत ही एकमात्र ऐसी प्रमुख अर्थव्यवस्था है जो पिछली तिमाही में 8.4% की दर से बढ़ी है। इस गति के साथ भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, अर्थात् तेलंगाना की अर्थव्यवस्था का भी उच्च विकास होना तय है।

वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण के संकल्प में हमारा कृषि क्षेत्र निभाएगा अग्रणी भूमिका

कृषि क्षेत्र वर्ष 2047 तक राष्ट्र को 'विकसित भारत' बनाने में आधार स्तंभ होगा। केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण, वाणिज्य और उद्योग तथा वस्त्र मंत्री श्री पीयूष गोयल ने ई-किसान उपज निधि के शुभारंभ पर कहा। उन्होंने लाखों भारतीयों के जीवन को सुरक्षित करने के लिए किसानों को धन्यवाद दिया और कहा कि 'ई-किसान उपज निधि' पहल के साथ प्रौद्योगिकी की सहायता से किसानों की भंडारण व्यवस्था सुगम होगी और किसानों को उपज का उचित मूल्य मिलने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ज्यादा किसानों, विशेषकर छोटे किसानों द्वारा गोदामों के उपयोग और उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डब्ल्यूडीआरए पंजीकृत गोदामों पर सुरक्षा जमा शुल्क जल्द ही कम किया जाएगा।

'ई-किसान उपज निधि'

श्री गोयल ने कहा डिजिटल गेटवे पहल खेती को आकर्षक बनाने के हमारे प्रयास में एक महत्वपूर्ण कदम है। बिना किसी संपत्ति को गिरवी रखे,अतिरिक्त सुरक्षा जमा नीति, 'ई-किसान उपज निधि' किसानों द्वारा संकट के समय में उपज बिक्री को रोक सकती है, जिन्हें फसल के बाद भंडारण की अच्छी रख-रखाव सुविधाएं न होने से फसल को सस्ती दरों पर बेचना पड़ता है।

चीन ने देश के रक्षा बजट में की 7.2% की बढ़ोतरी

चीन ने वर्ष 2024 के लिए रक्षा बजट को 7.2 प्रतिशत बढ़ा दिया है। इसे अब 19.61 लाख करोड़ रुपये किया है, जो भारत के रक्षा बजट से तीन गुना ज्यादा है। हालांकि चीनी सेना का बजट अब भी अमेरिका के बजट से 54 लाख करोड़ रुपए कम है। अमेरिका का रक्षा बजट लगभग 73 लाख करोड़ रुपए है। चीन ने रक्षा बजट ऐसे समय पर बढ़ाया है जब उसकी अर्थव्यवस्था काफी बुरे दौर से गुजर रही है। 2024 के लिए चीन का रक्षा खर्च पांच साल में सबसे ज्यादा है। चीन ने इस साल के लिए आर्थिक विकास का लक्ष्य 5 प्रतिशत सेट किया है।

भारत से रक्षा सहयोग बढ़ाएगा जर्मनी, अक्टूबर में होगी ज्वॉइंट मिलिट्री ड्रिल

जर्मनी सरकार अब भारत के साथ रक्षा क्षेत्र में रिश्ते में मजबूत करना चाहती है।भारत में जर्मनी के एंबेसडर फिलिप एकरमैन ने माना है कि पहले भारत के साथ डिफेंस रिलेशन्स को लेकर जर्मनी में हिचकिचाहट थी, अब ऐसा नहीं है।एकरमैन के मुताबिक जर्मनी अब नाटो के अलावा भी अपने डिफेंस रिलेशन मजबूत करना चाहता है। भारत और जर्मनी की सेनाएं इसी साल अक्टूबर में ज्वॉइंट मिलिट्री एक्सरसाइज भी करेंगी।एकरमैन ने दोनों देशों की रक्षा जरूरतों और साउथ चाइना सी को लेकर कहा अब हम भारत के साथ डिफेंस और स्ट्रैटेजिक अलायंस करना चाहते हैं। इसमें हथियार बिक्री और एडवांस्ड हार्डवेयर्स का ज्वॉइंट प्रोडक्शन शामिल है। इसमें सबमरीन भी शामिल हैं। इसका मकसद हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर में चीन का बढ़ता दबदबा है।

जर्मनी की सियासी सोच साफ है

जर्मन एंबेसडर ने कहा यह सही है कि शुरुआत में भारत के साथ डिफेंस कोऑपरेशन को लेकर जर्मनी हिचकिचा रहा था। लेकिन, अब वहां जर्मनी में भारत को लेकर साफ सियासी सोच है। इसके लिए दोनों देशों के मिलिट्री अफसर मिलेंगे। ज्वॉइंट मिलिट्री एक्सरसाइज होंगी, ज्वॉइंट वेपन प्रोग्राम शुरू होंगे और साइबर वॉरफेयर को लेकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जर्मनी के रुख में इस बड़े बदलाव की वजह दुनिया में सुरक्षा के बदलते हालात हैं। रूस और यूक्रेन की जंग भी बड़ी वजह है। उन्होंने कहाकि चीन के विस्तारवादी रवैये ने यूरोपीय देशों की परेशानी ज्यादा बढ़ाई है।

रक्षा सहयोगी बनाना चाहते हैं

फिलिप एकरमैन ने कहा कि अब हम नाटो के अलावा अपने रक्षा सहयोगी बनाना चाहते हैं। भारत देश इस क्षेत्र की बहुत बड़ी ताकत है इसलिए उसके साथ सहयोग बढ़ाने का विचार हमारी ओर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अन्य कई मसले ऐसे भी हैं, जिनमें दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं। अगर सहयोगी हों, तो आप कभी अकेले नहीं होते। इंडो-पैसेफिक में बेरोकटोक ट्रैवल के लिए जरूरी है कि हम वहां ताकतवर रहें।

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

विक्रमोत्सव 2024

विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नव जागरण और भारत विद्या पर एकाग्र

विक्रम सम्वत् 2080-81

1 मार्च से 9 अप्रैल 2024 | उज्जैन

महाशिवरात्रि पूर्व से वर्ष प्रतिपदा

अनादि पर्व
01 मार्च से 09 अप्रैल 2024 प्रतिदिन सायं 7:00 बजे
जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
स्थान- कालिदास अकादमी, उज्जैन

शिल्प मेला
01 मार्च से 09 अप्रैल 2024 प्रतिदिन सायं 7:00 बजे
स्थान - दशहरा मैदान उज्जैन
जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी

प्रदर्शनी
06 मार्च 2024
स्थान- बिड़ला भवन, देवास रोड, उज्जैन

आर्षभारत
भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परम्परा

विक्रमकालीन मुद्रा एवं मुद्रांक
सहयोग - अश्विनी शोध संस्थान

श्रीकृष्ण : होली पर्व **श्रीकृष्ण : चौंसठ कलाएँ**
मालवा की चितरावन शैली में

लघु चित्रों में श्रीकृष्ण की छवियाँ
जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी

चौरासी महादेव प्रदर्शनी
जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
स्थान- त्रिवेणी संग्रहालय

मंदिरों में प्रभु श्रृंगार प्रतियोगिता
महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति

शिव-दुर्गा नृत्य नाटिका
07 मार्च 2024 रात्रि 8:00 बजे
प्रख्यात अभिनेत्री - नृत्यांगना
हेमा मालिनी एवं दल की प्रस्तुति
स्थान-पॉलीटेक्निक ग्राउण्ड

नमामि महादेव/शंखनाद
08 मार्च 2024 रात्रि 8:00 बजे
लोकप्रिय पार्श्व गायक
अमित त्रिवेदी एवं दल
स्थानीय संगीतिक प्रस्तुति एवं लेजर शो
स्थान-पॉलीटेक्निक ग्राउण्ड

लोकरंजन - बोलियों का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
10 मार्च 2024 समय - 7:00 बजे
पद्मश्री अवधकिशोर जड़िया, हरपालपुर (बुंदेली/अवधी)
बाबू बंजारा, कोटा (राजस्थानी) । डॉ. धनंजय मिश्र, जम्मू (भोजपुरी)
राजेश रावल सुशील, गौंसा (मालवी) । डॉ. मयंक मंदोरिया, इंदौर (मालवी)
डॉ. शैलेन्द्र चोकड़े, सनावद (निमाड़ी) । ओम बैरागी, उन्हेल (मालवी)
नीरज निखिल, कन्नौद (मालवी)। अशोक भाटी, उज्जैन
दिनेश दिग्गज, उज्जैन (सूत्रधार)
स्थान- त्रिवेणी संग्रहालय, उज्जैन

11-17 मार्च 2024
श्रीकृष्णलीलामृत
स्थान- कालिदास अकादमी, उज्जैन। सायं 7:00 बजे
जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी

11 मार्च 2024
भक्ति गायन:श्रीकृष्ण केन्द्रित
रत्नु जयदीप हेमुदन- गुजरात

बरेदी लोक नृत्य
मनीष यादव एवं दल- सागर

श्रीकृष्ण नृत्य-नाट्य प्रस्तुति
निर्देशक-शिरीष राजपुरोहित- उज्जैन

12 मार्च 2024
भक्ति गायन
आस्था गोस्वामी एवं दल, वृन्दावन

डांडिया रास
पंडित खेमिल भोजाभाई- गुजरात

श्रीकृष्ण नृत्य-नाट्य प्रस्तुति
निर्देशक- शिरीष राजपुरोहित- उज्जैन

13 मार्च 2024
भक्ति गायन
संगीता गोस्वामी, भोपाल

जय माँ यमुना एवं दशावतार - ओडिसी नृत्य
कविता द्विवेदी- दिल्ली

श्रीकृष्ण नृत्य-नाट्य प्रस्तुति
निर्देशक- शिरीष राजपुरोहित- उज्जैन

14 मार्च 2024
बाँसुरी वादन
चेतन जोशी- नोएडा

लीला गोविन्दम-सत्रिया रास
अनिता शर्मा - आसाम

श्रीकृष्ण-गोटिपुआ नृत्य
चंद्रमणिप्रधान-पुरी

15 मार्च 2024
शंखध्वनि
राजेन्द्र महापात्र-ओडिशा

कंस वध-कथक शैली में
रितुश्री चौधरी- दिल्ली

होली- मयूर एवं चरखुला
जया सक्सेना- मथुरा

संगोष्ठी

11 मार्च 2024
विषय : श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रहस्य
वक्ता - प्रो. कृष्णचंद्र गोस्वामी, वृन्दावन
स्थान - कालिदास अकादमी, उज्जैन

12 मार्च 2024
विषय : श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रहस्य
वक्ता - डॉ. हरेराम वाजपेयी, इंदौर
स्थान - विक्रम यूनिवर्सिटी, उज्जैन

13 मार्च 2024
विषय : श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रहस्य
वक्ता - प्रो. श्यामदेव मिश्र, लखनऊ
स्थान - त्रिवेणी संग्रहालय, उज्जैन

14 मार्च 2024
विषय : श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रहस्य
वक्ता - प्रो. विंध्येश्वरी प्रसाद मिश्र
स्थान - पाणिनि यूनिवर्सिटी, उज्जैन

15 मार्च 2024
विषय : श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रहस्य
वक्ता - प्रो. मधुसूदन पैन्ना, नागपुर
स्थान - कालिदास अकादमी, उज्जैन

16 मार्च 2024
गोण्ड ठाट्या नृत्य
मिलाप इवने एवं दल- बैतूल

श्रीजगन्नाथ प्राकट्य लीला
भंदिरा ट्री थियेटर ग्रुप- मुम्बई

पिया सांवरे
निर्देशक - राजीव सिंह, भोपाल

17 मार्च 2024
अहिराई लाठी नृत्य- मध्यप्रदेश
संतोष कुमार यादव एवं दल- सीधी

श्रीजगन्नाथ प्राकट्य लीला
भंदिरा ट्री थियेटर ग्रुप- मुम्बई

राष्ट्रीय विज्ञान समागम
18-19 मार्च 2024
सहयोग- म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उच्च शिक्षा विभाग
स्थान-विक्रमकीर्ति मंदिर/डॉगला/ कालिदास अकादमी, उज्जैन

महादेव शिल्प कला कार्यशाला
01 अप्रैल 2024 से निरंतर
स्थान-उज्जैन हाट परिसर

पौराणिक फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय महोत्सव
01-06 अप्रैल 2024
हिन्दी, भारतीय एवं विश्व भाषाओं- आसियान, दक्षिण अमरीका, अफ्रीकी देशों की पौराणिक फिल्मों का प्रदर्शन
स्थान- त्रिवेणी संग्रहालय, उज्जैन

विक्रम नाट्य समारोह
01-08 अप्रैल 2024 प्रतिदिन- रात्रि 8:00 बजे
स्थान- कालिदास अकादमी परिसर

01 अप्रैल 2024	रानी दुर्गावती(नृत्य- नाट्य)-	श्री सुमन साहा, कोलकाता
02 अप्रैल 2024	कर्ण	- अशोक बांठिया
		- कुलविंदर सिंह, मुम्बई
03 अप्रैल 2024	अंधा युग	- बालेन्द्र सिंह, भोपाल
04 अप्रैल 2024	हमारे राम	- आशुतोष राणा, मुम्बई
05 अप्रैल 2024	अवंती शौर्य	- सतीश दवे, उज्जैन
06 अप्रैल 2024	कृष्णायन	- संजीव मालीराव, उज्जैन
07 अप्रैल 2024	अवंतीबाई	- संजय गर्ग, जबलपुर
08 अप्रैल 2024	श्रीकृष्ण	- टीकम जोशी, उज्जैन

वेद अंताक्षरी
07-08 अप्रैल 2024
विश्व पटल पर अवंतिका विषय पर विमर्श
सहयोग - अनुष्ठान मण्डपम- ज्योतिष अकादमी, उज्जैन
स्थान-गुमानदेव हनुमान मंदिर, उज्जैन

दैवज्ञ सम्मान समारोह
07 अप्रैल 2024
वराहमिहिर सम्मान 2024 एवं ज्योतिष संगोष्ठी
पूर्णश्री फाउण्डेशन, उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय इतिहास समागम
07-09 अप्रैल 2024
सहयोग - विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नईदिल्ली
स्थान - विक्रम कीर्ति मंदिर, उज्जैन

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
08 अप्रैल 2024 रात्रि : 7:30 बजे
स्थान- घण्टा घर चौराहा, उज्जैन

संगोष्ठी- विश्व ज्योतिष उत्सव
08-09 अप्रैल 2024
पूर्णश्री फाउण्डेशन, उज्जैन

09 अप्रैल 2024
सूर्योपासना
स्थान-विप्रातट, उज्जैन
सहयोग - नवसम्वत्सर अभिनंदन समारोह समिति

महाकाल शिवज्योति अर्पणम्
25 लाख दीपों का अर्पण
सृष्टि आरंभ दिवस, पिंगल सम्वत्सर का शुभारंभ

उज्जयिनी गौरव दिवस
09 अप्रैल 2024 रात्रि 8:00 बजे
सुप्रसिद्ध गायक
जुबिन नौटियाल एवं उनके दल की
सांस्कृतिक प्रस्तुति, भव्य आतिशबाजी
स्थान-रामघाट नदी का तट, उज्जैन

विक्रम विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन
स्थान-विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

D-11225/R-49577/2024

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

INVEST MADHYA PRADESH
REGIONAL INDUSTRY CONCLAVE
1-2 March, 2024 - Ujjain

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन का प्रतिष्ठा आयोजन, जिला प्रशासन उज्जैन

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक - संदीप यादव, मुद्रक - संदीप यादव द्वारा मेसर्स डी.वी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।